* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.com

02 सितंबर, 2022
भद्रपद, शुक्ल पक्ष, षष्ठी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शुक्रवार, वर्ष 07, अंक 313

कलम कलम बढ़ाये जा
आजाद सिपाही

अब गंगा नदी में चलेंगे लग्जरी क्रूज, कोलकाता से काशी तक कर सकते हैं सफर

सियासत तेज : राजभवन के फैसले का इंतजार, सरकार खुद को कर रही तैयार

विधानसभा का विशेष सत्र 5 को, कैबिनेट से मिली मंजूरी

- मुख्यमंत्री के विश्वास मत साबित करने की चर्चा
- पुरानी पेंशन योजना समेत 25 प्रस्तावों पर मुहर

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सरकार ने 5 सितंबर को विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया है। कैबिनेट ने इस पर मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई कैबिनेट की बैठक में 25 प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी। इसमें एक महीने के लिए चार्टेड विमान के लिए 2.06 करोड़ रुपये स्वीकृत किये गये। इसके अलावा 1 सितंबर से राज्यकर्मियों के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू कर दी गयी है। बैठक के बाद कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने बताया कि 5 सितंबर को झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र आहूत किया जाएगा। इससे पहले एक अन्य प्रस्ताव के माध्यम से 29 जुलाई से 5 अगस्त तक आहूत मॉनसून सत्र के सत्रावासन के प्रस्ताव को स्थगित करने के प्रस्ताव को वापस लेने का निर्णय लिया गया। वहीं मॉनसून सत्र को ही विस्तारित करते हुए 5 सितंबर को विशेष सत्र आहूत करने का फैसला लिया गया।

झारखंड में जारी सियासी संकट के बीच विशेष सत्र बुलाने को लेकर राजनीतिक गलियारे में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। माना जा रहा है कि इसके जरिए सोरेन सरकार दिल्ली की केजरीवाल सरकार की तरह खुद ही विधानसभा में विश्वास मत पारित कर सकती है। हालांकि अभी इसके बारे में अधिकारिक रूप से कुछ भी नहीं कहा जा रहा है। केवल इतना बताया जा रहा है कि एक दिन का मानसून सत्र छूट गया था जिसे 5 सितंबर को बुलाया गया है।

कैबिनेट के अन्य बड़े फैसले

- सहायक पुलिस कर्मी के सेवा अवधि को एक साल का विस्तार दिया गया।
- राज्य के 89 मॉडल स्कूल में छात्रों के खाली सीट पर नामांकन की स्वीकृति
- स्वास्थ्य विभाग के तहत पारा मेडिकल कर्मी के नियुक्ति नियमावली 2018 में संशोधन की स्वीकृति।
- पंचायत पद पर होगी बहाली।
- फिंगर प्रिंट सेवा नियमावली मंजूर।
- नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय में 145 पदों पर बहाली होगी।
- ग्राम रक्षा दल के सदस्य होंगे बहाल।

अब असाध्य रोग में मिलेंगे 10 लाख, सूची में 17 बीमारियां शामिल

कैबिनेट की बैठक में एक महीने के वीवीआइपी और वीआइपी के लिए झारखंड से बाहर की यात्रा के लिए चार्टेड विमान किराये पर लेने के लिए 2.06 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गयी है। साथ ही मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना की राशि 10 लाख करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। पहले यह राशि 5 लाख रुपये थी। इसके अलावा इस योजना के तहत असाध्य रोगों की सूची में कई अन्य बीमारियों को भी जोड़ा गया है। अब असाध्य रोगों की संख्या 4 से बढ़ा कर 17 करते हुए सूचीबद्ध किया गया है।

1 सितंबर से पुरानी पेंशन योजना का मिलेगा लाभ

एक अन्य महत्वपूर्ण प्रस्ताव बैठक में पुरानी पेंशन योजना के संबंध में तैयार एसओपी को मंजूरी दी गयी। उन्होंने बताया कि विगत 15 जुलाई को हुई कैबिनेट की बैठक में नयी अंशदायी पेंशन योजना की जगह पुरानी पेंशन योजना को लागू करने का निर्णय लिया गया है और इसके लिए एसओपी बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी थी। आज की बैठक में एसओपी को स्वीकार कर लिया गया और पुरानी पेंशन योजना का लाभ 1 सितंबर 2022 के प्रभाव से राज्य कर्मियों को मिलेगा।

मुख्यमंत्री के मामले में लिया जायेगा शीघ्र फैसला : गवर्नर

राज्यपाल से मिला यूपीए का प्रतिनिधिमंडल, मिला आश्वासन

- प्रतिनिधिमंडल ने सीएम की सदस्यता पर स्थिति स्पष्ट करने की रखी मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड में सियासी संकट के बीच यूपीए का एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को राज्यपाल रमेश बैस से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने 'ऑफिस ऑफ प्रॉफिट मामले' में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सदस्यता पर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्राप्त मंतव्य के संदर्भ में चर्चा की। उन्होंने इस संदर्भ में राज्यपाल से स्थिति स्पष्ट करने का आग्रह किया। राज्यपाल ने प्रतिनिधिमंडल को शीघ्र ही समुचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। राज्यपाल से मिलने गये प्रतिनिधिमंडल में गीता कोड़ा, विजय हांसदा, जोबा मांझी, सुप्रियो भट्टाचार्य, विनोद पांडे, बंधु तिर्की और धीरज साहू शामिल थे।

राज्यपाल को 5 पन्ना का ज्ञापन सौंपा : कांग्रेस सांसद गीता कोड़ा ने राजभवन से बाहर निकलने के बाद मीडिया को बताया कि राजभवन की ओर से बताया गया है कि राज्यपाल अभी कानूनी सलाह ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिनिधिमंडल की ओर से राज्यपाल को पांच पन्नों का भापन सौंपा गया है, जिसमें कहा गया है कि 25 अगस्त से ही मीडिया में चर्चा है कि राज्यपाल ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की विधानसभा की सदस्यता रद्द कर दी है। लेकिन, राजभवन से अब तक कोई जानकारी सार्वजनिक नहीं हुई है। ज्ञापन के साथ अखबारों में प्रकाशित खबरों की प्रति भी दी गयी है। ज्ञापन पर प्रतिनिधिमंडल में शामिल नेताओं के हस्ताक्षर के अलावा यूपीए के 26 विधायकों के हस्ताक्षर हैं।

खबरें लीक होने की वजह से अस्थिरता : झामुमो के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि राज्यपाल को सौंपी गयी चिट्ठी में कहा गया है कि आपके कार्यालय से एक खास तथ्य के लीक होने की वजह से झारखंड में अस्थिरता का माहौल है। राजनीतिक जगत से लेकर प्रशासनिक जगत तक में अनिश्चय की स्थिति है। आपके कार्यालय की ओर से सही जानकारी सार्वजनिक नहीं किये जाने की वजह से राज्य की एक चुनी हुई सरकार को अस्थिर करने की साजिश हो रही है।

भाजपा मांग रही है मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का इस्तीफा : सूत्रों के मुताबिक सौंपे गये ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि राजभवन की ओर से केंद्रीय निर्वाचन आयोग को जो रिपोर्ट दी गयी है, उसके बारे में अब तक कोई सार्वजनिक घोषणा नहीं हुई है। उधर, राज्य का सबसे बड़ा विपक्षी दल भाजपा ने इस रिपोर्ट के बारे में सार्वजनिक घोषणा कर दी है। इसी आधार पर वह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का इस्तीफा मांग रही है। इतना ही नहीं, राज्य में मध्यावधि चुनाव की संभावना भी जताने लगी है।

हेमंत सोरेन की सदस्यता पर राजभवन स्थिति स्पष्ट करे : सूत्रों के मुताबिक पत्र में कहा गया है कि आपको मालूम है कि मुख्यमंत्री की सदस्यता रद्द होने का सरकार पर कोई असर नहीं पड़ने वाला है, क्योंकि झामुमो, कांग्रेस और राजद गठबंधन के पास पूर्ण बहुमत है। इसलिए बहुत भारी मन से हम आग्रह करते हैं कि निर्वाचन आयोग की सिफारिश पर राजभवन ने जो निर्णय लिया है, उसके बारे में स्थिति जल्द से जल्द स्पष्ट करें। राज्यपाल से मुलाकात के बाद सुप्रियो ने कहा कि राज्यपाल ने कहा है कि चुनाव आयोग से चिट्ठी मिली है। इस पर 1-2 दिन में कानूनी सलाह लेकर इस पर स्थिति स्पष्ट कर दी जायेगी।

राजभवन ने जारी किया विज्ञप्तिः राज्यपाल के साथ यूपीए के प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात के बारे में राजभवन ने एक फोटो के साथ छोटी सी विज्ञप्ति जारी की है। फोटो में प्रतिनिधिमंडल द्वारा ज्ञापन सौंपते हुए दिखाया गया है। इस बारे में लिखा गया है कि यूपीए का प्रतिनिधिमिंडल के साथ 'ऑफिस ऑफ प्रॉफिट मामले' में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सदस्यता पर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्राप्त मंतव्य के संदर्भ में चर्चा हुई। शिष्टमंडल ने स संदर्भ में शीघ्र ही स्थिति स्पष्ट करने का आग्रह किया है। गया। राज्यपाल ने प्रतिनिधिमंडल को शीघ्र ही समुचित कार्रवाई करने हेतु आश्वस्त किया।

SURJABASHA

FLORENCE
Group of Institutions
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219 (Jharkhand)
Admission OPEN
PLACEMENT Assistance Scholarship Facility Available
NURSING ANM GNM POST BASIC B.SC. BASIC B.SC. M.SC.
PARAMEDICAL DRESSERS DMLT ECG X-RAY OPHTHALMIC ASST. OT ASSISTANT
PHARMACY D-PHARM
Separate Hostel For Boys And Girls
M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com

दलबदल मामले में बाबूलाल ने हाइकोर्ट में दायर की याचिका

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड हाइकोर्ट में गुरुवार को भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने दलबदल मामले में रिट याचिका दायर की है। उन्होंने कहा है कि दलबदल मामले में स्पीकर कोर्ट में नियमानुसार सुनवाई नहीं हुई है। न्यायाधिकरण ने उनकी गवाही और बहस सुने बिना ही केस को जजमेंट पर रख दिया है। बाबूलाल मरांडी की ओर से सीनियर एडवोकेट राजीव शर्मा ने याचिका पर जल्द सुनवाई के लिए जस्टिस राजेश शंकर की अदालत में विशेष मेंशन किया है। बता दें कि दलबदल मामले में कुल सात मामले स्पीकर के यहां लंबित हैं। इसमें चार सत्ता पक्ष और तीन भाजपा की ओर से आवेदन दाखिल की गयी है। इस मामले में 30 अगस्त को सुनवाई खत्म हो गयी है।

खुलासा : अंकिता की हत्या के आरोपी नईम पर खुलासा, नाबालिग बोली

मुझे भी दुबई में बेचने की धमकी दी, धर्म बदलने का दबाव बना रहा था

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची/दुमका। अंकिता हत्याकांड के मुख्य आरोपी शाहरुख के सहयोगी नईम की गिरफ्तारी के बाद अब कई खुलासे हो रहे हैं। बुधवार को पुराना दुमका की रहने वाली एक नाबालिग मीडिया के सामने आयी।

लड़की ने बताया कि नईम उस पर धर्म बदलकर निकाह करने का दबाव बना रहा था। मना करने पर अपने दुबई वाले भाई को बेचने की धमकी देता था। कुछ दिन बाद ही इन्होंने अंकिता को जला कर मार दिया।

मेरा परिवार खौफ में है : पीड़ित लड़की ने कहा कि घटना पिछले साल की है। वह कोचिंग जाना-आना करती थी। उस समय नईम ना सिर्फ उसके साथ छेड़खानी किया करता था, बल्कि उसकी बात नहीं मानने पर पूरे परिवार को बर्बाद करने की धमकी देता था। फोन नंबर मांगता था।

पीड़िता ने बताया कि एक दिन मैं घर के सामने गली में खड़ी थी, तब नईम ने मुझे अगवा कर लिया। एक कमरे में बंद कर दिया। बाद में परिजनों की शिकायत पर दुमका पुलिस ने मुझे छुड़ाया। पोक्सो एक्ट के तहत नईम जेल भेजा गया था, लेकिन जब वह जमानत पर छूटा तो मेरे परिवार को केस उठा लेने की धमकी देने लगा। इस बीच, अंकिता को जलाकर मार देने की घटना सामने आयी। इसमें भी नईम शामिल है, यह सुनने के बाद मेरा परिवार खौफ में है।

दुमका का कोई वकील नहीं लड़ेगा केस: जिला बार एसोसिएशन

दुमका की बेटी पर पेट्रोल छिड़ककर जलाने वाले शाहरुख हुसैन और मो. नईम का केस दुमका का कोई वकील नहीं लड़ेगा। यह निर्णय डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन ने लिया है। दुमका डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के सचिव राकेश कुमार यादव ने बताया कि गुरुवार को एक बैठक बुलायी गयी, जिसमें सामूहिक रूप से फैसला लिया है कि कोई भी अधिवक्ता दोनों आरोपी युवक का केस नहीं लड़ेंगे और न ही उनकी कोई पैरवी करेंगे। उन्होंने कहा कि यह एक जघन्य अपराध है। समाज में इसकी पुनरावृत्ति न हो इसे लेकर ही हमने यह निर्णय लिया है।

60 रुपये के पेट्रोल से अंकिता को जलाया

पुलिस सूत्रों के अनुसार अंकिता हत्याकांड में नईम की भूमिका भी महत्वपूर्ण रही है। उसी ने शाहरुख को ऐसा करने के लिए उकसाया। घटना की रात उसने खुद 60 रुपये का पेट्रोल खरीद कर शाहरुख को दिया था।

पुलिस ने पोक्सो एक्ट की धाराएं जोड़ीं

अंकिता की मौत के बाद दुमका पुलिस ने पोक्सो एक्ट की धाराएं जोड़ी हैं। इससे पहले पुलिस ने अंकिता की उम्र 19 साल बतायी गयी थी। जिसे अब सुधार कर 15 साल किया गया है। इसके बाद पोक्सो एक्ट की धाराएं लगायी गयी हैं।

हमला : केरल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साधा विपक्ष पर निशाना, बोले

भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए हो रहे एकजुट

आजाद सिपाही संवाददाता

कोच्चि। प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्षी दलों पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचारियों पर कड़ी कार्रवाई राष्ट्रीय राजनीति में एक नया ध्रुवीकरण कर रही है। कुछ राजनीतिक दल खुलेआम भ्रष्टाचारियों को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। पीएम मोदी दो दिन के दौरे पर केरल पहुंचे हैं। एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार ही देश के विकास में सबसे बड़ी बाधा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय राजनीति में नया ध्रुवीकरण हुआ है। देश के लोग यह सब देख रहे हैं और इसके गवाह हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में लोग भाजपा की ओर नयी उम्मीदों के साथ देख रहे हैं। उन्हें इस बात का अहसास हो गया है कि भाजपा ही देश और राज्य में बदलाव ला सकती है।

अपने भाषण के दौरान प्रधानमंत्री ने किसी राजनीतिक दल या व्यक्ति का नाम नहीं लिया। हालांकि साफ है कि उनका इशारा कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस की तरफ था। हाल ही में टीएमसी के पार्थ चटर्जी और अनुब्रत मंडल भ्रष्टाचारा के आरोपों के चलते जेल चले गए हैं। वहीं ममता बनर्जी लगातार एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगा रही हैं। हाल ही में राहुल गांधी और सोनिया गांधी को भी ईडी ने पूछताछ के लिए बुलाया था जिसके बाद कांग्रेस नेता सड़क पर उतर आए थे।

मोदी ने कहा, सरकार की प्राथमिकता है कि लोगों को मूलभूत वस्तुएं उपलब्ध करवाई जाएं और आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जाये। केंद्र की सरकार गरीबों को घर देने का प्रयास कर रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत केरल में दो लाख लोगों को आवास दिया जाना है जिनमें से 1.3 लाख पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने केरल में कई परियोजनाओं के लिए 1 लाख करोड़ रुपये खर्च कर रही है। लक्ष्य यह है कि हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज खोला जाये, जिससे युवाओं को लाभ मिले।

आज नौ सेना को सौपेंगे 'आइएनएस विक्रांत'

नयी दिल्ली। भारतीय नौसेना को दो सितंबर को अपना पहला स्वदेशी एयरक्राफ्ट कैरियर 'आइएनएस विक्रांत' मिल जायेगा। पीएम नरेंद्र मोदी खुद इस विमानवाहक पोत को सेवा के लिए नौसेना को सौंपेंगे। विक्रांत भारत में बना सबसे बड़ा युद्धपोत है। कोचिन शिपयार्ड में बने आइएनएस विक्रांत की लंबाई 262 मीटर और चौड़ाई करीब 62 मीटर है। यह 59 मीटर ऊंचा है और इसकी बीम 62 मीटर की है। युद्धपोत में 14 डेक हैं और 1700 से ज्यादा क्रू को रखने के लिए 2300 कंपार्टमेंट्स हैं।



Deals in :
All types of CP Bath fitting,
Pumps, Sanitaryware,
Pipes & fitting
YASH ENTERPRISES
J.J. Road, Beside, Deepak Trading, Upper Bazar, Ranchi-01
Ratan Prasad
Mob. : 9835901322, 9709082614

आजाद सिपाही
187200 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1 Channel

सर्राफा

सोना (बिक्री)	47,500 रु./10 ग्राम
सोना (खरीद)	44,500 रु./10 ग्राम
चांदी	56,000 रु./प्रति किलो

विपक्ष का मिशन 2024 यानी प्रथमे ग्रासे मच्छिका पात

केसीआर ने बिहार पहुंच कर नीतीश को खूब लुभाया पर पीएम उम्मीदवारी पर साध ली चुप्पी

आजाद सिपाही विशेष

तेलंगाना के मुख्यमंत्री और विपक्ष के मिशन 2024 के मुख्य किरदार के चंद्रशेखर राव का विपक्षी एकता के लिए उठाया गया पहला कदम ही लड़खड़ा गया। पटना में उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव में विपक्ष को एकजुट करने की कोशिश की और 'भाजपा मुक्त भारत' के लिए गैर भाजपा दलों को एकजुट होने का आग्रह किया। हालांकि अपनी इस यात्रा के दौरान उन्होंने सबसे मुश्किल हिस्से को छोड़ दिया। उनसे जब पूछा गया कि क्या अगले लोकसभा चुनाव में नीतीश कुमार विपक्ष की तरफ से प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार होंगे, तो उन्होंने इसका सीधा जवाब नहीं दिया। केसीआर ने कहा कि नीतीश कुमार देश भर में सबसे वरिष्ठ और सबसे अच्छे नेताओं में से एक हैं। हम बाद में इन चीजों को तय कर सकते हैं। उनका यह बयान आते ही नीतीश कुमार खड़े हो गये और प्रेस कांफ्रेंस छोड़ कर जाने के लिए तैयार हो गये। केसीआर ने उनका हाथ पकड़ कर उन्हें बैठाया, लेकिन इस छोटी सी घटना ने साफ कर दिया कि विपक्ष की एकजुटता के रास्ते में अभी कई चुनौतियां हैं। केसीआर, ममता बनर्जी के साथ भाजपा के लिए खड़े अधिक मुखर क्षेत्रीय चेहरों में से एक हैं। वह राष्ट्रीय स्तर पर एक गैर कांग्रेसी, गैर भाजपा संघीय मोर्चे की वकालत करते रहे हैं। केसीआर अपने पटना दौरे में इतने रिजर्व नजर आये कि उन्होंने किसी भी सवाल का सीधा जवाब नहीं दिया। यह पूछे जाने पर कि क्या उनके प्रस्तावित मोर्चे में कांग्रेस भी शामिल होगी, उन्होंने कहा, इन मुद्दों पर समय आने पर निर्णय लिया जायेगा। हम जल्दबाजी में नहीं हैं। कुल मिला कर केसीआर का बिहार दौरा विपक्षी एकता के लिए पहल करने की बजाय इसमें दरार ही डाल गया। इस प्रकरण के बाद अब नीतीश के सामने क्या रास्ता है और उसका क्या असर होगा, इसका विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।

राकेश सिंह

एकता के लिए बढ़ाये गये पहले कदम पर ही लड़खड़ाये गैर भाजपाई दल

संस्कृत में एक कहावत है, प्रथमे ग्रासे मच्छिका पातः यानी पहले ही कौर में मक्खी गिर गयी। हिंदी में इस कहावत को एक हद तक ‘सिर मुंडाते ही ओले पड़े’ से जोड़ा जा सकता है। संस्कृत की कहावत इस समय दुनिया को लोकतंत्र का पाठ पढ़ानेवाले बिहार की यात्रा पर आये तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के बयान से बखूबी जोड़ा जा सकता है। केसीआर साल 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले विपक्ष को एकजुट करने के मकसद से पटना आये थे। अपनी यात्रा के क्रम में उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव से मुलाकात की और विपक्ष के मिशन 2024 की रणनीति पर चर्चा की। लेकिन इस यात्रा के अंत में उनके प्रेस कांफ्रेंस में हुई एक घटना ने एक बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। बड़ा सवाल यह है कि क्या वाकई ऐसा कोई नया समीकरण बन रहा है और अगर यह मान भी लें कि वह बन जायेगा, तो क्या कोई गुल खिला भी पायेगा, क्योंकि फिलहाल तो विपक्ष के हर नेता की अपनी ढपली और अपना राग है। इतना ही नहीं, जो नीतीश कुमार अब तक खुद को पीएम मोदी के सामने सबसे बड़ी चुनौती बनने का सपना पाले हुए थे, केसीआर ने तो उनका नाम भी नहीं लिया। हालांकि मोदी सरकार को चुनौती देने की कसरत कर रहे विपक्षी नेताओं ने इस मुलाकात को दक्षिण और उत्तर भारत की एकता का मिलन बताया है, लेकिन भाजपा ने तंज कसा है कि दिन में सपना देखने वाले दो नेताओं की यह ऐसी मुलाकात है, जो अपने-अपने राज्य में जनाधार खो रहे हैं। उधर मुंबई में एनसीपी सुप्रीमो शरद पवार ने एक बार फिर विपक्षी एकता की वकालत करते हुए कहा है कि मोदी सरकार के खिलाफ सभी को एक साथ आना होगा। एक न्यूनतम साझा कार्यक्रम के तहत सभी को एक साथ आने और मोदी सरकार का मुकाबला करने के बारे में सोचना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि कॉमन मिनिमम प्रोग्राम के तहत एक साथ चुनाव लड़ने पर विचार कर सकते हैं।

लेकिन सवाल फिर वही है कि शरद पवार के इस सुझाव को क्या समूचा विपक्ष इतनी आसानी से मान लेगा? इसलिए कि हर नेता की पीएम पद का उम्मीदवार बनने की अपनी महत्वाकांक्षा होने के साथ ही दूसरे दल से आपसी मतभेद भी हैं। तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी की कांग्रेस से खुंदक है, तो वामपंथी दलों को ममता का साथ पसंद नहीं है। दूसरी बात यह भी कि पीएम मोदी से मुकाबले के लिए चुनाव से काफी पहले ही संयुक्त विपक्ष को पीएम पद के लिए अपने उम्मीदवार के नाम का एलान करना होगा। वह कौन होगा और किस पार्टी से होगा, इस पर ही आम सहमति बनाने में विपक्ष को इतनी माथापच्ची करनी पड़ेगी कि उसके मतभेद उजागर होने में ज्यादा वक्त नहीं लगेगा। वह इसलिए कि इस पर कांग्रेस और टीएमसी तो दावा करेगी ही, लेकिन अब नीतीश कुमार भी इस रेस में शामिल होते दिख रहे हैं। वे भले ही बयान देते रहें कि वे इस दौड़ में शामिल नहीं हैं, लेकिन केसीआर से हुई उनकी इस मुलाकात को सियासी गलियारों में उसी तैयारी के रूप में देखा जा रहा है कि दक्षिणी राज्यों के विपक्षी दलों को भी उनके नाम पर ऐतराज नहीं है। हालांकि केसीआर ने इस मुद्दे पर कोई साफ जवाब नहीं दिया और ‘बाद में तय होगा’ का रटा-रटाया जवाब देकर नीतीश के सपने को चकनाचूर कर गये।

2024 पर है नीतीश कुमार की नजर

इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि नीतीश की नजर 2024 के आम चुनाव और 2025 के विधानसभा चुनाव पर है। नीतीश जानते हैं कि विपक्ष के पास नरेंद्र मोदी से टकरानेवाला कोई सर्वमान्य नेता फिलहाल नहीं है। ममता बनर्जी और तेलंगाना के के चंद्रशेखर राव जरूर इस दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहे हैं, लेकिन वे अब तक सर्वमान्य नहीं बन सके हैं। हिंदी पट्टी से राहुल गांधी का नाम जरूर लिया जा सकता है, लेकिन वह खुद इन दिनों जिस तरह घिरते जा रहे हैं, उससे नहीं लगता कि 2024 में वह विपक्ष का चेहरा बनने की स्थिति में होंगे। अखिलेश यादव तो यूपी चुनाव के बाद जिस हताशा के दौर से गुजर रहे हैं, उससे बाहर निकलना फिलहाल संभव नहीं दिखता। इसलिए नीतीश की मंशा यह भी हो सकती है कि विपक्ष के चेहरे के रूप में अब उनकी चर्चा शुरू हो। इसके अलावा, नीतीश कुमार भाजपा की मजबूरी से भी वाकिफ हैं। भाजपा के लिए कम से कम 2024 के आम चुनाव तक नीतीश का साथ जरूरी है, क्योंकि बिहार की 40 लोकसभा सीटों में से एनडीए को पिछली बार 39 सीटें मिली थीं। बिहार चंद बड़े राज्यों में से एक है, जहां भाजपा को 2024 में केंद्र की सत्ता में लगातार तीसरी बार काबिज होने के लिए अच्छे प्रदर्शन की दरकार है और नीतीश के साथ नहीं होने से इस पर असर पड़ सकता है। नीतीश यह भी जानते हैं कि राजनीति में कुछ भी असंभव नहीं है। 2015 और 2020 के विधानसभा चुनावों में दोनों बार उनके सहयोगी दलों को उनकी पार्टी से ज्यादा सीटें आयीं, लेकिन दोनों बार नीतीश ही गठबंधन सरकार के मुखिया बने। यही वह शक्ति है, जो नीतीश को कम से कम बिहार की राजनीति में अपने सहयोगी और विरोधियों से एक साथ ‘माइंड गेम’ खेलने की सहूलियत प्रदान कर रही है। हालांकि जदयू के नेता संख्याबल का हवाला देकर इस संभावना से इनकार करते हैं कि नीतीश आगामी चुनाव में साझा विपक्ष के प्रधानमंत्री उम्मीदवार होंगे, लेकिन वे यह कहने से भी गुरेज नहीं करते कि नीतीश अपने विकास कार्यों के ट्रैक रिकॉर्ड के कारण ‘पीएम मटेरियल’ हैं।

विपक्ष की एकजुटता में आने वाली ऐसी तमाम अड़चनों की हकीकत जाने बगैर उसके नेता तमाम तरह के दावे कर रहे हैं। जदयू के मुख्य प्रवक्ता और बिहार विधान परिषद सदस्य नीरज कुमार ने कहा, भाजपा को हराने के लिए यह दक्षिण और उत्तर के बीच एकता होगी। केसीआर निस्संदेह दक्षिण के एक प्रमुख नेता हैं और भाजपा के खिलाफ एक महत्वपूर्ण आवाज हैं। नीतीश कुमार में विपक्ष को नयी उम्मीद नजर आ रही है। दोनों नेताओं के बीच बैठक का राष्ट्रीय असर होना तय है। वहीं राजद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिवानंद तिवारी ने भी जदयू के सुर में सुर मिलाते हुए कहा, केसीआर और नीतीश के बीच बैठक निश्चित रूप से महत्वपूर्ण है। विपक्ष के बीच एकता कायम करने में दोनों नेताओं की अहम भूमिका होगी। एनडीए से नीतीश का बाहर आना, हाल के दिनों में भाजपा के लिए सबसे बड़ा झटका है। पार्टी के प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने तो एलान ही कर दिया कि 2024 के लोकसभा चुनाव में नीतीश कुमार और नरेंद्र मोदी के बीच मुकाबला होगा। उनका दावा है कि नीतीश के नाम पर विपक्ष के सभी दल सहमत होंगे, लेकिन भाजपा ने साफ कर दिया कि ऐसी मुलाकातों से उसकी सियासी सेहत पर कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। पूर्व डिप्टी सीएम और भाजपा सांसद सुशील कुमार मोदी ने दोनों नेताओं की मुलाकात पर तंज कसते हुए कहा कि ये अपने-अपने राज्यों में जनाधार खो रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद दोनों नेता प्रधानमंत्री बनने की लालसा कर रहे हैं। मोदी के मुताबिक यह दिन में सपना देखने वाले दो नेताओं की मुलाकात है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने कहीं नहीं ठहरते।

इस तरह केसीआर की यह पहल शुरूआत में ही विवादों में घिरती नजर आ रही है। केसीआर खुद को एनटी रामाराव का शिष्य बताते हैं और नेशनल 1989 में नेशनल फ्रंट के गठन में एनटीआर की भूमिका से खुद को जोड़ रहे हैं। लेकिन वह भूल रहे हैं कि एनटीआर के सामने न नीतीश जैसे महत्वाकांक्षी नेता थे और न ममता बनर्जी जैसी लोकप्रियता के शिखर पर रहनेवाला चेहरा। केसीआर जानते हैं कि हाल के घटनाक्रम के बाद नीतीश की विश्वसनीयता कितनी कम हो गयी है। इसलिए वह फिलहाल इस मुद्दे को अलग ही रखने की रणनीति अपनाये हुए हैं। पेंच यहीं है और इसे गैर&भाजपाई दल कैसे सुलझाते हैं, यह देखना दिलचस्प होगा।

पुलिस की लूटी इंसास राइफल और भारी मात्रा कारतूस के साथ टीएसपीसी का जोनल कमांडर भैरव चतरा में गिरफ्तार

पुलिस और अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर किया जायेगा सम्मानित : एसपी

अजय चौरसिया

चतरा (आजाद सिपाही)। चतरा पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी के जोनल कमांडर को अत्याधुनिक अमेरिकन हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। उसके पास से भारी मात्रा में हथियार बरामद किया है। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने गुरुवार को एसपी कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में दी। उन्होंने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सिमरिया थाना क्षेत्र के ग्राम कासीयातु जंगल में टीपीसी उग्रवादी संगठन का रिजनल कमांडर आक्रमण के नेतृत्व में अन्य हथियारबंद कमांडर किसी घटना को अंजाम देने के लिए एकत्रित हुए है। एसपी ने सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु सिमरिया एसडीपीओ अशोक कुमार प्रियदर्शी के नेतृत्व में एक अभियान टीम का गठन किया। टीम में सिमरिया थाना टीम तथा सीआरपीएफ 190 बटालियन के क्यूआरटी टीम को शामिल किया गया। उक्त टीम द्वारा कासीयातु जंगल में अभियान चला कर टीपीसी उग्रवादी संगठन के जोनल कमांडर भैरव गंझू उर्फ भाष्कर जी उर्फ विरप्पन जी को भारी मात्रा में हथियार एवं गोली के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार उग्रवादी भैरव गंझू उर्फ भाष्कर जी उर्फ विरप्पन जी (जोनल कमांडर) लातेहार जिला के बालूमाथ थाना क्षेत्र के राजगुरू गांव का रहने वाला था।

एसपी ने बताया कि गिरफ्तार उग्रवादी पर चतरा, लातेहार, पलामू जिले के विभिन्न थानों में हत्या, रंगदारी, आगजनी एवं शस्त्र अधिनियम के तहत कई कांड दर्ज हैं। एसपी ने बताया कि टीम में शामिल पुलिस पदाधिकारी और जवानों को सम्मानित किया जायेगा।

गिरफ्तार उग्रवादी के पास से पुलिस ने एक एम4अ1 5.56 एमएम रिफिल, एक 5.56 एमएम इंसास राइफल, एम4अक 5.56 एमएम तीन मैगजीन, इंसास एलएमजी मैगजीन-1, इंसास मैगजीन- 1, 5.56 एमएम का जिंदा गोली-230 चक्र, ओके 72 लिखा हुआ 7.62 एमएम की 472 चक्र जिंदा गोली और दो एमुनेशन पाउच बरामद किया गया है। छापेमारी टीम में सिमरिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक कुमार प्रियदर्शी, पुलिस अवर निरीक्षक सह सिमरिया थाना प्रभारी विवेक कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक रामदेव वर्मा, अनिल कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सिमरिया के अंगरक्षक एवं सैट टीम, सिमरिया थाना के सशस्त्र बल एवं आइआरबी-03 अल्फा कम्पनी, सीआरपीएफ 190 के जवान शामिल थे।

निलंबित आइएएस पूजा सिंघल को जमानत नहीं मिली, अदालत ने इडी से मांगा जवाब

आजाद सिपाही सवाददाता

रांची। मनी लांड्रिंग मामले में आरोपित निलंबित आइएएस पूजा सिंघल की जमानत पर गुरुवार को झारखंड हाइकोर्ट में जस्टिस राजेश कुमार की अदालत में सुनवाई हुई। पूजा सिंघल को गुरुवार को भी जमानत नहीं मिली है। सुनवाई के दौरान अदालत ने इस मामले में ईडी से जवाब मांगा है। मामले में अगली सुनवाई 2 सप्ताह बाद होगी।

बता दें कि पूजा सिंघल की ओर से निचली अदालत में जमानत याचिका दाखिल की गयी थी, लेकिन अदालत ने उन्हें जमानत देने से इंकार कर दिया था। इसके बाद पूजा सिंघल ने हाई कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की है। याचिका में स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए जमानत देने की गुहार लगायी गयी है। याचिका में कहा गया है कि उन्हें थायराइड सहित बीपी की भी समस्या है।

मनरेगा घोटाला मामले में गिरफ्तार : बता दें कि खूंटी में हुए मनरेगा घोटाला मामले में इडी ने पूजा सिंघल को गिरफ्तार किया है। इडी की कार्रवाई में इनके सहयोगी सीए सुमन कुमार के यहां करीब 19 करोड़ रुपये बरामद हुए थे। फिलहाल इस मामले में इडी की ओर से सभी आरोपितों के खिलाफ आरोप पत्र निचली अदालत में दाखिल कर दिया गया है। जिस पर अदालत ने संज्ञान भी ले लिया है। वहीं, इसी मामले में पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा ने निचली अदालत में व्यक्तिगत उपस्थित से छूट दिए जाने को लेकर याचिका दाखिल की है। जिस पर सुनवाई लंबित है।

पांच लाख का इनामी सब जोनल कमांडर रविंद्र मेहता उर्फ छोटा व्यास गिरफ्तार

बिहार झारखंड में 16 कांडों में है इसकी संलिप्ता: एसपी

आजाद सिपाही संवाददाता

पुलिस अधीक्षक
गढ़वा

गढ़वा। भाकपा माओवादी संगठन के बिहार रीजनल कमेटी के मध्य जोन सब जोनल कमांडर रविंद्र मेहता उर्फ छोटा ब्यास को गढ़वा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए एसपी अंजनी कुमार झा ने बताया कि पुलिस महानिदेशक अभियान निदेशालय पुलिस मुख्यालय झारखंड के निर्देशन में राज्य में भाकपा माओवादी संगठन के विरुद्ध रणनीति बना कर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सूचना के आधार पर भाकपा माओवादी संगठन के बिहार रिजनल कमेटी मध्य जोन के सब जोनल कमांडर राम नरेश मेहता के पुत्र रविंद्र मेहता उर्फ छोटा व्यास, जो पलामू जिले के बिश्रामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कौड़िया टोला भूखला गांव का रहने वाला है, उसे मझिआंव थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया गया है।

एसपी ने बताया कि नक्सल विरोधी अभियान से भयभीत होकर कुछ समय से गढ़वा जिला अंतर्गत इसके छिपे होने की सूचना मिली थी। वह अपनी टीम में शामिल होने जा रहा है। ऐसी सूचना के आलोक में गढ़वा-पलामू पुलिस एवं सीआरपीएफ 172 बटालियन की संयुक्त टीम गठित कर उक्त माओवादी को 31 अगस्त से छापेमारी कर 1 सितंबर की रात्रि में मझिआंव थाना क्षेत्र अंतर्गत बूढ़ी खांड से गिरफ्तार कर लिया गया।

एसपी ने बताया कि उक्त माओवादी 2016 से ही माओवादी संगठन में सक्रिय है, जो संदीप यादव के नेतृत्व में मुख्य रूप से झारखंड के पलामू जिला एवं बिहार के गया तथा औरंगाबाद जिला में सक्रिय रहता था। इसका कार्यक्षेत्र मुख्य रूप से छकरबंधा जंगल सहित पलामू, गया तथा औरंगाबाद सीमा क्षेत्र में रहता था। वहीं बिहार पंचायत चुनाव में 2021 के दौरान मदनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पंचायत भवन को बम से उड़ाने एवं करीब 5 से 6 बार पुलिस-नक्सली मुठभेड़ इत्यादि वारदात में इसकी सहभागिता रही है। 2022 में माओवादी संगठन में इसे एरिया कमांडर पद से पदोन्नत कर सब जोनल कमांडर बना दिया गया था। इसके बाद झारखंड सरकार द्वारा इसके गिरफ्तारी पर पांच लाख रुपये इनाम की राशि रखी थी।

प्रेस वार्ता में मझिआंव थाना प्रभारी कमलेश कुमार, बरडीहा थाना प्रभारी पंकज तिवारी एवं अधिकारी मौजूद थे।

एएसआइ शुभंकर ने 10 आइपीएस समेत 17 पुलिस अधिकारियों पर मामला दर्ज कराने के लिए मांगी छुट्टी

नहीं देने पर एसपी को भेजा कारण बताओ नोटिस

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। एएसआइ ने 10 आइपीएस समेत 17 पुलिस अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज कराने के लिए छुट्टी मांगी, नहीं देने पर एसपी को कारण बताओ नोटिस भेजा है। यह मामला राज्य के सरायकेला जिले का है, जहां आरआइटी थाना में पदस्थापित एएसआइ शुभंकर सिंह ने अपने ही जिले के एसपी आनंद प्रकाश को ही कारण बताओ नोटिस भेज दिया। इस मामले में सरायकेला एसपी से बात करने पर उन्होंने बताया कि यह हमारा इंटरनल मामला है। इस मामले में कोई जानकारी नहीं दे सकते हैं।

ये पुलिस अधिकारी के खिलाफ मामला दर्ज करने के लिए छुट्टी मांग रहे थे : एएसआइ शुभंकर सिंह द्वारा जिन 10 आइपीएस समेत 17 पुलिस अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज कराने के लिए छुट्टी मांगी थी, उनमें असीम विक्रांत मिंज, कुलदीप द्ववेदी, पूर्व आइपीएस राजीव रंजन सिंह, चंदन कुमार सिन्हा, कार्तिक एस, आनंद प्रकाश, राज कुमार लकड़ा, पूर्व आईपीएस रिचर्ड लकड़ा, अजय लिंडा,चंदन कुमार झा, अखिलेश झा शामिल हैं. इसके अलावा पुलिस पदाधिकारियों में अविनाश कुमार, सियाशरण प्रसाद, अरूण कुमार राय, हरि सिंह बारी, नरेंद्र पासवान और किशोर तामसोय शामिल हैं। बता दें कि आरआइटी थाना में पदस्थापित एएसआइ शुभंकर सिंह को 10 आइपीएस समेत 17 पुलिस अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दायर करने के लिए हाइकोर्ट जाना था। इसको लेकर एएसआइ ने अपने जिले के एसपी आनंद प्रकाश से इस साल मार्च में छुट्टी के लिए अनुमति मांगी थी।

आजाद सिपाही
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1 Channel

वेदर

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	31.8 °c	24.5 °c

सूर्यास्त (आज) : 18.06 बजे
सूर्योदय (कल) : 05.31 बजे

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 02 सितंबर, 2022
www.azadsipahi.com

रायपुर में प्रेस कांफ्रेस : यूपीए विधायकों ने भाजपा पर बोला हमला

भाजपा कर रही हमारे घर में चोरी की कोशिश

आजाद सिपाही संवाददाता

रायपुर/रांची। झारखंड में जारी सियासी संकट के बीच गुरुवार को रायपुर में यूपीए के विधायक मीडिया से रूबरू हुए। रायपुर के मेफेयर रिसॉर्ट में रुके झारखंड के विधायकों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कर भाजपा पर हमला बोला। प्रेस कांफ्रेंस में झामुमो व कांग्रेस के दो-दो विधायक और कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर थे। उनका कहना है कि भाजपा उनके घर में चोरी की कोशिश कर रही है।

कांग्रेस की विधायक दीपिका पांडेय ने कहा कि उनकी सरकार को अस्थिर करने की कोशिश की जा रही है। अपने घर में चोरी की डर से सभी विधायक यहां रह रहे हैं। संख्या होने के बाद भी हमारी सरकार को अस्थिर करने की कोशिश की जा रही है। आज हम अपनी जनता के खुशियों और तकलीफ में शामिल नहीं हो पा रहे हैं। सरकारी पैसे से मेफेयर रिसॉर्ट में रहने के सवाल पर उन्होंने कहा कि वे अपनी कुव्वत से यहां रह रहे हैं। न ही वो झारखंड सरकार और न ही छत्तीसगढ़ सरकार के पैसे से यहां रह रहे हैं। वहीं झामुमो के विधायक सुदिव्य सोनू ने कहा कि केंद्र सरकार के सौतेले रवैए के बावजूद हम काम कर रहे हैं। हेल्थ से जुड़े मुद्दों पर केंद्र का सौतेला व्यवहार देखने को मिल रहा। राज्य की खुशहाली के लिए जो काम किए जाते हैं वो आज हो रहा है। सीएम असाध्य रोग स्कीम में हमने बदलाव किए हैं।

विधायकों से जब पूछा गया कि क्या मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अपने विधायकों पर विश्वास नहीं है? तो उन्होंने कहा कि ये सवाल आप एक बार ठाकरे जी से पूछ लीजिए। किस तरह से परिस्थितियां बनायी जाती हैं, किस तरह इडी, सीबीआइ और कई तंत्रों का इस्तेमाल कर देश में लोकतंत्र खत्म किया जा रहा है। झारखंड के विधायकों के बिकने के सवाल पर उन्होंने कहा कि ये सवाल आप भाजपा से पूछिए।

पुरानी पेंशन योजना लागू करने पर सीएम का किया अभिवादन

कर्मचारी खुशी से झूम उठे, मिठाई बांटी और अबीर-गुलाल खेल कर खुशियां मनायीं

आजाद सिपाही संवाददाता

राज्य सरकार द्वारा मंत्रिपरिषद की बैठक में गुरुवार को पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की स्वीकृति दिये जाने के बाद झारखंड मंत्रालय परिसर में सरकारी कर्मचारी संघ के लोगों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर ढोल-नगाड़े की आवाज से गुंजा मंत्रालय परिसर।

रांची। राज्य सरकार ने अंशदाई पेंशन योजना समाप्त कर राज्य कर्मियों के लिए सरकार के इस फैसले पर कर्मचारी संगठनों ने खुशी जाहिर की है और उन्हें आभार भी दिया है। पुरानी पेंशन योजना को लागू करने का फैसला लिया है।कर्मचारी खुशी से झूम उठे। मिठाई बांटी और त्योहार से पहले ही गुलाल अबीर खेलकर अपनी खुशियां मनाने लगे। गुरुवार को ढोल नगरों के साथ कर्मचारी संगठन के सदस्य झारखंड मंत्रालय पहुंचे थे। कैबिनेट के बाद जैसे ही सीएम बहार निकले सभी सदस्य जोरदार स्वागत कर आभार जताया। बता दें कि इस संबंध में 15 जुलाई 2022 को ही मंत्रिपरिषद की बैठक में पुरानी पेंशन योजना के तहत पेंशन भुगतान के निमित्त एक स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर विकसित किये जाने के लिए विकास आयुक्त अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया था। इस कमेटी में वित्त सचिव अविनाश कुमार और प्रधान सचिव कार्मिक हैं। इस कमेटी ने 25 अगस्त को बैठक कर विभिन्न बिंदुओं पर विचार विमर्श करने के बाद एसओपी के 10 बिंदु पर सरकार को अनुशंसा की थी। कमेटी की अनुशंसा पर गुरुवार 1 सितंबर को कैबिनेट की बैठक में मंजूरी भी मिल गयी है।

क्या है अनुशंसा : वैसे कर्मी जो पुरानी पेंशन योजना से आच्छादित होना चाहते हैं उनसे इस आशय का शपथ पत्र प्राप्त किया जाना है कि उन्हें इस स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर की शर्तें मानने हैं एवं उनके द्वारा किसी प्रकार का अतिरिक्त वित्तीय दावा राज्य सरकार से नहीं किया जायेगा। वित्त विभाग द्वारा इसके लिए शपथ पत्र का प्रारूप विकसित किया जायेगा।

किसी और से संबंध के शक में पति ने मार दी परिचित को गोली, गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड की राजधानी रांची के धुर्वा थाना क्षेत्र स्थित आर्दश नगर में बिमल सिंह को गोली मारकर जख्मी कर दिया गया है। बिमल सिंह को रिम्स में भर्ती कराया गया है। गोली मारने वाले आरोपित द्वारिका सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का कहना है कि आरोपित को शक था कि बिमल का संबंध उसकी पत्नी के साथ है। इस वजह से वह कई दिनों से घटना को अंजाम देने की योजना बना रहा था। गोली मारने के बाद आरोपित ने बिमल पर चाकू से वार किया। पीसीआर में तैनात सिपाही संतोष को ड्यूटी खत्म करने के बाद घर जा रहा था। सिपाही का घर आर्दश नगर में है। गोली की आवाज सुनते ही सिपाही घटना स्थल पर पहुंचा। सिपाही ने देखा कि आरोपित चाकू से बिमल पर वार कर रहा है। सिपाही ने आरोपित को पकड़ा और इसकी सूचना धुर्वा पुलिस को दी।

धुर्वा थाना में आरोपित से पूछताछ की जा रही है। इस मामले में पुलिस ने आरोपित की पत्नी को भी थाना में बुलाया है। पुलिस का कहना है कि हत्या करने की इरादे से हमला किया गया है।

राज्यपाल को मुख्यमंत्री के संबंध में स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए : राजद

रांची (आजाद सिपाही)। राजद के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव ने राज्यपाल से कहा है कि झारखंड के मुख्यमंत्री के सम्बंध में स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता यह जानना चाहती है कि निर्वाचन आयोग द्वारा भेजे गये पत्र में क्या है। पब्लिक डोमेन में इसे सार्वजनिक करना चाहिए। यादव गुरुवार को पार्टी कार्यालय में प्रेस वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आज जो झारखंड में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। ऐसा नहीं होना चाहिए। यह राज्य हित के लिए अच्छा नहीं है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार अपना कार्यकाल पूरा केरगी। यूपीए गठबंधन एकजुट है। सरकार संख्या बल पर बनती और बिगड़ती है और संख्या बल हेमंत सरकार के पास है। उन्होंने पत्रकारों के एक सवाल के जवाब में कहा कि भाजपा नेता सीमा पात्रा के घर में नौकरानी को प्रताड़ित करने की राष्ट्रीय जनता दल घोर निन्दा करती है। साथ ही पार्टी झारखंड सरकार से कठोर कार्रवाई की मांग करती है। प्रेस वार्ता में युवा राजद अध्यक्ष रंजन यादव, मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार, सहायक निर्वाचन पदाधिकारी अनीता यादव, मदन यादव, कमलेश यादव, अंजल किशोर सिंह, साहिल साहनी उपस्थित थे।

करंट लगने से तीन मृतकों के परिजनों को बिजली बोर्ड ने 15 लाख का मुआवजा दिया

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राजधानी के कांके में बिजली करंट लगने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत मामले में प्रत्येक मृतक के नाम पर परिजनों को पांच पांच लाख अर्थात कुल पंद्रह लाख रुपए मुआवजा दिया गया। गुरूवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दूबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव और डॉ राजेश गुप्ता छोटू की उपस्थिति में कांके एरिया बोर्ड की ओर से परिजनों को ये राशि दी गयी। बताते चलें कि स्वतंत्रता दिवस के पहले 14 अगस्त को बोड़ेया के अरसंडे में छत पर तिरंगा झंडा लगाने के दौरान बिजली तार की चपेट में आने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गयी थी। इनमें विनीत कुमार, आरती कुमारी व पूजा कुमारी की मौत हुई थी। इस मौके पर स्थानीय जनप्रतिनिधि कांके प्रमुख सोमनाथ मुंडा, पंचायत समिति सदस्य लालचंद्र प्रसाद सोनी, वार्ड सदस्य नेसार अहमद, विद्यापति स्मारक समिति के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष लेखानंद झा, संयुक्त सचिव जयंत झा, पंकज राय, स्थानीय समाजसेवी कृष्ण मोहन तिवारी, मुखिया त्रलीलू पाहन, मुस्ताक आलम, चंद्रदीप, अफजल अंसारी और मृतक परिजनों के पिता विजय झा, भगिनी आस्था झा एवं दामाद अभिषेक झा भी मौजूद रहे।

स्पीकर कोर्ट में हुई प्रदीप यादव, बंधु तिर्की के दलबदल मामले पर सुनवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। स्पीकर के न्यायाधिकरण में आज विधायक प्रदीप यादव और पूर्व विधायक बंधु तिर्की के दलबदल मामले को लेकर सुनवाई हुई। पिछली सुनवाई में 4 इश्यू फ्रेम किया गया था, उसपर आपत्ति जताते हुए गुरुवार को हुई सुनवाई में वादी पक्ष के वकील ने कुछ और इश्यू जोड़ने की अपील की। याचिकाकर्ता सरोज सिंह के वकील आर एन सहाय ने कहा कि प्रदीप यादव और बंधु तिर्की ने झाविमो का मर्जर किस तारीख को कांग्रेस में किया। मर्जर गलत है तो उनकी सदस्यता जायेगी या नहीं ये भी जोड़ा जाए। वादी पक्ष ने गवाहों को पेश करने की भी अपील करते हुए कहा कि अगर गवाही नहीं होती है तो गवाहों की लिस्ट को रिकॉर्ड में रख लिया जाए। सुनवाई के दौरान वादी पक्ष से समरी लाल के तरफ से जितेंद्र वर्मा, विनोद शर्मा की तरफ से विनोद साहू और सरोज सिंह की तरफ से आर एन सहाय ने पक्ष रखा। वहीं प्रतिवादी पक्ष से एसबी गड़ोदिया बहस कर रहे थे। दोनों पक्ष को सुनने के बाद स्पीकर ने सुनवाई स्थगित कर दी।

राज्य के थानों में कार्यरत सिपाही और हवलदार को मिलेगा एक दिन का आराम

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राज्य में कार्यरत पुलिसकर्मियों को अधिक कार्य और विधि व्यवस्था के कारण शारीरिक-मानसिक तनाव उत्पन्न होता है। जिससे आत्महत्या जैसी घटना में वृद्धि हुई है। ऐसी स्थिति में थानों में पदस्थापित व प्रतिनियुक्त सिपाही और हवलदार को प्रत्येक माह के कार्य दिवस पर रोस्टर आधारित एक दिन का ड्यूटी विराम देने का निर्णय लिया गया है। चूंकि थानों में तैनात पुलिसकर्मी हाई स्ट्रेस ड्यूटी वाले माने जाते हैं। ऐसे में थानों में तैनात सिपाही-हवलदार को शारीरिक मानसिक विराम दिया जा सके। थाने में तैनात सिपाही-हवलदार कई दिनों तक घर नहीं जा पाते। लेकिन अब एक दिन घर में रहने का मौका मिलेगा। इससे परिवार और बच्चों को समय देने के साथ ही काम करने का जज्बा भी बढ़ेगा। लगातार ड्यूटी करने से पुलिसकर्मी अपने परिवार से दूर रहते हैं, जिससे वह बीमार भी हो जाते हैं। अवकाश मिलने से मानसिक और शारीरिक थकावट दूर करने में मदद मिलेगी। ताकि घर के महत्वपूर्ण कार्य किये जा सकें। खूंटी जिले में विभिन्न थानों में तैनात 301 सिपाही हवलदार के ड्यूटी को एक दिन का विराम मिलेगा। इसको लेकर खूंटी एसपी अमन कुमार ने आदेश जारी कर दिया है। हालांकि यह किसी प्रकार का अवकाश नहीं है। सार्जेंट मेजर प्रत्येक माह के चौथे सप्ताह में नया रोस्टर तैयार करेंगे।

जागरूकता रथ को डीसी ने हरी झंडी दिखायी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। जिले में 30 सितंबर तक पोषण माह चलेगा। गुरुवार को इसका शुभारंभ किया गया। डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने समाहरणालय परिसर से पोषण जागरुकता रथ को रवाना कर इसकी शुरूआत की। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी स्वेता भारती, कई सीडीपीओ और सहिया मौके पर उपस्थित थे। पोषण माह को लेकर डीसी ने हस्ताक्षर अभियान की भी शुरूआत की। साथ ही पोषण जागरुकता को लेकर शपथ दिलायी।

रांची डीसी ने कहा कि पोषण माह का शुभारंभ पूरे देश में एक साथ कराया जा रहा है। पोषण जागरुकता रथ के माध्यम से गांव-गांव में लोगों को उचित पोषण के संबंध में जागरुक किया जायेगा। जहां भी गर्भवती, धात्री महिलाएं और नवजात शिशु हैं, सभी को उचित मात्रा में पोषण मिले, यही हमारा उद्देश्य है। जिला में स्वास्थ्य सुधार को लेकर बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी केंद्र, कई स्वास्थ्य कर्मचारी काम कर रहे हैं। कोने-कोने तक सरकार की योजनाओं की जानकारी लोगों को मिल सके, इसे लेकर नवीन तरीके से यह प्रयास किया जा रहा है कि हर घर तक जितने भी स्वास्थ्य से संबंधित जानकारियां हैं, सही तरीके से पहुंचाई जाये। डीसी ने कहा कि जन जागरूकता अभियान के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग और जिला समाज कल्याण द्वारा प्रयास किया जा रहा है कि संतुलित आहार की जानकारी के साथ पोषाहार समय पर महिलाओं और शिशु को उपलब्ध हो। समाज को कुपोषण मुक्त बनाने में समुदाय की भागीदारी को लेकर डीसी ने शपथ भी दिलायी।

रिम्स में सुनीता से मिलने आयी भाजपा महिला मोर्चा की टीम को प्रशासन ने रोका

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर के नेतृत्व में गुरुवार को रिम्स पहुंची टीम को सुरक्षा में तैनात जवानों ने रोक दिया। दरसअल, सीमा पात्रा कांड की पीड़िता सुनीता खाखा रिम्स के सर्जरी विभाग में भर्ती है। बीते दो दिनों से यह मामला सियासी रंग ले चुका है। सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेता सुनीता से मिलने के साथ बयानबाजी भी कर रहे हैं। नेताओं की भीड़ की वजह से वार्ड में इलाजरत अन्य मरीजों को परेशानी हो रही है। जिसके बाद सुनीता की सुरक्षा को बढ़ाते हुए अतिरिक्त जवानों को तैनात कर दिया गया है। ऐसे में बीजेपी महिला मोर्चा की टीम को तैनात जवानों ने मिलने से रोक दिया। हालांकि, प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर ने स्थानीय बरियातू थाना और एसएसपी से बात की। जिसके बाद एक व्यक्ति को सुनीता से मिलने की अनुमति दी गयी। मामले को लेकर आरती कुजूर ने सत्ता पक्ष पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष के लोग घंटों रह कर सुनीता से बात कर रहे हैं, लेकिन हम उसके स्वास्थ्य की जानकारी लेने के लिए जब पहुंचते हैं, तो हमलोगों को रोक दिया जाता है। मैंने वीडियो और फोटो देखा है। सुनीता के पास सत्ता पक्ष के लोग बारात लेकर आये थे। महिला आयोग और बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष का पद खाली होने पर आरती कुजूर ने सरकार को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि ऐसे में समझा जा सकता है कि झारखंड में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के प्रति सरकार कितनी सजग है।

पैसा लेने के बाद भी घर नहीं बनाने वाले लाभुकों पर निगम करेगा कार्रवाई

रांची (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री आवास योजना का पैसा लेने के बाद भी घर नहीं बनाने वाले लाभुकों पर रांची नगर निगम कार्रवाई करेगा। बताया गया कि 500 ऐसे लाभुक हैं, जिन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पहली किस्त लेने के बाद भी घर बनाने का काम शुरू नहीं कराया है। नगर आयुक्त शशि रंजन ने सीटी मैनेजरों को निर्देश दिया है कि वैसे सभी लाभुकों से संपर्क स्थापित कर जल्द से जल्द काम शुरू कराएं। जो लाभुक घर नहीं बनाना चाहते हैं, उनसे पैसा वापस कराया जाए। नगर निगम का ओर से ऐसे लाभुकों को लगातार नोटिस भी भेजा जा रहा है।

सलमान हत्याकांड में तीन दारोगा समेत नौ पुलिसकर्मियों के खिलाफ आरोप गठित

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड हाइकोर्ट के जस्टिस आनंद सेन ने गुरुवार को पिपरवार (चतरा) के युवक मो सलमान को गोली मारने के मामले में आरोप तय कर दिया है। सीबीआई की विशेष अदालत ने मामले के आरोपित तीन सब इंस्पेक्टर समेत नौ पुलिसकर्मियों के खिलाफ आरोप गठित कर दिया है। इन आरोपितों के खिलाफ हत्या, आपराधिक साजिश रचने, आर्म्स एक्ट मामले को लेकर आरोप गठित किया गया है। मामले में अब गवाहों को समन किया जा रहा है। आरोपितों में पिपरवार थाना के तत्कालीन प्रभारी बिनोद कुमार सिंह, सब-इंस्पेक्टर प्रेम कुमार मिश्रा, सुखदेव प्रसाद यादव, कॉन्सटेबल सुबोध कुमार मेहता, अशोक कुमार सिंह, जयराम, आर्म्स गार्ड रवि राम, चालक संतोष कुमार एवं जितेन सोरेन शामिल हैं। बता दें कि सलमान को उसके घर में 22 जून, 2017 को गोली मार दी गयी थी। घटना की जानकारी मिलने के बाद कोर्ट ने संज्ञान लेते हुए 21 अगस्त, 2018 को मामले की जांच सीबीआई को सौंपी थी। सीबीआइ की दिल्ली शाखा ने कांड संख्या आरसी 1/2019 दर्ज की थी। सीबीआई ने मामले में जांच पूरी करते हुए 28 दिसंबर 2019 को नौ आरोपितों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी।

नाम परिवर्तन

शपथ पत्र संख्या 11300 दिनांक 29.03.2022 के अनुसार मैं, लखीमुनी देवी, पति-स्व. दिनेश मिस्त्री, उम्र लगभग 35 वर्ष, धर्म- हिन्दू, पेशा-गृहणी, राष्ट्रीयता- भारतीय, निवासी ग्राम-कुजू कोलियरी, पो. कुजू, थाना-माण्डू, जिला- रामगढ़ (झारखंड) शपथ पूर्वक निम्न बयान करती हू कि:-

1. यह कि प्रियांशी कुमारी मेरी पुत्री है।
2. यह कि मेरी पुत्री का सही एवं वास्तविक नाम प्रियांशी कुमारी है, जो बालिका उच्च विद्यालय कुजू, जिला- रामगढ़ के द्वारा निर्गत विद्यालय परित्याग प्रमाण पत्र में दर्ज है। जिसका नामांकन संख्या 125/19 है।
3. यह कि मेरे पुत्री के नाम से निर्गत आधार कार्ड संख्या 4217 5257 7844 में इसका नाम प्रतिमा कुमारी दर्ज हो गया है।
4. यह कि प्रियांशी कुमारी और प्रतिमा कुमारी दोनों नाम एक ही लड़की का है जो मेरी पुत्री है।
5. यह कि यह शपथ पत्र में अपनी पुत्री का नाम आधार कार्ड में दर्ज नाम प्रतिमा कुमारी के स्थान पर उसका सही एवं वास्तविक नाम प्रियांशी कुमारी सुधार करने हेतु संबंधित विभाग के सक्षम पदाधिकारी के पास देने हेतु तैयार किया हूं। जो सत्य और सही है।

कोर्ट-नोटिस

न्यायालय,
अवर न्यायाधीश प्रथम, लातेहार
मूल वाद सं.-43/2018
होटन मुण्डा वगैरह ....वादीगण
बनाम
अनिल प्रसाद वगैरह .... प्रतिवादीगण

नोटिस बनाम

1) अनिल प्रसाद
2) सुनील प्रसाद दोनों पिता स्व. शिव शेखर प्रसाद
3) आलोक प्रसाद
4) आभास प्रसाद दोनों पिता शशिशंकर प्रसाद साह
5) प्रशांत जायसवाल
6) धर्मेन्द्र जायसवाल
7) छोटे जायसवाल तीनों पिता स्व. उमाशंकर प्रसाद
8) मुन्ना जायसवाल
9) पंकज जायसवाल दोनों पिता रमाकांत प्रसाद साह, सभी ग्राम-सिरम थाना-बालूमाथ, जिला- लातेहार वर्तमान निवास स्थान मेन रोड लातेहार, पो.-थाना-लातेहार, जिला-लातेहार
10) राज्य द्वारा उपायुक्त महोदय, लातेहार

नं. बजरिये इस नोटिस के आप सभी को आगाह किया जाता है कि पूर्व में आपलोगों को जिला न्यायालय द्वारा नोटिस निर्गत किया गया था, परन्तु आपलोग उपस्थित नहीं हुए। अत: पुन: आगाह किया जाता है कि आप दिनांक 12/09/2022 को मेरे न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना बचाव पक्ष दाखिल करें, अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्रवाई की जाएगी।

सख्त ताकिद जानें।

आज दिनांक 29/07/2022 को न्यायालय के मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर द्वारा निर्गत।

ह./-
अवर न्यायाधीश प्रथम

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 02 सितंबर, 2022
www.azadsipahi.com

पोषण जागरूकता रथ को डीसी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

पोषण जागरूकता को लेकर हस्ताक्षर अभियान, सेल्फी प्वाइंट व शपथ कार्यक्रम का किया गया आयोजन

हजारीबाग(आजाद सिपाही)। समाज कल्याण विभाग की ओर से चलाए जा रहे पोषण माह के तहत गुरुवार को समाहरणालय परिसर से जिले के विभिन्न पंचातयों के लिए पोषण रथ को उपायुक्त नैंसी सहाय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस पोषण जागरुकता रथ के माध्यम से पूरे सितंबर माह में सभी पंचायतों में पोषण के पांच सूत्रों के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया जाएगा। इसमें गर्भधारण से बच्चे की उम्र दो वर्ष पूरी होने तक मां व बच्चे की उचित देखभाल की जानकारी, बच्चे को छह माह की उम्र पूरी होने के बाद पर्याप्त पौष्टिक आहार प्रारंभ करने, एनीमिया से बचाव के लिए आयरनयुक्त आहार, डायरिया से बचाव हेतु व्यक्तिगत स्वच्छता एवं साफ-सफाई का पालन करने का संदेश शामिल है। उपायुक्त आवास परिसर में प्रातः छः बजे उपायुक्त ने सभी उपस्थित पदाधिकारियों व कर्मियों को बच्चों, किशोरियों व महिलाओं को कुपोषण मुक्त बनाने का शपथ दिलाया। सभी ने राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान हर घर तक सही पोषण का संदेश पहुंचाने,पोषण अभियान को देश व्यापी जन आंदोलन बनाने, हर घर, विद्यालय और हर गांव में सही पोषण पहुंचाने की शपथ ली। हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। हजारीबाग जिले को कुपोषण मुक्त बनाने के लिए समाहरणालय परिसर से हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जिसका शुभारंभ उपायुक्त ने हस्ताक्षर कर किया। मौके पर मौजूद अन्य पदाधिकारियों ने भी हस्ताक्षर कर इस आभियान का हिस्सा बने। इस दौरान उपायुक्त ने राष्ट्रीय पोषण माह के संदेश का गुब्बारा भी उड़ाया। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदू प्रभा खलखो, सीडीपीओ, विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों की सेविका,सहायिका उपस्थित थी।

लोक नायक जय प्रकाश आंख अस्पताल में पहली बार आइसीएल लेंस का सफल प्रत्यारोपण

चौपारण(आजाद सिपाही)। चौपारण प्रखंड बहेरा स्थित लोक नायक जयप्रकाश नारायण आँख अस्पताल 17 वर्षों से लगातार सफलता पूर्वक सेवा दे रही है अस्पताल में बुधवार को पहली बार आईसीएल लेंस (इम्प्लांटेबल कॉलेमर लेंस) का सफल प्रत्यारोपण किया गया। मनोज कुमार यादव, बभनाडीह, बरही निवासी जो पेसे से एक भारी मशीन ऑपरेटर है और बिहार शरीफ में पोकलेन चलाते है, आँख की समस्या से जूझ रहे थे फिर उन्होंने आँख अस्पताल में डॉ अलोक कुमार को दिखाया। पूरी जाँच करने के बाद डॉ अलोक ने उन्हें आईसीएल लेंस (इम्प्लांटेबल कॉलेमर लेंस) लगाने की सलाह दी और इसका सफल प्रत्यारोपण बुधवार को सफल हुआ। क्या है आईसीएल लेंस (इम्प्लांटेबल कॉलेमर लेंस) – डॉ अलोक के अनुसार ये लेंस 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र के लोगों को मोटे चश्मे से निजात दिलाता है। जिनकी रौशनी स्थिर हो गई हो एवं जिनका रिपोर्ट नार्मल हो उन्हें ये लेंस लगाया जा सकता है। क्या है इसकी विधि – इसमें मरीज के दोनों आँखों का ऑपरेशन होता है और आईसीएल लेंस (इम्प्लांटेबल कॉलेमर लेंस) लगाया जाता है। दोनों ऑपरेशन एक दिन के अंतराल पर होता है जिससे मरीज को मोटे चश्मे अथवा कांटेक्ट लेंस से छुटकारा मिल जाता है। इससे उसकी दिनचर्या में कोई अंर्त नहीं पड़ता है। मरीज के दाहिने आंख में –14 .00 एवं बाएं आँख –16 .00 पावर का मोटा ग्लास लगा था उसके वावजूद भी उन्हें स्पष्ट नहीं दिखता था। गुरुवार की सुबह जब मरीज के आंखों की जाँच की गई तो वो बिना चश्मे के स्पष्ट देख पा रहा था। इस ऑपरेशन के बाद अब मरीज को मामूली चश्मे की जरूरत पड़ सकती है। इस सफल प्रत्यारोपण से अस्पतालकर्मिओं में हर्ष है और प्रबंधन ने भी डॉ को बधाई दी वहीं मरीज ने भी अपने आंख के सफल उपचार के लिए अस्पताल के चिकित्सक आलोक कुमार सहित पूरे अस्पताल परिवार को धन्यवाद दिया और कहा की क्षेत्र के लोगों को निकट भविष्य में इसका विशेष लाभ मिलेगा ।

छात्र सम्मान सह अभिनंदन समारोह का आयोजन

कोडरमा(आजाद सिपाही)। कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर, झुमरी तिलैया में मेधावी छात्र सम्मान समारोह कार्यक्रम की शुरूआत बतौर मुख्य अतिथि पूर्व डीएसपी माधवराम भार्गव व समिति के सम्मानित सदस्यों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। मंचासीन अतिथियों का परिचय विद्यालय के प्रभारी मनोज कुमार सिंह के द्वारा कराया गया। वही कार्यक्रम की रूपरेखा व उद्देश्य प्रस्तुत करते हुए विद्यालय के प्राचार्य शर्मेन्द्र कुमार साहु ने भैया– बहनों को प्रेरित करते हुए कहा कि उनका परिश्रम रंग लाया है और इसी तरह परिश्रम करते रहने से आगे के रास्ते स्वतः खुल जाएंगे। उन्होंने कहा आवश्यकता इस बात की है कि निष्ठा के साथ परिश्रम करें। मुख्य अतिथि श्री भार्गव ने भैया–बहनों को उत्साहित करते हुए कहा कि सफर की शुरूआत शानदार है तो मंजिल भी उस से बेहतर ही होगी। यह कार्यक्रम सीबीएसई बोर्ड परीक्षा दसवीं और द्वादश में 85% से अधिक अंक लाने वाले भैया–बहनों के सम्मान हेतु था। जिसमें उनके अभिभावक भी उपस्थित थे। समारोह में 20 भैया–बहनों को मोमेंटो देकर एवं माता–पिता को पुस्तक एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। द्वादश में सर्वश्रेष्ठ अंक 93 .4% प्राप्त करने वाले भैया ध्रुव शाश्वत के साथ–साथ कृष्णकांत कुमार, अंकित कुमार, कुणाल कुमार, कृतिका ऋतम्भर ,राज वर्मा, सुधांशु सवर्ण और इंजमाम उल आसिफ एवं दशम में 95.2% अंक प्राप्त करने वाली बहन ज्योत्सना के साथ साथ अमित कुमार,अनन्या राज,अनुष्का पांडे,अनुज कुमार, अभिजीत कुमार, गुलशन कुमार वर्मा और रौशन कुमार को भी सम्मानित किया गया जबकि अन्य विद्यालय से अपने विद्यालय में कक्षा एकादश में नामांकन कराने वाले भैया–बहनों में अर्पणा सिंह,शगुन श्रेयसी, सचिन कुमार और पुष्पा कुमारी को भी सम्मानित किया गया।अनन्या राज ने विद्यालय दिनों को डूब डूब कर याद किया। साथ ही अभिभावकों की ओर से अनिल सिंह ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ऐसा मंदिर है जहां पर विद्यालयी क्रियाकलापों के साथ–साथ संस्कारों पर भी जोर दिया जाता है। सचिव अनुराग सिंह ने भी भैया–बहन के उज्जवल भविष्य की कामना की। अंत में अध्यक्षीय आशीर्वचन देते हुए अध्यक्ष नारायण सिंह ने अभिभावक के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि आप सबों के सहयोग से ही यह संभव हो सका। धन्यवाद ज्ञापन डॉ.धीरेंद्र कुमार सिंह तथा मंच संचालन प्रदीप कुमार ने किया।इस मौके पर विद्यालय समिति के उपाध्यक्ष नंदराय, कोषाध्यक्ष नवल कुमार ,समिति सदस्य कुंज बिहारी त्रिवेदी, बी.एन.शर्मा तथा विद्यालय के आचार्य रामानुज पांडे, नीरज कुमार, विजय मिश्रा, सुनील कुमार ,बिरेंद्र प्रसाद, चंद्रशेखर कुमार, दीपक कुमार विश्वकर्मा ,वीरेंद्र मिश्रा, प्रभात सौरभ, प्रणव प्रभास, पवन शर्मा, बिपिन कुमार डे, उमाशंकर कुमार, श्वेता श्रीवास्तव, रानी प्रसाद, शर्मिष्ठा साहा, अर्चना सिन्हा, चंद्रकावेरी निहाल, अनीता ठाकुर, प्रिया राज आदि शामिल थे।

गणेश पूजा धूमधाम से हुआ संपन्न

सतगावां। प्रखंड मे प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम शिवपुर मे गणेश चतुर्थी के दिन भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर पुरोहित रामचंद्र वैध के द्वारा पूजा अर्चना की गई। मौके पर पूजा समिति के संजय बैध, लल्ला पाण्डे, पीयूष कुमार, आयूश कुमार, गौरी पाण्डे, सुमंत कुमार, अभिषेक कुमार, ज्यतोष कुमार, बब्लू बैध, बोल बम सिंह, मुरारी कुमार, अभिषेक पाण्डे, दीपक प्रधान, मृतुंजय कुमार, पीयूष कश्यप उपस्थित थे।

डीवीसी से लंबित मानदेय व सेवा विस्तार की मांग, की भूख हड़ताल

कोडरमा। डीवीसी केटीपीएस बांझेडीह अपने गोद लिए स्कूलों के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मियों का लंबित मानदेय व सेवा विस्तार नहीं दे रहा है। इसके विरोध में कर्मियों ने गुरुवार को समाहरणालय पहुंच कर भूख हड़ताल किया। इस दौरान कहा कि डीवीसी केटीपीएस बांझेडीह कोडरमा के द्वारा वर्ष 2014 में उपायुक्त कोडरमा के पत्रांक 774 दिनांक 10–10–2014 के आदेशानुसार विज्ञापन के माध्यम से शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मियों का चयन किया गया है। उत्क्रमित उच्च विद्यालय घंघरी जयनगर, नव सृजित प्राथमिक विद्यालय डुमरडीहा, जगनगर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय चरकीपहरी को डीवीसी के द्वारा गोद लिए गया था तब से हम सभी तीनों विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मियों लगातार कार्यरत है। हमलोगों का मानदेय मद की राशि की मांग उपायुक्त कोडरमा के कार्यालय के माध्यम से किया जाना है। लेकिन पिछले 30 माह से हमलोगों का मानदेय बकाया है, जिससे हमलोगों को घोर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। मांग की गयी कि सभी शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मियों का 30 माह का बकाया मानदेय एवं सेवा विस्तार किया जाय।

स्वच्छता पखवाड़ा की शुरूआत

सतगावां(आजाद सिपाही)। प्रखण्ड के प्रत्येक विद्यालय में गुरुवार से स्वच्छता पखवाड़ा की शुरूआत की गई है जो एक सितंबर से 15 सितम्बर तक अभियान के रूप में चलाया जाएगा। गुरुवार को सभी विद्यालयों में स्वच्छता के प्रति छात्र, छात्राएं और शिक्षकों ने शपथ ली। बच्चों को यह शपथ दिलायी गई की विद्यालय को साफ रखना है और साफ रखने के लिये प्रेरित भी करना है। इसके अलावे अपने गांव, वार्ड और घरों को भी साफ रखना है।भोजन से पहले और शौचालय के बाद हाथ धोना सख्ती से पालन करना है। अभियान को सफल बनाने में प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी शेख शकील अहमद, बीपीओ उपेंद्र कुमार, बीआरपी मो शहजाद, बीरेंद्र कुमार, सीआरपी संतोष कुमार, राजेन्द्र प्रसाद के अलावे सभी विद्यालयों के शिक्षक लगे हैं।

बरही अनुमंडलीय अस्पताल की कहानी-चिकित्सा प्रभारी करते हैं मनमानी

डॉ प्रकाश ज्ञानी की मर्जी से चलता है अनुमंडलीय अस्पताल

प्रभाकर पाठक /आजाद सिपाही

बरही। चौपारण, बरही, पदमा, बरकट्ठा,चलकुसा पांच प्रखंड के मरीजों का एकमात्र सहारा है बरही अनुमंडलीय अस्पताल,लेकिन इलाज नदारद। इस अस्पताल में मरीजों के इलाज का जहमत नहीं उठाना चाहते हैं डॉक्टरों का कलम सिर्फ रेफर लिखने के काम आता है। आइए अब बताते हैं डॉक्टर प्रकाश ज्ञानी की मनमानी, डॉक्टर प्रकाश ज्ञानी अनुमंडलीय चिकित्सा पदाधिकारी हैं सुबह 9:00 बजे अस्पताल आते हैं और हाजरी लगाकर अपने निजी क्लीनिक चले जाते हैं जहां मरीजों की लंबी लाइन लगी होती है। प्रतिदिन करीब 60 से 70 मरीजों का इलाज अपने क्लीनिक में करते हैं। एक मरीज का फीस 300 है इस तरह से प्रतिदिन की कमाई लगभग 20000 का है। आजाद सिपाही का संवाददाता जब अस्पताल पहुंच कर पड़ताल किया तो पाया कि डॉक्टर प्रकाश ज्ञानी अपने चेंबर में नहीं थे। अस्पताल के बीपीएम नारायण राम से पूछने पर उन्होंने बताया कि डॉक्टर ज्ञानी अपने निजी क्लिनिक में मिलेंगे। यदा-कदा मरीज को जब देखते हैं तो मरीज के हाथ में दवा की लंबी लिस्ट थमा दी जाती है। मरीज को बाहर की दुकान से दवा खरीदनी पड़ती है वहां से भी डॉक्टरों को मोटी रकम कमीशन के रूप में मिलती है। विचारणीय है कि जब प्रकाश ज्ञानी अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी अस्पताल में मरीजों का इलाज करते तो मरीजों को फीस नहीं देना पड़ता। विशेष सूत्रों से पता चला है कि किसी एक पत्रकार द्वारा ट्रस्ट चलाया जा रहा है जिसका संरक्षक प्रकाश ज्ञानी हैं। सवाल उठता है कि चिकित्सा प्रभारी पत्रकार को संरक्षण दे रहे हैं या फिर पत्रकार इन्हें संरक्षण दे रहा है। डॉ प्रकाश ज्ञानी बरही में विगत बीस वर्षों से बरही अस्पताल में जमें हुए हैं,इस दौरान दो बार इनका तबादला हुआ है। इनकी पहुंच इतनी ऊंची है कि पुनः अपना तबादला बरही में करवा लेते हैं। फिलहाल 2015 से लेकर अभी तक अनुमंडलीय अस्पताल में योगदान दे रहे हैं।

अंकिता हत्याकांड को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाला आक्रोश रैली

डोमचांच(आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी, डोमचांच ग्रामीण मंडल ने गुरुवार को आक्रोश रैली का आयोजन किया जिसका नेतृत्व मंडल अध्यक्ष महेश वर्मा ने किया। अंकिता हत्याकांड के विरोध में बेहराडीह मंदिर से नावाडीह चौक तक निकले आक्रोश रैली में हेमंत सरकार हाय-हाय, झारखंड मुक्ति मोर्चा मुदार्बाद, अंकिता को न्याय दो, अंकिता के हत्यारे को फांसी दो के बैनर के साथ सैकड़ों कार्यकर्ता चल रहे थे और नारे लगाए जा रहे थे। वक्ताओं ने कहा कि त्वरित न्यायालय गठित कर अंकिता को इंसाफ मिले और हत्यारे को फांसी की सजा हो। कार्यक्रम में भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष सुरज प्रताप मेहता, मंडल अध्यक्ष महेश वर्मा, उपाध्यक्ष मुन्ना सिंह, महामंत्री त्रिपुरारी सिंह, सुनील कुमार भारती, महेश मेहता, भगवत खटी क, मनोज मेहता, मनोज साव, चंदन कुमार, जगदीश मेहता, छोटेलाल मेहता, प्रदीप यादव, मुन्शी मेहता उपस्थित हुए।

पुल से टकरायी कार

कोडरमा(आजाद सिपाही)। गुरुवार को कोडरमा थाना अंतर्गत इंदरवा पेट्रोल पंप के समीप एक कार मोटरसाइकिल को बचाने के चक्कर में पुल में टकरा गयी। घटना में कार में सवार सभी लोग बाल–बाल बच गए। जानकारी के अनुसार कार में सवार होकर देवघर पूजा करने गए थे, पूजा कर के लौटने के क्रम में इंदरवा पेट्रोल पंप के समीप पुल में जाकर टकरा गयी। टक्कर की आवाज इतनी जोरदार थी कि आसपास के लोग काफी संख्या में दौड़े और कार से सभी को सुरक्षित बाहर निकाला गया। गाड़ी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

जोराकाठ की टीम बनी अंतर ग्रामीण फुटबॉल टूर्नामेंट की विजेता

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। गोंदलपुरा कोल परियोजना के तहत अदाणी फाउंडेशन की ओर से राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर सेहदा गांव में आयोजित तीन दिवसीय अंतर ग्रामीण फुटबॉल टूनामेंट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला जोराकाठ की टीम ने जीत लिया। इस टीम के खिलाड़ियों ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए बसकटवा की टीम को पेनल्टी में तीन-दो से पराजित कर दिया। इसी के साथ इस प्रतियोगिता का समापन हो गया। 29 से 31 अगस्त तक चली इस फुटबॉल प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर गोंदलपुरा पंचायत के मुखिया वासुदेव यादव ने विजेता टीम को शील्ड और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस कंपनी के इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी खेल प्रतियोगिता से युवाओं के साथ-साथ ग्रामीणों में भी नयी उत्साह का संचार होता है। कंपनी के द्वारा आयोजित इस खेल प्रतियोगिता से ग्रामीणों में बेहतर सन्देश गया है। इसलिए ऐसे आयोजन समय-समय पर होते रहने चाहिए। मौके पर मौजूद ग्रामीण, महिलाएं और खेल प्रेमी युवाओं ने अदाणी फॉउंडेशन के इस आयोजन की काफी सराहना की। युवाओं ने कहा कि इस प्रतियोगिता के आयोजन से वे काफी उत्साहित हैं। इस खेल प्रतियोगिता में कुल 12 टीमों ने हिस्सा लिया था, जिसमें भेलवा, काउंसी, चपरी, बसकटवा, जोराकाठ, बलोदर, गोंदलपुरा, रुदी, तिलैया और सेहदा आदि की टीमें शामिल थीं। प्रतियोगिता के विजेता और उप विजेता समेत बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को ट्रॉफी और शील्ड देकर अदाणी फॉउंडेशन की ओर से पुरस्कृत किया गया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार जोराकाठ के खिलाडी रूपेश कुमार को प्रदान किया गया। वहीं, टूनामेंट के रेफरी सनोत हांसदा को भी सम्मानित किया गया।

डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन ट्रस्ट की बैठक

▶▶ डीएमएफटी की राशि से जिला में स्वास्थ्य,शिक्षा,आंगनवाड़ी केन्द्र का सुदृढ़ीकरण करने पर हुई चर्चा

हजारीबाग(आजाद सिपाही)। सांसद जयंत सिन्हा की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) की बैठक गुरुवार को समाहरणालय सभागार में हुई। बैठक में डीएमएफटी की राशि से जिला में स्वास्थ्य, शिक्षा, आंगनवाड़ी केन्द्र का सुदृढ़ीकरण एवं आधुनिकीकरण करने सहित अन्यान्य विषयों पर चर्चा की गई। सांसद जयंत सिन्हा ने बल देते हुए कहा कि डीएमएफटी राशि के सदुपयोग इस प्रकार किया जाए कि तात्कालिक उद्देश्य के बजाय दीर्घकालिक उद्देश्य की प्रतिपूर्ति हो सके। विशेषकर उन्होंने मानव संसाधन को सशक्त करने के साथ साथ स्कूल,आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य, कुपोषण पर ध्यान देने पर बल दिया। उन्होनें बताया की हर वर्ष 80 करोड रु की धनराशि डीएमएफटी को उपलब्ध होती है। इन राशि का एक बड़ा हिस्सा तकरीबन 60 प्रतिशत स्वास्थ्य,शिक्षा,महिला एवं बाल विकास,आंगनबाड़ी केंद्रों पर खर्च करने का प्रावधान है। उन्होंने सोशल और ह्यूमन कैपिटल पर फोकस करने की बात कही। स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्तापूर्ण सुधार के लिए माह सितंबर से डीएमएफटी के द्वारा स्वास्थ्य विभाग में 138 विभिन्न पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जायेगी। इस बिंदुओं पर चर्चा करते हुए सांसद ने जिले के हर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जन औषधि केंद्र संचालित करने के लिए सिविल सर्जन को व्यक्तिगत रुचि लेने की बात कही। मौके पर बताया गया की वर्तमान में जिले में 1770 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है। खनन प्रभावित क्षेत्रों में आने वाले 200 आंगनबाड़ी केन्द्रों को डीएमएफटी मद से मॉडल आंगनवाड़ी केंद्रों के रूप में परिणत किया गया है। शिक्षा की चर्चा के क्रम में श्री सिन्हा ने कहा की जिला ने 148 उच्च विद्यालय संचालित है। जिसने बाउंड्री वॉल, गेट,कंप्यूटर लैब, स्मार्ट क्लास आदि आवश्यक रूप से होने चाहिए। उन्होंने विशेष जोर देते हुए कहा की प्रतिवर्ष डीएमएफटी के माध्यम से 10 विधालय को चहारदीवारी बनाने के लिए चयन करें तथा प्रत्येक वर्ष 10 विधालयो में स्मार्ट क्लास की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। जिला प्रशासन द्वारा बताया गया की पिछले वित्तीय वर्ष एवं चालू वित्तीय वर्ष में 51.62 करोड़ रू डीएमएफटी मद से 14 उच्च विद्यालयों के सुदृढ़ीकरण का कार्य स्वीकृत किया गया है, जिनमें 8 उच्च विद्यालयों के कार्य प्रगति पर हैं शेष 6 विद्यालयों का कार्य सितंबर माह से प्रारंभ कर दिया जाएगा। ज्ञातव्य है कि नियमावली के अनुसार डीएमएफटी मद का न्यूनतम साठ प्रतिशत की राशि स्वास्थ्य,शिक्षा, महिला एवं बाल विकास जैसे क्षेत्रों पर खर्च किया जाना है। वहीं रोड,पुल,पुलिया,सिंचाई जैसी योजनाओं पर अधिकतम चालीस प्रतिशत की राशि खर्च करने का प्रावधान है। ट्रैफिक की कुव्यवस्था से निजात के लिए ट्रैफिक मास्टर प्लान का ड्राफ्ट बनाकर इंप्लीमेंट करने की बात कही।

सड़क नही बनी तो अब होगा आंदोलन : कुमार संतोष सिंह

इचाक(आजाद सिपाही)। प्रखंड के भूसाई गांव में ग्रामीणों की बैठक हुई। अध्यक्षता कांग्रेस नेता कुमार संतोष सिंह ने किया। ग्रामीणों ने इचाक टू नगवां भाया साडम – चंदवारा सड़क की जर्जर स्थिति पर चिंता जाहिर करते हुए सरकार और विभाग से जल्द निर्माण की मांग की। कांग्रेस नेता कुमार संतोष सिंह ने कहा की सरकार और विभाग इस ओर ध्यान दे। जल्द सड़क नही बना तो जोरदार आंदोलन किया जाएगा। बैठक में निर्णय लिया गया की एक प्रतिनिधि मंडल विभागीय मंत्री से मिल कर समस्याओं से अवगत कराएगा। साथ ही बड़े आंदोलन के लिए जल्द बड़े बैठक का आयोजन किया जाएगा, जिसमे प्रखंड से लेकर जिले तक के जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। मौके पर पूर्व मुखिया संतोष प्रसाद मेहता, संजय मेहता, कृष्ण कुमार सिंह, अभय सिंह, विक्रम सिंह, धर्मेंद्र सिंह, कपिल मेहता, मंटू सिंह, संजय सिंह, दीपक मेहता समेत अन्य उपस्थित थे।

फुटबॉल टूनार्मेंट के ओपनिंग मैच में लेदाही ने कोंय को हराया

इचाक(आजाद सिपाही)। प्रखंड के फुरुका स्थित ताराटांड़ मैदान में सर्वोदय युवा क्लब फुरुका की ओर से फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन किया गया ' उद्घाटन समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह, जिला परिषद सदस्य रेनू देवी, मंगुरा पंचायत के मुखिया मीना देवी व भाजपा नेता सुनील मेहता ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और फुटबॉल कीक मारकर किया। उद्घाटन मैच लेदाही और दारू प्रखंड के कोंय गांव के बीच खेला गया। जिसमे लेदाही ने एक गोल से कोंय को हराया। रेफरी की भूमिका सुरेन्द्र मेहता और उद्घोषक की भूमिका पत्रकार रामशरण शर्मा और कमेटी के संरक्षक रंजित शर्मा ने किया। मुख्य अतिथि समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि खेल जीवन का महत्वपूर्ण अंग है। खेल से शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास के साथ–साथ लोग निरोग भी रहते हैं। जिला परिषद सदस्य रेनू देवी ने कहा कि प्रखंड हमेसा फुटबॉल के प्रेमी रहा है। बच्चे प्रतिदिन रूटीन बनाकर फुटबॉल, कबड्डी, बैडमिंटन जेसे खेलों में रुचि बढ़ाएं। स्वस्थ जीवन के लिए खेल जरूरी है। भाजपा नेता सुनील कुमार मेहता ने कहा कि फुटबॉल खेल एक दूसरे से भाईचारा बढाता है। मुखिया मीना देवी ने कहा कि फुरुका के मैदान में पिछले कई वर्षों से फुटबॉल मैच का आयोजन होते आ रहा है। खिलाड़ी बड़े ही उत्साह से खेल में भाग लेते हैं। इसलिए यहां के लोगों को फुटबॉल मैच का आयोजन करना जरूरी होता है। मौके पर समाजसेवी अजय सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम के मद्देनजर कांग्रेस कार्यालय में बैठक का आयोजन

हजारीबाग(आजाद सिपाही)। कांग्रेस ऑफिस कृष्णबल्लभ आश्रम में भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम के मद्देनजर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह ने किया। इस बैठक में 7 सितंबर से पंचायत स्तर पर चलने वाली भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम का शुभारंभ हजारीबाग जिला के नगर से किया जाएगा। इस बैठक में उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान, लाल बिहारी सिंह, अजय कुमार गुप्ता, सुनील सिंह राठौर, ओमप्रकाश झा, मनोज नारायण भगत, दिलदार अंसारी, प्रखंड अध्यक्षों में विकास कुमार यादव, रविन्द्र गुप्ता, विशेश्वर नाथ चौबे, नरसिंह प्रजापति, लाल मोहन रविदास, कैलाश पति देव, अजित कुमार सिंह, मो नौशाद, केडी सिंह, जावेद इकबाल, सुनिल कुमार ओझा, उपेन्द्र कुशवाहा, चंदन कुमार गुप्ता, सदरूल होदा, मनोहर शर्मा, विनय कुमार सिंह, सुरेश महतो, मो. कलाम, सैयद अशरफ अली, मुगेश्वर प्रसाद चौधरी के अलाव कई कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

कांग्रेस का हल्ला बोल कार्यक्रम

विष्णुगढ़(आजाद सिपाही)। कांग्रेस पार्टी बिष्णुगढ़ के द्वारा ब्लॉक कार्यालय परिसर में गुरुवार को प्रखण्ड अध्यक्ष अब्बास असारी के नेतृत्व में मुल्य वृदि के खिलाफ हल्ला बोल धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम किया गया । एवं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा डिजल, पेट्रोल, गैस सिलेन्डर, एवं अनेको खाद्य सामग्रीयों में बेतहाशा मुल्य वृद्धि को लेकर उपस्थित लोगो ने जम कर निंदा की एवं सरकार को चेतावनी दी कि अगर बढती मंहगाई पर सरकार अंकुश नही लगाती है रोजमर्रा की जिंदगी में ईस्तेमाल होने वाली चिजों का कीमत कम करें एवं खाद्य सामग्रीयों पर जीएसटी सरकार लगाना बन्द करे उसे वापस ले अन्यथा यही जनता आनेवाले चुनाव में उखाड कर फेकने में क्षणिक देर नहीं करेगी। यह बढती महंगाई मुद्दा सिर्फ कॉंग्रेस पार्टी का नहीं है बल्की भारत के हर गरीब मध्यम परिवार का मुद्दा है ।यह एक सौ पैंतीस करोड भारत वासी का मुद्दा है इन मुद्दों को लेकर कॉग्रेस पार्टी आंदोलन जारी रखेगी ।मौके पर जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र मिश्र, विशेषवर प्रसाद स्वर्णकार, झारखण्डी एकता संघ के राष्ट्रीय अधक्ष असलम अंसारी, कार्यकारी अध्यक्ष रामजन्म राय, जिला सचिव सुनैना दुबे, महिला प्रखणड अध्यक्ष पूनम कुमारी, गणपति स्वपार्कार, जाकीर हुसैन, अलाउदीन अंसारी, कमल राम, नरेश सिंह एवं अन्य मौजुद थे।

एनटीपीसी के सौजन्य से हजारीबाग पुलिस लाइन में बैरक निर्माण का शिलान्यास



बड़कागांव(आजाद सिपाही)। एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के महाप्रबंधक शिवम श्रीवास्तव एवं हजारीबाग जिला पुलिस अधीक्षक श्री मनोज रत्न चोथे द्वारा हजारीबाग पुलिस लाइन में बैरक, फ्लैग पोस्ट एवं पार्किंग शेड का निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। आप सभी को बताता दें कि पुलिस लाइन में रहने वाले पुलिस कर्मियों के लिए आदर्श बैरक, फ्लैग पोस्ट एवं पार्किंग शेड का निर्माण एनटीपीसी के सौजन्य से करवाया जा रहा है। इसमें पुलिस जवानों के लिए तमाम सुविधाएं होंगी। इसके रखरखाव का पूरा जिम्मा हजारीबाग पुलिसकर्मियों पर होगा। परियोजना महाप्रबंधक ने इस अवसर पर बोलते हुए कहा की हजारीबाग जिला पुलिस के साथ हमारे जुड़ाव को अगले स्तर तक ले जाना है और सुचारू खनन कार्यों के लिए मैं सभी पुलिस के जवानों एवं अधिकारियों को अपना आभार व्यक्त करता हूँ। इस अवसर पर परियोजना के मानव संसाधन विभाग के अपरमहाप्रबंधक अमित कुमार अस्थाना, सिविल विभाग उपमहाप्रबंधक रंजीत कुमार, एवं हजारीबाग पुलिस तथा एनटीपीसी के सभी अधिकारीगण उपस्थित रहें।

आगों पंचायत के पचंडा गांव मे पुलिया एवं गार्डवाल निर्माण हेतु विधायक ने की अनुशंसा

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। बड़कागांव प्रखंड के अति सुदूरवर्ती आगो पंचायत के जंगलों, पहाड़ों व नदियों के बीच घिरे ग्राम पचंडा मे बरसात के दिनों में दूधमटिया झकझोर मे छोटी नदी पड़ जाने के कारण आवागमन बाधित हो जाता है एवं लोग गांव के बाहर पुलिया के अभाव में नहीं जा पाते थे स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद के समक्ष मामला पहुंचने पर विधायक ने तुरंत संज्ञान में लेते हुए उक्त नदी पर पुलिया एवं गार्डवाल निर्माण के लिए विधायक मद से अनुशंसा की है एवं जल्द से जल्द लोगों को मुख्यधारा से जोड़ने की पहल की है वही अनुशंसा होने पर बड़कागांव प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, संजय महतो, दीपक करमाली, राहुल करमाली, राजू मुंडा,विनोद बेसरा, मिश्रीलाल मांझी समेत समस्त ग्रामीणों ने विधायक का आभार व्यक्त किया।

झारखंड की खूबसूरत वादियों में फिल्मों की शूटिंग की असीम संभावनाएं : हर्षराज हर्ष

- हिंदी फिल्मों के जाने माने संगीतकार हर्षराज हर्ष पहुंचे रजरप्पा, किये पूजा अर्चना
- फिल्म सबवे में संगीत का जादू बिखेरेंगे संगीतकार हर्षराज हर्ष, मेगास्टार रवि किशन की आने वाली हिंदी फि ल्म है.सबवे जो 09 सितंबर को होगी रिलीज
- रजरप्पा महोत्सव के दौरान अपनी संगीत से लोगों का कर चुके हैं मनोरंजन

चितरपुर(आजाद सिपाही)। हिंदी फिल्मों के जाने माने संगीतकार हर्षराज हर्ष गुरुवार को रजरप्पा स्थित छिन्नमस्तिका मंदिर पहुंचे। यहां पहुंचकर उन्होंने मां छिन्नमस्तिका की पूजा अर्चना कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने दामोदर भैरवी संगम स्थल का जायजा भी लिए। मौके पर उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि यहां की मनोरम वादियां काफी मनमोहक है, जो बर्बश लोगों को अपनी ओर खींचती है। उन्होंने आगे कहा कि झारखंड की मनोरम वादियों में भी फिल्मों की शूटिंग की असीम संभावनाएं हैं। उन्होंने आगे कहा कि उनकी अपकमिंग फिल्म सबवे हैं। जिसमे मुख्य कलाकार के तौर पर रवि किशन जी ने अभिनय किया। जो 09 सितंबर को ही रिलीज होने जा रही है। इसके

अलावे उनकी आने वाली फिल्म खेला होबे और तेरे बिन जी सकेंगे न हम है। जिसकी शूटिंग अभी चल रही है। उन्होंने आगे कहा कि वे पटना के रहने वाले हैं। उन्होंने प्रयागराज से शास्त्रीय संगीत में मास्टर ऑफ म्यूज़िक एवं चंडीगढ़ से लाइट म्यूजिक में संगीत विषारद की डिग्री हासिल किये हैं। उनकी फिल्म सबवे में एक से बढ़कर एक चार कर्णप्रिय धुनें पेश की है। जिनको सुनकर दर्शक 90 के दशक की मेलोडी को फिर से सुनकर झूम उठेंगे। उन्होंने आगे कहा कि उत्तर प्रदेश के बीहड़ों और हिमाचल की बफीर्ली वादियों में शूट इन गानों को अपनी आवाज के जादू से निखारा है जावेद अली, पलक मुच्छल, मोहम्मद इरफान, नकाश अजीज, ऋतु पाठक और खुद हर्ष राज हर्ष ने। फि ल्म सबवे जी म्यूजिक पर रिलीज हो रही हैं। अलग अलग सिचुएशन पर आधारित इन गीतों को गीतकार फैज अनवर ने लिखा है। उन्होंने आगे कहा कि एक गीत मस्तमौला जहां युवाओं की मस्ती से लबरेज है, तो ऋतु पाठक का गाया डांस नंबर ₹तू ठरकी हुआ.... हर किसी को झूमने पर मजबूर कर देता है। और नवोदित जोड़ी विशाल विशेष और नाजुक पर फिल्माया गया गीत पिया रे पिया... और रूबरू गाने सालों साल श्रोताओं के कानों में गूंजते रहेंगे। पूजा अर्चना के बाद वे वापस मुंबई लौट गए।

पर्यूषण महापर्व के दूसरे दिन मार्दव धर्म की हुई पूजा

रामगढ़(आजाद सिपाही)। श्री दिगंबर जैन धमार्लंबियों के तप, तपस्या व त्याग के पर्युषण महापर्व के दूसरे दिन गुरुवार को उत्तम मार्दव धर्म की पूजा विधि विधान के साथ संपन्न हुई। शहर के मेन रोड स्थित श्री महावीर जिनालय में जलाभिषेक विमल, विनोद कुमार जैन, अजय पाटनी, रमेश, विकास सेठी व शांतिधारा सुशील चुड़ीवाल, सौरव अजमेरा, गौरव अजमेरा ने किया। जबकि रांची रोड स्थित श्री पार्श्वनाथ जिनालय में जलाभिषेक पदमचंद सेठी, अरिहंत सेठी व शांतिधारा हरकचंद व विवेक अजमेरा ने किया। बुधवार की देर शाम णमोकार मंत्र गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसके प्रोजेक्ट चेयरमैन का कशिश जैन थे। प्रतियोगिता में 20 बच्चों ने भाग लिया। जहां उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। **'क्या है उत्तम मार्दव धर्म'** : आज हम पर्यूषण पर्व की दूसरी सीढ़ी पर कदम रखने जा रहे हैं। जिसका नाम उत्तम मार्दव धर्म है। मार्दव धर्म किसे कहते हैं, कोमलता का नाम मार्दव है। मार्दव धर्म मान कषाय के प्रभाव में प्रकट होता है। प्रतिकूलता में क्रोध आता है। अर्थात, असफल व्यक्ति क्रोधी और सफल व्यक्ति मानी होता है। मानपत्र सबके घर में लगे मिल जाएंगे, पर किसी के घर में क्रोध पत्र नहीं मिलेगा। क्रोध पत्र कोई किसी को देता भी नहीं, यदि कोई देगा तो आप लेंगे नहीं घर में लगाने की बात बहुत दूर की है पर लोग मानपत्र बड़ी शान से लेते हैं और उसे बड़े प्यार से घर में सजाते हैं। बहुत लोग उसे ज्ञानपत्र समझते हैं, जबकि उस पर साफ-साफ लिखा रहता है मानपत्र। इतने पर संतोष नहीं होता तो उसे अखबारों में पूरा छपवाने है चाहे विज्ञापन का पैसा क्यों नहीं देना पड़े। मान एक मीठा जहर है जो मिलने से अच्छा लगता है, पर वह बहुत दु:खदायक है, क्योंकि या एक कषाय है। मान क्रोध के समान ही आत्मा का अहित करने वाला विकार है। अभिमान की भावना मानव जीवन के लिए महा विनाशकारी है। याह संपूर्ण जीवन की साधना को निष्फल कर देती है।

करम रिझवार झूमर सह फुटबॉल प्रतियोगिता का वार्ड पार्षद ने किया शुभारंभ

ऐसे आयोजनों से क्षेत्र के खिलाड़ियों में निखार आता है : देवधारी

रामगढ़(आजाद सिपाही)। नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 26 के कैथा में स्थित छोटानागपुर उच्च विद्यालय परिसर में गुरुवार को करम रिझवार झूमर सह फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इसका विधिवत उदघाटन वार्ड पार्षद देवधारी महतो ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व गेंद को किक मारकर किया। इससे पूर्व अतिथियों के आगमन पर आयोजन समिति द्वारा बुके देकर स्वागत किया गया। मौके पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए वार्ड पार्षद गिरधारी माता ने कहा कि ऐसे आयोजनों से क्षेत्र के खिलाड़ियों में निखार आती है, जो आगे जाकर अपने क्षेत्र, जिला व राज्य का नाम रोशन करते है। वही, आयोजन समिति के अध्यक्ष मुनिनाथ महतो ने कहा कि लगातार फुटबॉल मैच चलता रहेगा, तथा 5 तारिक को इसका मेगा फाइनल मुकाबला होगा और झूमर प्रतियोगिता होगा। जिसमें प्रथम आने वाले झूमर टीम को 5 हजार का नगद व कप। जबकु द्वितीय स्थान आने वाले झूमर टीम को 4 हजार नगद व कप एवं तृतीय स्थान वाले टीम को 3 हजार नगद और हरेक टीम को सान्तवना पुरस्कार के रूप में 500 नगद दिया जायेगा। उसके बाद संध्या में ओडिशा के मशहूर कलाकर उर्मिला महतो एवं टीम की और से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। मौके पर संरक्षक पंचम महतो, संजय करमाली, माधव करमाली, गुड्डु महतो , रामप्रकाश महतो, शखि गोपाल महतो, धीरू महतो, राजेन्द्र, धनमेंद्र, बिनोद, चेतलाल, प्रकाश, कुलदीप, अमित कुमार आदि उपस्थित थे।

लुरुंगा में प्राचीन शिव मंदिर निर्माण का किया गया शिलान्यास

उरीमारी (आजाद सिपाही)। गरसुला पंचायत क्षेत्र के लुरुंगा में गुरुवार को प्राचीन शिव मंदिर निर्माण को लेकर पंचायत के मुखिया मालती देवी एवं जिला पार्षद सदस्य प्रतिनिधि दीपक करमाली ने संयुक्त रूप से पूजा अर्चना कर नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। शिलान्यास कार्यक्रम पुजारी प्यारे लाल के द्वारा किया गया, जिसमें मुख्य रूप से गरसुला पंचायत के पूर्व मुखिया छक्कन बेदिया, पंचायत समिति सदस्य प्रिया कुमारी, उपमुखिया नंदकिशोर बेदिया, वार्ड सदस्य सोनमतिया देवी, पूनम देवी, मालती देवी, ग्रामीण संटू बेदिया, तालेश्वर साव, गोपाल तुरी,दुबेश्वर तुरी, फुलचंद बेदिया,चैता बेदिया, जगदीश महतो,धनु गंझू, सहदेव सिंह, राजकुमार साव, महेश महतो,कमलेश महतो, अरुण कुमार, बलदेव साव, महावीर साव,पुनीत महतो, सुखदेव महतो, दिलीप तिवारी, कैलाश बेदिया, रवि कुमार साव, निरंजन साव, रामेश्वर तुरी,खिरोधर साव, रविन्द्र गंझू, सहित कई लोग मौजूद थे।

वार्ड पार्षद ने जनता के बीच बांटी डस्टबिन

रामगढ़(आजाद सिपाही)। नगर परिषद क्षेत्र के कैथा स्थित छोटानागपुर उच्च विद्यालय परिसर में गुरुवार को वार्ड नंबर 26 के पार्षद देवधारी महतो के नेतृत्व में जनता के बीच डस्टबिन का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेदिया, उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो शामिल हुए। इस दौरान वार्ड की जनता के बीच सूखा और गीला कचरा के लिए डस्टबिन का वितरण किया गया। मौके पर वार्ड पार्षद देदारी महतो ने कहा कि डस्टबिन का प्रयोग करने से आप अपने क्षेत्र को साफ-सुथरा के अलावे आप स्वयं भी स्वस्थ रहेंगे। इस अवसर पर समाजसेवी राम प्रकाश महतो, बलदेव महतो, महेंद्र महतो, कुलेश्वर महतो, मोहरलाल महतो, मोहित महतो, मुनिया देवी, बसंती देवी, बालको देवी, त्रिभुवन महतो, प्रदीप महतो आदि उपस्थित थे।

वाहन चेकिंग अभियान में वसूला गया 21 हजार 500 जुर्माना

- चितरपुर स्थित आरक्षी शिविर के पास ट्रैफिक पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान, 19 दोपहिया वाहनों से वसूला 21,500 जुमार्ना

चितरपुर (आजाद सिपाही)। चितरपुर स्थित आरक्षी शिविर के पास गुरुवार को रामगढ़ के ट्रैफिक पुलिस द्वारा दोपहिया वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान का नेतृत्व यातायात पुलिस के एएसआई सिलवानुस तिरु द्वारा किया गया। इस दौरान सड़क से बगैर हेलमेट के गुजरने वाले लोगों की बाइक जब्त करते हुए उनसे जुमार्ना वसूला गया। बगैर हेलमेट के बाइक चलाने वालों का एक हजार का चालान काटा गया। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान 19 दो पहिया वाहनों से 21 हजार 500 रूपए का जुमार्ना वसूला गया। ऑनलाइन तरीके से 02 दोपहिया वाहन से 5000 हजार की वसूली की गई। वहीं ऑफलाइन तरीके 17 दोपहिया वाहनों से 16500 की वसूली की गई। मौके पर आरक्षी मुकीम अंसारी, हवलदार संजय राज, रोहित राज रत्नम सहित पैंथर के जवान मौजूद थे।

सीसीएल हमेशा अपने दायित्वों का करता है निर्वहन : कल्पना यादव

चितरपुर (आजाद सिपाही)। अमृत महोत्सव के तहत रजरप्पा कोयलांचल स्थित ऑफिसर्स क्लब में गुरुवार को अपर्णा महिला समिति रजरप्पा और प्रेरणा महिला समिति बरकाकाना के मार्गदर्शन पर सीसीएल के सीएसआर मद द्वारा सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र के दर्जनों दिव्यांगों के बीच ट्राई साइकिल का वितरण किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में रजरप्पा क्षेत्र के महाप्रबंधक पीएन यादव की धर्मपत्नी सह अपर्णा महिला समिति की अध्यक्ष कल्पना यादव व विशिष्ट अतिथि अपर्णा महिला समिति की सचिव मधुलता, प्रेरणा महिला समिति की अध्यक्ष स्वर्ण मंजूरी, सचिव भारती प्रसाद मौजूद थे। सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान कमांड क्षेत्र के लगभग 34 दिव्यांगों के बीच ट्राई साइकिल का वितरण मुख्य अतिथि द्वारा किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि सीसीएल हमेशा अपने दायित्वों का निर्वहन करती है। उसी के तहत 34 दिव्यांगों के बीच ट्राई साइकिल का वितरण किया गया है। कार्यक्रम का संचालन नोडल अधिकारी (सीएसआर) आशीष झा ने किया। मौके पर प्रबंधन प्रशिक्षु(कार्मिक) उदय शेखर, विकास कच्छप, सुनील कुमार, बिकास राय के अलावे यूनियन नेता हाजी अख़्तर आजाद, राजेंद्रनाथ चौधरी, चंदेश्वर सिंह, किशोरी प्रसाद, महेंद्र मिस्त्री, आर पी सिंह, सुख सागर सिंह, विशाल कुमार, सीडी सिंह, धनेश्वर राम, शाहिद, मुखिया सुनीता देवी, किरण कुमारी, कुलदीप सिंह, तेजलाल महतो, भानु मोदी, मुन्नी देवी सहित कई मौजूद थे।

फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किसान नेता ने किया शुभारंभ

रामगढ़(आजाद सिपाही)। फुटबॉल टूनामेंट का आयोजन ग्राम चिटो चित्तौड़ में किया गया। जिसके मुख्य अतिथि किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय संयोजक पंकज महतो थे। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और फुटबॉल को कीकमार कर मैच का उद्घाटन किया। मैच पाली बनाम गिद्दी के बीच खेला गया। मैच काफी रोमांचक रहा। जिसमें पालि ने 1-0 मैच जीत गया। मैन ऑफ द मैच राम विकास बेदिया को चुना गया। मौके पर पंकज महतो ने कहा कि खेल से आपसी भाईचारे की बढ़ती है। साथ ही शरीर में मानसिक और शारीरिक विकास होता है।खेल हम सबों को करीब लाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह से खेल का आयोजन से ग्रामीण खेल प्रतिभा को निखारने का मौका मिलता है। पर बहुत अफसोस है के बड़कागांव विधानसभा में कहीं

भी किसी पंचायत में अच्छा खेल का मैदान नहीं है॥ जिसके लिए सिर्फ बड़कागांव विधायक जिम्मेवार है। जो विगत 15 वर्षों से युवाओं को गुमराह किए हुए हैं। मौके पर विनोद कुशवाहा हिमांश कुमार, कमेटी के अध्यक्ष हेमंत मुंडा, उपाध्यक्ष प्रदीप मुंडा, कोषाध्यक्ष सुनील मुंडा, रेफरी तपेश्वर बेदिया, कमेटी के सदस्य विकास मुंडा, अजय गन्झु, गांव मुंडा, हिम्मतगंज कुलदीप मुंडा करण गन्झु रवि मुंडा पिंटू गन्झु जगदीश गन्झु अभय मुंडा टिंकू गन्झु आदि मौजूद थे।

चतरा में खुला राईज वृद्धाश्रम, वृद्धाओं की जिम्मेदारी के साथ की जायेगी देखभाल

चतरा(आजाद सिपाही)। शहर के नगवां मुहल्ला सांसद सुनील सिंह के आवास स्थित राईज वृद्धाश्रम की स्थापना की गई है। जहां जिले सहित दूसरे जिले के वृद्ध व वृद्धाओ की जम्मेवारी के साथ समुचित देख रेख किया जाएगा।आश्रम में वृद्धाओ को समयानुसार सुबह नास्ता, दोपहर खाना, शाम का नास्ता व सेवा किया जाएगा। यह देखरेख रेडियन्त इंस्टीच्यूट ऑफ सोफ्टवेयर इजुकेशन के कर्मियो व अधिकारियो के द्वारा किया जाएगा। राईज वृद्धाआश्रम संस्था के अध्यक्ष रविरंजन कुमार, सचिव आर्यन राज व कोषाध्यक्ष श्रीकांत कुमार ने संयुक्त रूप से बताया कि यह संस्था अन्डर सोसाएटी रजिस्ट्रेशन एक्त 1 ऑफ 1860 के तहत झारखंड सरकार से रजिस्टर्ड है। रजिस्ट्रेशन संख्या 817/2009-2010 है। यह संस्था के द्वारा सभी तरह के वृद्धाओ के आलाबे वैसे वृद्ध माता पिता जो अपने परिजनो से परेशान हो या उन्हें मानसिक व शारीरिक कष्ट

दिया जाता हो, उनके पुत्रो व पुत्र वधुओं के द्वारा खाना न दिया जाता हो, शारीरिक शोषण व मारपीट किया जाता हो या वैसे वृद्ध व वृद्धाएं जो किसी कारण से अपने परिजनो के साथ रहना न चाहते हो तो वैसे वृद्धाओ के लिए राईज वृद्धाआश्रम मे जिमेमेवारी पूर्व देखरेख व सेवा देने की पुरी व्यवस्था है।इसके आलाबे वृद्धाओ के लिए स्वास्थय संबंधी जांच के लिए डॉ व नर्स की व्यवस्था, कपडे धोने के व साफ सफाई के लिए दाई की व्यवस्था की गई है। यह कार्य वृद्ध व वृद्धाओ के लिए निः शुल्क है।इसके आलाबे वृद्ध व वृद्धाओ के लिए मनोरंजन की भी व्यवस्था की गई है। विशेष जानकारी के लिए इस नम्बर 9031003318 पर संपर्क करें।

एफपीओ के कार्यो की हुई समीक्षा, कोल्ड रूम बनाने की मांग

गोला(आजाद सिपाही)। चोकाद स्थित दर्पण प्रडूसर कम्पनी लिमिटेड के कार्यो की समीक्षा गुरुवार को हुई। यहां मुख्य सतर्कता अधिकारी एस० एन कौशिक, नाबार्ड महाप्रबंधक गौतम कुमार सिंह, लेफि्टनेंट कमांडर रोहित मिश्रा, रामगढ़ डीडीएम उपेंद्र कुमार शाह के द्वारा कम्पनी के कार्यों का लेखा जोखा एवं कम्पनी के कार्यों की जानकारी लिया। किसानों ने अधिकारियों से गांव में कोल्ड रूम का माँग किया। ताकि हरि सब्जियों को ज्यादा दिन तक रखा जा सके। नाबार्ड महाप्रबंधक ने किसानों को कोल्ड रूम देने का अश्वासन दिया है। मौके पर सृजोनी के राजीव कुमार, कम्पनी के एमडी नव कुमार महतो, डिस्ट्रिक्ट कोडिर्नेटोर बबलू कुमार, सुरेंद्र महतो, अनिल कुमार महतो, कुलेश्वर महतो, विक्रांत महतो, भद्रु सिंह , ब्रज किशोर महतो, अनिता देवी, आशा देवी, शांति देवी, उषा देवी, गोपेश्वर महतो, घनश्याम महतो, महेश बेदिया, सर्वेश्वर महतो, नरेश महतो, कम्पनी के सीईओ दीपक कुमार पटेल , लेखा पाल बिनोद महतो सहित अन्य किसान मौजूद थे ।

एलआइसी अभिकर्ताओं ने दिया धरना

गोला(आजाद सिपाही)। भारतीय जीवन बीमा निगम गोला उप शाखा में गुरुवार को एलआईसी अभिकताओं ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर धरना दिया।इस दौरान अभिकताओं ने काला बिल्ला लगा कर जमकर नारेबाजी की।इस दौरान अभिकताओं ने पॉलिसी धारकों का बोनस बढ़ाने, जीएसटी में छूट देने, लोन में ब्याज कम करने, अभिकताओं को पेंशन और पीएफ का लाभ देने, अभिकर्ता के पूरे परिवार को मेडिक्लेम की सुविधा देने, अभिकताओं का ग्रेच्युटी बढ़ाने सहित कई मांग की।धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से शामिल मंडल संगठन सचिव मनोज चंद्र पोद्दार ने कहा कि प्रथम चरण में एक सितंबर से लेकर 30 नवंबर तक सभी अभिकर्ता काला बिल्ला लगा कर कार्य करेंगे। इसके बाद आगे आंदोलन की रणनीति तय की जायेगी मौके पर उप शाखा अध्यक्ष दिनेश प्रसाद, सचिव राजेश चंद्र पोद्दार, नरेंद्र नाथ चौधरी, महेंद्र शर्मा, फहीमुद्दीन अंसारी, संजय पोद्दार, दिलीप पांडेय, परितोष चंद्र पोद्दार, पंचम चंद्र पोद्दार सहित कई मौजूद थे।

महाप्रबंधक कार्यालय में विश्वकर्मा पूजा को लेकर हुई बैठक

उरीमारी (आजाद सिपाही)। बरका सयाल क्षेत्र महाप्रबंधक कार्यालय में बाबा विश्वकर्मा पूजा मनाने को लेकर गुरुवार को बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से विचार विमर्श कर विश्वकर्मा पूजा कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार स्टाफ ऑफिसर ई&एम बरका सयाल क्षेत्र, सचिव सुदेश प्रसाद कार्यालय अधीक्षक क्षेत्रीय वित्त प्रबंधक कार्यालय बरका सयाल,सह सचिव नवल मंडल ड्राइवर कम मैकेनिक,सह सचिव शिवनंदन दास मेकेनिकल फॉर मैन, कोषाध्यक्ष शशि कुमार दुसाद लिपिक वर्ग थर्ड,सह कोषाध्यक्ष जोगेंद्र रजवार आर्म गार्ड,सह कोषाध्यक्ष शुभम कुमार कैटेगरी वन,बरका सयाल चुने गए। बैठक में मुख्य रूप से केदार राम, राजेंद्र प्रसाद, कमलेश कुमार,मो सफीक अंसारी,मो नसरुद्दीन अंसारी, अपराजित सिंह, युगल किशोर सिंह, कुश प्रसाद, बालेश्वर महतो, गुरजीत सिंह, विक्रम नायक, अखिलेश चौहान, राहुल महतो, विकास कुमार, सतीश तिवारी, अजीत मरांडी, मिथिलेश यादव, आदित्य कुमार, मुकेश कुमार, मुकेश किस्कू, महेंद्र साव, तुफैल अंसारी, सुखलाल मांझी, कासिम अंसारी, धनेश्वर सिंह, सिकंदर कुमार नवेंद्र सिंह मौजूद थे।

सिनेमा हॉल दुर्गा पूजा कमेटी का हुआ गठन

पतरातू(आजाद सिपाही)। पतरातू सिनमा हॉल दुर्गा मंडप में प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी दुर्गा पूजा मनाने को लकर गुरुवार को मंडप परिसर में ग्रामीणों की बैठक हुई। इसमें सर्वसम्मति से पूजा कमेटी का गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष रामलाल सिंह व मुनीलाल सिंह का चयन किया गया। इसके साथ ही कार्यकारी अध्यक्ष हरी सिंह, सचिव मनोज कुमार राणा, उप सचिव प्रांजल सिंह, कोषाध्यक्ष अविनाश गुप्ता, कमेटी का संरक्षक अजय अग्रवाल, यजमान सुरेश गुप्ता, पूजा प्रभारी बजरंग कुमार व अंकित, मोहित, सुमित, सूरज, आदित्य, संगठन मंत्री वकील शर्मा, प्रभाष शाहा, सुदाम प्रसाद, श्याम सिंह, रवि कुमार, सोनु सिंह, श्रवण कुमार, अमन कुमार, मनीष कुमार, अक्षय कुमार, मुन्ना कुमार, संतोष कुमार, सनोज राणा आदि को भी कई अन्य जिम्मवारियां सौंपी गई।

पतरातू बीडीओ को दी गयी विदाई

पतरातू(आजाद सिपाही)। पतरातू प्रखंड के बीडीओ देवदत पाठक 31 अगस्त को अवकाश ग्रहण कर लिए। इसके बाद गुरुवार को उनके बिदाई देने के लिए एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इसमें जिले से आए डीडीसी नागेन्द्र सिन्हा, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी आबिद हुसैन, पतरातू सीओ शिवशंकर पाण्डेय आदि अधिकारियों ने निवर्तमान बीडीओ के कामों की प्रशंसा की। इसके बाद दर्जनों अधिकारियों कर्मचारियों सहित पंचायत प्रतिनिधियों ने बीडीओ को उपहार स्वरुप कई सामान दिए। मुखिया संघ के लोगों ने भी उपहार के साथ उन्हे सामुहिक रुप से माला पहना कर बिदाई दी। इस मौके पर वहीं प्रमुख कौशल्या देवी, जिप सदस्य राजाराम प्रजापति उप प्रमुख बबीता पाण्डेय मुखिया,पानो देवी, प्रति झा, गिरजेश कुमार, हीरा देवी, पिंकी खातून, सुमन भारती, नुतन सिंह, निधि सिंह, किशोर महतो, सांसद प्रतिनिधि सुखदेव प्रसाद, चितरंजन कुमार, सुखदेव मरांडी, बीपीओ संजय दास, विरेन्द्र झा, हरिदास साव, सहित अन्य सैकड़ो ग्रामीण शामिल थे।

बच्चों में कुपोषण और गर्भवती महिला की मृत्यु में कमी लाने को लेकर डीसी ने निकाली साइकिल रैली

- 1 सितंबर से 30 सितंबर तक पोषण अभियान चलाकर लोगों को किया जागरूक
- उपायुक्त ने कुपोषण से बचाव व बालिकाओं को समुचित आहार लेने का किया अपील

चतरा (आजाद सिपाही)। बच्चों में कुपोषण तथा गर्भवती महिला की मृत्यु कमी के उद्देश्य से गुरुवार को चतरा समाहरणालय से सदर प्रखंड कार्यालय तक पोषण अभियान अन्तर्गत पोषण हेतु साईकल रैली का आयोजन किया गया। डीसी अबू इमरान के नेतृत्व में साइकिल यात्रा निकाली गई। जिसमें एसडीओ मुमताज अंसारी, एसडीपीओ अविनाश कुमार समेत जिला के संबंधित अधिकारी ने डीसी के साथ साइकिल यात्रा की। कुपोषण मुक्त एवं पोषण आहार से संबंधित जागरूकता को लेकर 1 सितंबर से 30 सितंबर तक पूरे जिले भर में पोषण माह जागरूकता कार्यक्रम किया जाना है। जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त अबु इमरान ने पोषण माह शुभारंभ को लेकर समाहरणालय परिसर पहुंच परिसर में लगाए गए पोषण अभियान के लिए हस्ताक्षर बोर्ड पर हस्ताक्षर किया मौके पर उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने बढ़ चढ़ कर पोषण अभियान को सफल बनाने हेतु हस्ताक्षर किया। साथ ही उपायुक्त ने पोषण अभियान अन्तर्गत पोषण हेतु जागरूकता साईकल रैली को पोषण से संबंधित फ्लैग दिखा कर रवाना किया। इस अभियान रैली में उपायुक्त समेत जिले के

अन्य वरीय पदाधिकारी भी शामिल थे। जागरूकता साईकल रैली सदर प्रखण्ड कार्यालय पहुचने के पश्चात उपायुक्त ने पोषण रैली में शामिल सभी को संबोधित करते हुए कहा कि चतरा जिला को कुपोषण/टीबी/अनिमिया मुक्त जिला बनाना है को लेकर शपथ दिलाया गया। जिससे आनेवाली समय मे हमारा जिला कुपोषण से मुक्त हो सके। साथ ही बताया गया कि अपने-अपने घरो में जाकर लोगों को पोषण से संबंधित जागरूक करें उन्हे बताये कि समुचित आहार ले तभी कुपोषण से बचा जा सकता है। इसमें जानकारी ही बचाव है। मौके पर मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज अंसारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्रा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरजमुनी कुमारी, पीरामल फाउंडेशन से जिला समन्वयक दीपक कुमार मिश्रा, स्कूली बच्चे समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

डीसी ने पोषण रथ को किया रवाना

चतरा (आजाद सिपाही)। कुपोषण मुक्त एवं पोषण आहार से संबंधित जागरूकता को लेकर गुरुवार 1 सितंबर से 30 सितंबर तक जिले भर में पोषण माह मनाई जाएगी। जिसका उद्देश्य समुचित पोषण में आम जन तक जागरूकता फैलाना लोगों को कुपोषण से मुक्त हो सके एवं समुचित आहार के बारे में जान सके। डीसी अबू इमरान, जिला समाज कल्याण एवं राजकुमारी फाउंडेशन के तत्वाधान पर संचालित चलित कुपोषण उपचार वाहन को हरि झंडी दिखाकर रथ रवाना किया गया। उपायुक्त ने कहा कि जन जागरूकता अभियान के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग एवं जिला समाज कल्याण द्वारा प्रयास किया जा रहा है कि संतुलित आहार की जानकारी के साथ पोषाहार समय पर महिलाओं एवं शिशु को उपलब्ध हो.

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 02 सितंबर, 2022
www.azadsipahi.com

गोर्बाचोफ याद रहेंगे

सोवियत संघ के पूर्व राष्ट्रपति मिखाइल गोर्बाचोफ हालिया इतिहास के ऐसे नेता थे, जिन्होंने दुनिया को संभवतः सबसे ज्यादा निर्णायक रूप में प्रभावित किया। 1985 से 1991 तक के कार्यकाल के दौरान अपनायी गयी उनकी नीतियों की बदौलत दुनिया की तत्कालीन दो महाशक्तियां- अमेरिका और सोवियत संघ- करीब आयीं। उनके बीच विश्वास का रिश्ता बना, जिससे शीत युद्ध से दुनिया को मुक्ति मिली। हालांकि इसके साथ ही यह भी हुआ कि समूचा ईस्ट ब्लॉक या कहें कम्युनिस्ट ब्लॉक सोवियत संघ के प्रभाव के बाहर चला गया और खुद सोवियत संघ भी बिखर कर 15 छोटे-बड़े देशों में बंट गया। आश्चर्य नहीं कि गोर्बाचोफ को दुनिया दो बिल्कुल अलग रूपों में याद करती है। पश्चिमी देशों के लिए वह महान मूल्यों के वाहक उदार नेता रहे हैं। उन्होंने अपने देश में जारी लौह आवरण (आयरन कर्टेन) की नीति की जगह ग्लासनोस्त (खुलापन) और पेरेस्त्रोइका (पुनर्गठन) को बढ़ावा दिया। वह फ्री प्रेस के समर्थक थे। उनके विचार और नारे केवल दिखावे के लिए नहीं होते थे। वह इन विचारों और नारों को अमल में लाते थे। यही वजह रही कि उनके कार्यकाल के दौरान इन नीतियों के अनुरूप उठाये गये कदमों ने सोवियत संघ के अंदर और बाहर ठोस बदलाव लाने शुरू किये। अमेरिका और सोवियत संघ के बीच का जो रिश्ता तनाव और अविश्वास की इंतिहा के लिए जाना जाता था, गोर्बाचोफ के कार्यकाल में उसकी बर्फ पिघलनी शुरू हुई। दोनों देशों में शीर्ष स्तर पर इस तरह का विश्वास बना कि परमाणु हथियारों की होड़ से त्रस्त दुनिया ने इन हथियारों में कटौती होती देखी। इतना ही नहीं, 1989 में जब बर्लिन की दीवार गिरने की ऐतिहासिक घटना हुई तब सबके मन में आशंका थी कि सोवियत संघ सशस्त्र दखल दे सकता है। लेकिन गोर्बाचोफ ने सेना को रोके रखते हुए इन आशंकाओं को गलत साबित कर दिया। इन्हीं वजहों से 1990 में उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार से भी नवाजा गया, लेकिन दिलचस्प है कि इन्हीं वजहों से वह अपने देश में अलोकप्रिय भी होते गये। वहां बाद की पीढ़ियों ने उन्हें ऐसे नेता के रूप में देखा, जिन्होंने विश्व पटल पर अपने देश की प्रभावी भूमिका का अंत कर दिया। रूस के मौजूदा राष्ट्रपति व्लादिमीर पूतिन भी उन लोगों में हैं, जो रूस को गोर्बाचोफ के कार्यकाल के पहले वाला गौरव दिलाना चाहते हैं। बहरहाल, यह अक्सर देखने में आया है कि किसी खास देश को महान बनाने वाली नीतियां बाकी दुनिया के लिए मुसीबत का सबब भी बन जाती हैं। इसका ताजा उदाहरण यूक्रेन युद्ध के रूप में सबके सामने है। जाहिर है, आज जब एक बार फिर दुनिया में तीसरे विश्वयुद्ध की आशंका जतायी जा रही है और बिल्कुल पुराने रूप में नहीं, लेकिन शीत युद्ध जैसे हालात बनने के आसार फिर से दिखायी देने लगे हैं, तो गोर्बाचोफ जैसे किसी कद्दावर वैश्विक नेता की कमी जरूर खलेगी, जो दुनिया को सिर्फ अपने देश के संकीर्ण हितों तक सीमित नजरिए से न देखता हो।

1989 में जब बर्लिन की दीवार गिरने की ऐतिहासिक घटना हुई तब सबके मन में आशंका थी कि सोवियत संघ सशस्त्र दखल दे सकता है। लेकिन गोर्बाचोफ ने सेना को रोके रखते हुए इन आशंकाओं को गलत साबित कर दिया।

यह दुर्भाग्य है कि ऐसे नियमों के से सावधान होने के बावजूद भी अपराधियों में भय या नहीं का नामोनिशान नहीं है। इस लिए इस कानून व्यवस्था का अधिकाधिक प्रचार-प्रसार करने की आवश्यकता है। तभी सभी अपराधी भयभीत हो सकते हैं और बैंकों की सार्थक बची रह सकती है तथा ग्राहकों का विश्वास डगमगा नहीं सकता। सरकार और समाज द्वारा ऐसे अपराधियों की गिरफ्तार होने के बाद उनका सामाजिक बहिष्कार होना चाहिए।

साइबर क्राइम और आम ग्राहक

डॉ अजय नंदन 'अजेय'

साइबर अपराधियों को आजकल एक नये प्रकार के कमाई का हथियार मिल गया है। ये साइबर अपराधी आसानी से लोगों का धन चोरी कर लेते हैं। यह अमानवीय अपराध है, क्योंकि धन अर्जित करने वाले लोग शादी, बीमारी, घर बनवाने, नौकरी-व्यापार करने, कर चुकाने आदि के लिए पैसे रखते है, परंतु स्वार्थी और असामाजिक तत्व चोरी कर लेते हैं।

पुलिस द्वारा आये दिन साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी होती है, परंतु फिर भी इस प्रकार के अपराधों में कमी नहीं हो रही है। ऐसे अपराधियों को सूचना प्रौद्योगिकी संशोधन अधिनियम 2008 की धारा 4566 और संसद के अंतर्गत 3 वर्ष जेल तथा 5 लाख रुपये जुर्माना तक का प्रावधान किया गया है।

यह दुर्भाग्य है कि ऐसे कड़े नियम होने के बावजूद भी अपराधियों में भय नहीं है। इस लिए इस कानून व्यवस्था का अधिकाधिक प्रचार-प्रसार करने की आवश्यकता है। तभी सभी अपराधी भयभीत हो सकते हैं और बैंकों की सार्थक बची रह सकती है तथा ग्राहकों का विश्वास डगमगा नहीं सकता। सरकार और समाज द्वारा ऐसे अपराधियों की गिरफ्तार होने के बाद उनका सामाजिक बहिष्कार होना चाहिए।

विशेष सूचना प्रौद्योगिकी संशोधन अधिनियम 2008 की धारा 4566 और संसद के अंतर्गत अपराधियों को 3 वर्ष जेल तथा 5 लाख जुर्माना का प्रावधान किया गया है।

पूर्ववर्ती काल में बैंकों से निकासी हेतु निकासी और मिलते थे, परंतु आजकल एटीएम की सुविधा प्राप्त हो गयी है। इससे राशि की निकासी बेशक सरल हो गयी है, परंतु इससे अधिक अपराध में बढ़ोतरी भी हो गये हैं। यह समस्या महामारी आते समय में फैलती जा रही है है। ऐसे में सावधानी और सुरक्षा के लिए बैंकों ने डेबिट कार्ड पर चीफ लगा दिया है, किंतु अपराध इसी गति से हो रही है, उसमें कमी नहीं आ रही है। इस बीच से ग्राहकों को जागरूक होना आवश्यक है।

केवल जामताड़ा में ही छापामारी करने से काम नहीं चलेगा, बल्कि पुलिस को पूरे भारत क्षेत्र में सुरक्षा की दृष्टि से सक्रिय होना पड़ेगा। सभी एटीएम केंद्रों में गार्डों की नियुक्ति होनी चाहिए और सीसीटीवी सही स्थानों पर लगानी पड़ेगी। एटीएम केंद्रों में गार्ड की उपस्थिति में और कार्ड क्लोनिंग से गुंजाइश काम हो जाती है। गार्ड की उपस्थिति होने पर हेलमेट पह कर अंदर प्रवेश नहीं कर सकते हैं। एक-एक व्यक्ति ही अंदर प्रवेश कर सकेंगे और सुरक्षा का उपाय हो सकेगा। कतिपय सुरक्षात्मक उपाय करना इस हेतु अनिवार्य है। अपना एटीएम पासवर्ड किसी अनजान आदमी को किसी भी परिस्थिति में नहीं बतायें। साथ ही अपना ओटीपी तथा पिन भी नंबर भी हमेशा गोपनीय रखें। अपने दोनों हाथों से छुपा कर पासवर्ड नंबर डालें। अपना पासवर्ड कभी भी अपने डायरी अथवा लिफाफे पर लिख कर नहीं रखना चाहिए। अगर ऑनलाइन निकासी करना हो तो निम्नलिखित सावधानी बरतना चाहिए जैसे सार्वजनिक स्थानों पर बाजार, आमसभा, सिनेमा आदि स्थानों पर ऐसा नहीं करें। अपना लैपटॉप या मोबाइल कभी किसी को नहीं प्रयोग करने के लिए दें।

भारतीय रिजर्व बैंक ने सावधानी और सुरक्षा के लिए सन 2011 में उपरोक्त सुझाव दिया गये हैं अथवा ऐसे लॉटरी के आधार से बचना चाहिए। सोचने की बात है कि बिना परिश्रम से कोई आपको क्यों लौटा देगा। ग्राहकों को किसी और से भी सावधान रहना होगा। आधी अधूरी जानकारी के लिए आपसे जो सवाल पूछे जाते हैं, उसका जवाब मत दीजिए। कोई बैंक इस तरह के सवाल आपसे नहीं पूछता हैष रिजर्व बैंक तो इस तरह का सवाल कभी नहीं पूछता है, क्योंकि रिजर्व बैंक में आम आदमी का खाता नहीं होता और न ही खोला जाता है, बल्कि इसमें सरकार का खाता होता है। राशि की निकासी के लिए सही पासवर्ड चाहिए। अगर निकासी से पहले कोई राशि की मांग करें, तो यह बिल्कुल फ्रॉड माना जाना चाहिए। इसके लिए बैंक की कोई जिम्मेदारी नहीं है। अगर फिर भी राशि की गड़बड़ी हो जाये, तो बैंकिंग लोकपाल कार्यालय में शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। पहले अपने बैंक जहां पर आता है, वहां एक शिकायत दर्ज करें और उसी की रिसीविंग कॉपी ले लें। फिर 30 दिन तक प्रतीक्षा करें। यदि जवाब आपके मन के अनुकूल नहीं है अथवा आप जवाब से संतुष्ट नहीं है, तो उस रिसीविंग कॉपी लेकर एक आवेदन लोकपाल के नाम से कार्यालय में जमा किया जा सकता है। यह समस्या निवारण के लिए एक विशिष्ट और पारदर्शी प्रणाली है। यह लोकपाल योजना 2006 की धारा 93 के तहत नियम बनायी गयी है। यह रिसीविंग की प्रति अवश्य ही आवेदन के साथ संलग्न करना चाहिए। लगभग 2 माह तक आपकी समस्या का निवारण संभव है।

बैंकिंग लोकपाल योजना 2006 बिल्कुल निःशुल्क है। ध्यान रहे कि अधिवक्ता के माध्यम से आवेदन नहीं देना है। गैर वित्तीय संस्थानों की शिकायत चारों महानगरों में लोकपाल को अपनी शिकायत भेज सकते हैं। वैसे पुलिस द्वारा भी जागरूकता शिविर संपन्न किये जाते हैं। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्रत्येक तीन माह पर जिलों में टाउन हॉल मीटिंग की जाती है, ताकि आम नागरिकों को बैंकिंग लोकपाल के नियम बताये जा सकें और आम जनता में जागरूकता का प्रचार-प्रसार हो। रिजर्व बैंक की 2000000 तक मुआवजा दिलाने का अधिकार प्रदान किया गया है। यदि ग्राहक की गलती साबित हो जाये, तो बैंक भुगतान देने से मुकर भी जा सकता है, परंतु यदि बैंक की स्वयं की गलती साबित हो जाये, तो बैंक मुआवजा देने के लिए विवश है या बीसी एसबीआइ फेयर एंड प्रैक्टिस के तहत सन 2006 में नियम बनाया गया है।

(लेखक : राधा कृष्ण गार्डन बरियातू, रांची निवासी हैं।)

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्रत्येक तीन माह पर जिलों में टाउन हॉल मीटिंग की जाती है, ताकि आम नागरिकों को बैंकिंग लोकपाल के नियम बताये जा सकें और आम जनता में जागरूकता का प्रचार-प्रसार हो। रिजर्व बैंक की 2000000 तक मुआवजा दिलाने का अधिकार प्रदान किया गया है।

जमशेदपुर की खबरें

उपायुक्त ने पोषण के प्रति जागरूकता अभियान चलाने का दिया निर्देश

उपायुक्त ने अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक कर रैली व प्रभात फेरी निकालकर लोगों को जागरूक करने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। पूर्वी सिंहभूम जिले में पोषण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए उपायुक्त ने पहल शुरू कर दी। उपायुक्त विजया जाधव ने अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक कर रैली व प्रभात फेरी निकालकर लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया। इस संबंध में समाज कल्याण विभाग के द्वारा एक कैलेंडर तैयार कर प्रतिदिन गतिविधि संचालित करने का निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त विजया जाधव ने बताया पूर्वी सिंहभूम जिले में सितंबर माह को पोषण माह के रूप में मनाया जाना है। पोषण माह का थीम महिला एवं स्वास्थ्य, बच्चा एवं शिक्षा के साथ पोषण की पढ़ाई लैंगिक संवेदनशीलता के साथ जल संरक्षण एवं प्रबंधन तथा आदिवासी क्षेत्र में महिलाओं एवं बच्चों के लिए पारंपरिक खान पान रखा गया है। उपायुक्त ने कहा सही पोषण के प्रति लोगो में जागरूकता लाने के लिए ग्राम,पंचायत,प्रखंड एवं जिला स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कार्यक्रम में जनभागीदारी का रूप देंने का अपील की। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती सत्या ठाकुर ने बताया पोषण माह के दौरान जिला परियोजना, पंचायत एवं आंगनबाड़ी स्तर पर पोषण माह में आयोजित की जाने वाली गतिविधियों का कैलंडर तैयार किया गया है। जागरूकता कार्यक्रम के तहत पोषण रैली, प्रभात फेरी निकाला जा रहा है। पोष्टिक आहार के महत्व के बारे में गर्भवती माताओं के साथ पूरे परिवार को जानकारी दिया जाएगा।



साथ ही स्थानीय स्तर पर उपलब्ध साक सब्जी एवं फल में पाये जाने वाले विटामिन के बारे में जानकारी दी जाएगी। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने बताया पांच वर्ष तक उम्र के बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्र में लम्बाई, वजन व बाहु माप साथ ही सैम एवं मैम बच्चों की पहचान कर नजदीकी कुपोषण उपचार केन्द्र में भर्ती कराया व इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। अति कुपोषित बच्चों को सैम की श्रेणी में रखा गया है। इनका इलाज एमटीसी में किया जाना है। जबिक मैम श्रेणी के बच्चों को सामुदायिक स्तर पर पोषण प्रदान किया जाएगा।

उन्होंने बताया आंगनबाड़ी केंद्रों में रंगोली, तिरंगा थाली, फल, सब्जी, दाल एवं अन्य पोषण युक्त खाद्य पदार्थ की प्रदर्शनी आयोजित कर ग्रामवासियों में नियमित उपयोग के लिए जागरूकता लाया जाएगा।

विघ्नहर्ता सभी के जीवन में सुख, समृद्धि एवं खुशियां प्रदान करें : काले

गणेश महोत्सव की धूम, भजन संध्या व जागरण में शामिल हुए काले

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। गणेश चतुर्थी के दिन प्रतिमा स्थापित कर पूजन पाठ करने के बाद शाम के समय कमेटियों द्वारा आयोजित भजन संध्या एवं जागरण में हर हर महादेव सेवा संघ के संस्थापक एवं झारखंड भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने शामिल होकर माथा टेककर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर श्री काले ने कहा गणों के देवता के कारण इन्हें गणपति एवं विघ्नहर्ता विनायक कहा जाता है। आज इसी तिथि पर सभी देवी देवताओं में सबसे पहले पूजे जाने वाले भगवान गणेश का जन्म हुआ था। भगवान गणपति की विधिवत पूजा करने से सारे दुखों का हरण और जीवन मंगलमय होता है। इस तरह पूजा के आयोजन से लोगों में सद्भावना, भक्ति का बयार बहता है और लोग एकजुट होते हैं। विघ्नहर्ता सभी के जीवन में सुख समृद्धि एवं अपार खुशियां प्रदान करें। मौके पर श्री श्री गजानन समिति टेल्को, ट्रक पार्क गणेश पूजा कमेटी टेल्को, सुपर स्टार बॉयज क्लब सिदगोड़ा, गणेशन बॉयज क्लब सिदगोड़ा सहित अन्य कमेटियों द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित हुए ।

रूगरेटा महासभा ने 500 सिख परिवारों को किया अमृतसर के लिए रवाना

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। बाबा जीवन सिंह जी के जीवनी व उनके किए गए कार्यों के दर्शन के लिए सिख समुदाय के लोग टाटानगर रेलवे स्टेशन से अमृतसर के लिए रवाना हुए। गुरुवार को रूगरेटा महासभा की ओर से आयोजित यात्रा में सिख समाज के 350 महिलाएं और 150 पुरुष शामिल रहे। निशुल्क सेवा में लगभग 500 सिख समाज के लोग 10 दिनों तक की यात्रा पर रहेंगे। यात्रा के दौरान सीख समाज के धर्मस्थल के साथ उनके गुरु द्वारा किए गए कार्यों के साथ उन स्थान का भ्रमण करेंगे। जो सीख समाज के इतिहास में अंकित है। वैसे कीर्तन व अरदास कर टाटानगर रेलवे स्टेशन से को रवाना किया गया। मौके पर शहर के सिख समुदाय के साथ साथ अन्य लोगों ने भी हौसले अफजाई की।

टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क में तेंदुए की मौत के मामले में होगी कार्रवाई

जांच रिपोर्ट में जू प्रबंधन की लापरवाही पायी गयी है : डीएफओ

जांच के दौरान पाया गया कि ओपीडी, ओटी, सर्जिकल टेबल को अपग्रेड करने की जरूरत है : ममता प्रियदर्शी

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क में बीते 21 अगस्त को तेंदुआ मिथुन की मौत के मामले में वन संरक्षक ने जांच रिपोर्ट डीएफओ को सौंप दी। जांच में टाटा स्टील जू प्रबंधन की लापरवाही से मौत होने की बात सामने आयी है।

इस संबंध में गुरुवार को डीएफओ ममता प्रियदर्शी ने बताया जांच टीम के द्वारा सौंपी गयी रिपोर्ट के अनुसार जू प्रबंधन की ओर से लापरवाही पायी गयी। इसके अलावा फ्लड एक्शन प्लान में भी खामियां पायी गई हैं। जू में जहां तेंदुआ की मौत हुई है वहां फर्स्ट फ्लोर बनाया जाना था। लेकिन घटना के दौरान नहीं बना था। साथ ही लकड़ी का प्लोर बनाया जाना था वह भी नहीं देखने को मिला। जू के एक कर्मी के अनुसार जिस तेंदुआ की मौत हुई है वह बीमार व लंगड़ा रहा था। इसके अलावा वह बुढ़ा भी हो गया था। जिसके कारण वह बाढ़ का पानी भरने से उंचाई तक नही जा सका। उन्होंने कहा इससे जू प्रबंधन की लापरवाही साफ झलकती है।

उन्होंने कहा जू प्रबंधन ने आनन फानन में तेंदुआ का पोस्टमार्टम कर दिया जबकि पोस्टमार्टम करने के लिए जिला पशुपालन पदाधिकारी को सूचना देकर अनुमति लेना आवश्यक था। उन्होंने बताया जांच रिपोर्ट से यह निष्कर्ष निकला है जू में जानवारों को उपरी जगह पर ले जाने की जरूरत है। साथ ही जू के अस्पताल में एक पैथोलॉजी लैब की भी जरूरत है। इसके अलावे जांच के दौरान पाया गया ओपीडी, ओटी, सर्जिकल टेबल को अपग्रेड करने की जरुरत है इमरजेंसी में वेटनरी मेडिसिन की जरुरत है। इसके अलावा जू में सभी जानवरों के घर के बाहर सीसीटीवी कैमरा भी लगाने की जरुरत है।



उन्होंने बताया तड़पकर हुई तेंदुआ की मौत पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बताया गया है। तेंदुआ की मौत हार्ट अटैक से हुई है। संभवतः वह पानी में खुद को बचाने का प्रयास कर रहा था। जिसके कारण खुद को इस स्थिति में देखकर उसे हार्ट अटैक आया होगा। हालांकि पोस्टमार्टम में यह बात भी सामने आई है। उसके फेफड़े में पानी जम गया था। उन्होंने बताया इस संबंध में वही तो उच्च अधिकारी को भेजा जाएगा। आगे जो भी विधि सम्मत कार्रवाई होगी किया जाएगा।

11 को आजसू पार्टी मनाएगी जगदेव बाबू का शहादत दिवस

आजसू पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो होंगे शहादत दिवस कार्यक्रम में शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। स्थानीय मंगल सिंह अखाड़ा कदमा जमशेदपुर में 1 सितंबर गुरुवार को दोपहर 3 बजे आजसू जिला समिति की बैठक आयोजित की गई. जिसमें 11 सितंबर को स्व. जगदेव बाबू की शहादत दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए पार्टी के जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह ने पिछड़ों के मसीहा स्व. जगदेव बाबू की शहादत दिवस मनाने को लेकर अभी से तैयारी शुरू करने और शहर को आजसूमय बनाने की बात कही। उन्होंने तैयारी को लेकर सभी नेताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई। आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव सह जिला प्रभारी डॉक्टर रविशंकर मौर्या ने कहा कि जगदेव बाबू का शहादत दिबस टेल्को गुरुद्वारा जमशेदपुर में मनाने का निर्णय लिया है उक्त कार्यक्रम में पार्टी सुप्रीमो सह केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो, डॉक्टर देबशरण भगत, पूर्व विधायक शिवपूजन मेहता, पार्टी के प्रधान महासचिव रामचन्द्र सहिस, हरेलाल महतो समेत अन्य शिरकत करेंगे। जगदेव बाबू समाज सुधारक के रूप में अविभाजित बिहार के एक मात्र नेता थे जो वंचित लोगों पिछड़ों की आवाज बनकर उभरे। उन्होंने कहा कि नेता को याद करने का संकल्प लेकर पार्टी को एकजुट होकर कार्य करना होगा साथ ही जिन्हें जिम्मेदारियां दी गई हैं वे सभी जिम्मेदारियों को निभाने का सतत प्रयास करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से रामचन्द्र सहिस, चन्द्रगुप्त सिंह, संजय मालाकार, फणीभूषण महतो, मुन्ना सिंह ब्रजेश, धर्मबीर सिंह, अप्पू तिवारी, अशोक मण्डल, मनजीत यादव, शैलेंद्र सिन्हा, हेमन्त पाठक, कृतिवास मण्डल, अरूप मल्लिक, धनेश कर्मकार, राजेश कर्मकार, प्रकाश विश्वकर्मा, राजेश चौधरी, चंद्रेशबर पांडेय, संजय सिंह, मंजू राज, संगीता सिंह, सन्तोष सिंह, नवीन महतो, प्रवीण प्रसाद, कुंदन सिंह छोटू, ललित सिंह, अभय सिंह, बिगेन सोरेन, मनोज ठाकुर, समेत अन्य मौजूद रहे।

महत्वपूर्ण न्यूज

अभाविप गढ़वा नगर इकाई ने कोचिंग संस्थानों में चलाया सदस्यता अभियान

गढ़वा (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गढ़वा नगर इकाई द्वारा विभिन्न कोचिंग संस्थानों में सदस्यता अभियान चलाया गया। सदस्यता 22 जुलाई से प्रारंभ है। इस वर्ष सदस्यता अभियान प्रत्यक्ष रूप से हो रहा है और साथ में इच्छुक विद्यार्थी ऑनलाइन भी सदस्य बन सकते हैं। सदस्यता अभियान में छात्रों को संबोधित करते हुए जिला संयोजक विकास चंद्रवंशी ने कहा कि एबीवीपी विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है। इसका उद्देश्य छात्र और शिक्षकों के हित में काम करना है। एबीवीपी वर्ष भर अनेकों गतिविधियों के माध्यम से सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को बढ़ावा देना, भारत भूमि के सांस्कृतिक मूल्यों का संवर्धन और प्रचार-प्रसार करना, राष्ट्रीय नायकों के प्रति आदर भाव को बनाए रखना, संविधान की गरिमा के अनुरूप कार्य करना आदि है। संगठन में ऐसे सभी समान विचारधारा के लोगों का स्वागत है, जिनके लिए राष्ट्रहित सर्वोपरि है। जिला सह संयोजक कुमार शुभेंद्र ने कहा कि विद्यार्थी परिषद वर्ष भर छात्रों के बीच कैंपस में रहने वाला छात्र संगठन है। इस वर्ष विद्यार्थी परिषद का पूरे जिले में 9000 सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। विद्यार्थी परिषद छात्र हित के अलावा सामाजिक कार्य में भी बड़ी भूमिका निभाता है। सदस्यता अभियान में सुभम तिवारी, पुरुषोत्तम सिंह चंदेल, अखिल कुमार, कौस्तुभ तिवारी, राकेश पाल, सोनू दुबे, विवेक ठाकुर, अंकित शुक्ल कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

झारखंड डेवलपमेंट एग्रीकल्चर की टीम ने रंका अनुमंडल क्षेत्र में लिया सुखाड़ का जायजा

रंका (आजाद सिपाही)। अनुमंडल क्षेत्र के रंका, रमकंडा प्रखंड में रांची से आयी झारखंड डेवलपमेंट एग्रीकल्चर के पदाधिकारी सुभाष कुमार सिंह ने सुखाड़ की जायजा लेने रंका पहुंचे। जहां पर अनुमंडल के खरडीहा, दौनादाग, कंचनपुर, रबदा, मझिगावां, खबरों, मानपुर रंका खुर्द, सोनपुरवा सहित रमकंडा प्रखंड के विभिन्न गांवों का भ्रमण कर सूखे से राहत के लिए सर्वेक्षण व निरीक्षण किया। इसके संबंध में बताते चलें कि रंका प्रखंड में पूर्ण रूप से सुखाड़ की स्थिति बनी हुई है। जिसकी जांच को लेकर रांची एग्रीकल्चर डेवलपमेंट के निदेशक के निर्देशानुसार रंका प्रखंड के नौ गांवों का दौरा किया गया। वहीं रमकंडा प्रखंड अंतर्गत तीन गांवों का दौरा किया गया। जिसमें सभी जगह सुखाड़ की स्थिति पायी गयी। इस स्थिति में सुखाड़ का जायजा लेने पहुंचे डॉक्टर सुभाष प्रसाद सिंह ने बताया कि इस वर्ष जून-जुलाई -अगस्त माह में वर्षा नहीं होने के कारण सुखाड़ की स्थिति प्रखंड में बनी हुई है। जिसकी जांच को लेकर झारखंड एग्रीकल्चर विभाग निदेशक के निर्देशानुसार गांव का दौरा किया गया। श्री सुभाष सिंह ने कहा कि प्रखंड में पूर्ण रूप से सुखाड़ की स्थिति बनी हुई है। इसकी रिपोर्ट सरकार को देंगे ताकि किसानों को सूखा राहत सहायता मिल सके। इस अवसर पर कंचनपुर पंचायत के बीडीसी शंकर राम, मुखिया प्रतिमा देवी, मुखिया प्रतिनिधि शेखर कुमार, उप मुखिया प्रतिनिधि चंद्रशेखर तिवारी, बंसी यादव, वीरेंद्र राम, किसान मित्र धर्मेंद्र कुमार यादव, स्वयंसेवक नंदू राम, रोजगार सेवक कुमार विजेंद्र, पंचायत सचिव सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

प्लस टू सीनियर सेकेंडरी साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल में 11वीं की कक्षाएं शुरू

गढ़वा (आजाद सिपाही)। शहर के साहिजना में स्थित साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल में 11वीं की कक्षाएं एक सितंबर से प्रारंभ हो चुकी हैं। इस विद्यालय को पिछले साल सीबीएसई दसवीं बोर्ड की मान्यता प्राप्त हुई थी। विद्यालय के निदेशक रामानंद सिंह ने कहा कि इस बार की दसवीं परीक्षा में बेहतर परीक्षा परिणाम देते हुए अभिभावकों की उम्मीद को शत-प्रतिशत पूरा किया है और वर्तमान सत्र से 11वीं कक्षा प्रारंभ की है तथा साथ साथ प्रतियोगी परीक्षाओं मेडिकल, इंजीनियरिंग के लिए भी अलग से विशेष कक्षाएं प्रारंभ होंगी। इस सत्र में नामांकन फ्री कर दिया गया है, जो विद्यार्थी अभी तक नामांकन नहीं कराये हैं वे विद्यालय में आकर संपर्क कर सकते हैं। इस सत्र का आगाज आज के मुख्य अतिथि प्रेम कुमार चौबे तथा विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र सिन्हा, निदेशक, प्राचार्य ने नयी कक्षाओं का फीता काटकर छात्र छात्राओं को प्रवेश कराते हुए किया। कार्यक्रम का सफल संचालन अनुप कुमार के द्वारा तथा धन्यवाद ज्ञापन शेखर वर्मा के द्वारा किया गया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक वीरेंद्र कुमार, आरपी पांडेय, ललन झा, नवनीत, संतोष, योगेंद्र, प्रदीप, बीपेंद्र, किरण देवी, शरिक हसन, निलेश, चंद्र बहादुर, अनिल, संगीता,ज्योति, चंदा, चंदन, बिंदु आदि लोग उपस्थित थे।

उपलब्धि : अब सुदूर क्षेत्र के आदिवासी, आदिम जनजाति बच्चे भी कर सकेंगे उच्च शिक्षा ग्रहण : मंत्री मिथिलेश

रंका में बनेगा डिग्री कॉलेज, मुख्यमंत्री ने दी स्वीकृति

लगभग 13 करोड़ की लागत से रंका अनुमंडल मुख्यालय में किया जाएगा इसका निर्माण

फोटो : ऐसा बनेगा डिग्री कॉलेज

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। जिले के सुदूर क्षेत्र के आदिवासी, आदिम जनजाति, अल्पसंख्यक पिछड़ा वर्ग सहित सभी बच्चे अब अपने ही क्षेत्र में उच्च शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जिले के रंका अनुमंडल में एक सर्वसुविधा संपन्न डिग्री कॉलेज की स्थापना की स्वीकृति प्रदान कर दी है। लगभग 13 करोड़ की लागत से रंका अनुमंडल मुख्यालय में इसका निर्माण किया जाएगा। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के लगातार प्रयास से यह उपलब्धि हासिल हुई है। ज्ञात हो कि वर्ष 2008 में ही रंका अनुमंडल का निर्माण हुआ, तब से आज तक अनुमंडल क्षेत्र में एक भी डिग्री कॉलेज नहीं खुल पाया था।

जानकारी देते हुए मंत्री श्री ठाकुर ने बताया कि जब से रंका अनुमंडल का निर्माण हुआ है तब से ही स्थानीय लोगों की यहां एक डिग्री कॉलेज की स्थापना करने की मांग थी। रंका अनुमंडल आदिवासी, आदिम जनजाति, अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्र है। फिर भी इस अनुमंडल की ओर किसी का ध्यान नहीं गया। मंत्री ने बताया कि उन्होंने इस क्षेत्र के लोगों से वादा किया था कि यदि उनकी सरकार बनती है तो रंका में निश्चित रूप से डिग्री कॉलेज का निर्माण कराया जाएगा। इस संबंध में उन्होंने कई बार मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया था। इस पर मुख्यमंत्री ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस डिग्री कॉलेज का निर्माण पूरे अनुमंडल (रंका, रमकंडा, चिनिया, बड़गड, भंडारिया) की शिक्षा व्यवस्था में मील का पत्थर साबित होगा। इस क्षेत्र के विद्यार्थी जो संसाधन के अभाव में उच्च शिक्षा ग्रहण नहीं कर पाते थे, उन्हें अब कोई परेशानी नहीं होगी। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि विकास और सिर्फ विकास, यही हमारी सरकार का संकल्प है। ऐसे ही विकास कार्य से हमारे विपक्ष के मित्रों के पेट में दर्द दे रहा है और ये इस बहुमत की सरकार को अस्थिर करने का हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। पर जब तक जनता का प्रेम, स्नेह और आशीर्वाद प्राप्त है, सब मंगल होगा यह विश्वास है।

रंका में डिग्री कॉलेज की स्थापना की स्वीकृति प्रदान करने पर मंत्री श्री ठाकुर ने पूरे रंका अनुमंडल की जनता की ओर से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

राष्ट्रीय पोषण माह का जिला स्तर पर उपायुक्त ने किया उद्घाटन

हरी झंडी दिखाकर राष्ट्रीय पोषण माह रैली को किया रवाना

समाहरणालय परिसर में सेल्फी प्वाइंट स्थापित कर लिया सेल्फी एवं चलाया हस्ताक्षर अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। जिला समाहरणालय परिसर में राष्ट्रीय पोषण माह का उपायुक्त रमेश घोलप ने उद्घाटन किया एवं मौके पर पोषण माह रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जबकि वहीं समाहरणालय परिसर में ही सेल्फी प्वाइंट बनाकर लोगों के साथ सेल्फी लिया व हस्ताक्षर अभियान भी चलाया। इस मौके पर जिला स्तरीय पदाधिकारी, कर्मी, महिला पर्यवेक्षिका एवं सेविका उपस्थिति थी। सभी ने हस्ताक्षर अभियान को आगे बढ़ाया एवं सेल्फी प्वाइंट पर खड़ा होकर सभी ने अपने मोबाइल फोन से सेल्फी लिया। उपायुक्त रमेश घोलप ने कहा कि राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान आम लोगों को पोषण के महत्व का प्रचार प्रसार के माध्यम से उन सभी तक स्वास्थ्य के क्षेत्र में यह जानकारी पहुंचाना है एवं वैसे लोग जो कुपोषित हैं, उन्हें चयनित कर उनका इलाज प्रारंभ करना है। राष्ट्रीय पोषण माह एक माह तक चलेगा, जो जिले के हर प्रखंड में महिला पर्यवेक्षक एवं सेविका कार्य करेंगे। मौके पर निदेशक डीआरडीए गढ़वा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी गढ़वा, सिविल सर्जन गढ़वा, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल उपस्थित थे।

गढ़वा पुलिस प्रशासन की एक अच्छी पहल : सड़क दुर्घटना घटित होने पर मदद करने वालों को मिलेगा सम्मान

करुवा कला में बस दुर्घटना में मदद करने वालों को प्रशस्ति पत्र एवं शॉल ओढ़ाकर किया गया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। जिले में पुलिस प्रशासन ने एक ऐसी पहल जारी की है, जिससे लोगों को सड़क घटना दुर्घटना होने पर सही समय पर स्वास्थ्य सुविधा मिल जाएगी। जिससे उनकी जान भी बच जाएगी। मौके पर पूरी जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार झा ने कहा कि बीते दिन 19 अगस्त को जिला मुख्यालय के सदर प्रखंड करुवा कला अंतर्गत यात्री से भरी बस तलाब में जा गिरी थी। उस दौरान वहां के ग्रामीणों द्वारा सही समय पर पहुंचकर बस में सवार एक-एक यात्रियों को सही सलामत बचाने का कार्य किया गया था। जिन्हें आज गढ़वा पुलिस प्रशासन के द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया और आगे भी इसी तरह अन्य लोगों को भी राह में किसी तरह की घटना-दुर्घटना होने पर मदद करने पर गढ़वा प्रशासन के द्वारा सम्मानित किया जाएगा। यह बहुत ही पुनीत कार्य है, क्योंकि कहीं भी अचानक किसी तरह की घटित दुर्घटना से लोगों को समय रहते स्वास्थ्य सुविधा मिल जाएगी। जबकि उनके जान बचा लेना एक पुनीत कार्य करने के समान है। इस तरह का कार्य हर किसी व्यक्ति के द्वारा किया जाने लगा तो जहां एक तरफ लोगों की जान बचेगी वहीं दूसरी ओर मदद करने वाले को गढ़वा पुलिस प्रशासन सम्मानित करेगा।

मौके पर सुषमा देवी, विपिन तिवारी, उज्जवल तिवारी, नवीन तिवारी को गढ़वा पुलिस प्रशासन ने सम्मानित किया। वहीं मौके पर सदर थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत भी मौजूद रहे।

महिला मोर्चा की मंडल से लेकर बूथ स्तर तक बनेगी टीम : रुपा सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अनिता गुप्ता की अध्यक्षता में जिला कार्यालय गढ़वा में महिला मोर्चा जिला कार्यसमिति बैठक हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सह गढ़वा प्रभारी रुपा सिंह ने कहा कि महिलाओं के हक अधिकार के लिए भाजपा महिला मोर्चा दिन-रात संघर्ष कर रही है। महिला मोर्चा मंडल से लेकर बूथ स्तर तक टीम खड़ा करेगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान की झामुमो सरकार ने महिलाओं के अधिकार को कुचलने का काम किया है, लेकिन भाजपा महिला मोर्चा हेमंत सरकार के खिलाफ कमर कस चुकी है। आने वाले समय में महिला मोर्चा हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए कृत्य संकल्पित है। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिला महामंत्री संतोष दुबे ने कहा कि गढ़वा जिला में महिला मोर्चा महिला उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। हर मंडल में तेजी से महिलाएं भाजपा से जुड़ रही हैं।

भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अनिता गुप्ता ने कहा कि गढ़वा जिला में भाजपा महिला मोर्चा का सभी बूथ स्तर पर गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि झारखंड में महिलाओं को जो अधिकार मिलना चाहिए था वह नहीं मिला है। जिस तरह से महिलाओं के साथ झारखंड में अपराध हो रहा है यह हेमंत सरकार की नाकामी है। कार्यक्रम का संचालन महिला मोर्चा जिला महामंत्री सोनू देवी ने किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला कोषाध्यक्ष सह महिला मोर्चा जिला प्रभारी मीना गुप्ता मीडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे, मीडिया प्रभारी लक्ष्मीकांत पाण्डेय, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सरोज सिंह, महामंत्री शोभा जायसवाल, पूजा देवी, तारा देवी, विद्या देवी, कुसुम देवी, गिरजा देवी सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

समाजसेवी ने नपं की कार्यपालक पदाधिकारी को 11 सूत्री मांग पत्र सौंपा

मंझिआंव (आजाद सिपाही)। नगर पंचायत क्षेत्र के युवा समाजसेवी मारुत नंदन सोनी नगर पंचायत क्षेत्र में नगर पंचायत वासियों को हो रही परेशानियों से अवगत होते हुए 11 सूत्री मांगों को लेकर आवेदन कार्यपालक पदाधिकारी निकीता बाला को सौंपा। 11 सूत्री मांग नगर पंचायत क्षेत्र के सभी वार्डों में सर्वे कराकर रोड एवं नाली निर्माण एवं नालियों को यथाशीघ्र सफाई कराने, पंचायत क्षेत्र में सर्वे कराकर नये सिरे से स्ट्रीट लाइट लगवाने एवं खराब पड़ी स्ट्रीट लाइट की मरम्मत कराने, वहीं सभी वार्डों में प्रधानमंत्री आवास के लाभुकों को यथाशीघ्र सभी किस्तों की राशि उपलब्ध कराने एवं नये सिरे से प्रधानमंत्री आवास से लाभुकों को लाभान्वित कराने, सभी वार्डों में खराब पड़े चापाकल को मरम्मत कराने एवं चापाकल लगवाना, सभी वार्डों में सर्वे कराकर वृद्धा, विधवा पेंशन, विकलांगता पेंशन एवं राशन कार्ड जैसी कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने सहित अन्य मांगें शामिल हैं।

कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा

सूचना

झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश के आलोक मे जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा मे स्थापित होने वाले Legal Aid Defence Counsel System (LADCS) के तहत कोडरमा मे निम्नलिखित पदो के लिए योग्य उम्मीदवारो से विहित प्रपत्र मे आवेदन आमंत्रित किए जाते है :-

(1) Deputy Chief Legal Aid Defence Counsel - पदों की संख्या–02 एवं
(2) Assistant Legal Aid Defence Counsel - पदों की संख्या–03

इसके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि दिनांक 05 / 09 / 2022 की संध्या 05:00 बजे तक निर्धारित की गई है। उक्त पदो के लिए योग्य उम्मीदवार विहित प्रपत्र मे भरे हुए आवेदन सभी प्रमाण पत्रो की स्व–अभिप्रमाणित प्रतिलिपि के साथ स्पीड पोस्ट के माध्यम से अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा के कार्यालय मे सीधे जमा कर सकते हैं। इस संबंध मे विस्तृत जानकारी झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (JHALSA)के वेबसाइट www.jhalsa.org तथा व्यवहार न्यायालय कोडरमा के वेबसाइट https://districts.ecourts.gov.in/koderma तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के नोटिस बोर्ड को देखा जा सकता है। साथ ही साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के कार्यालय से इस संबंध मे जानकारी प्राप्त किया जा सकता है।

ह0 / –
सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकार
कोडरमा

ह0 / –
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार
कोडरमा

PR 276852 (Law) 22-23 (D)

तैयारी : एशिया के सबसे बड़े कधवन जलाशय परियोजना अब 'इन्द्रपुरी जलाशय टू' के निर्माण की सुगबुगाहट हुई तेज

अभियंताओं की टीम ने तीनों राज्य में पड़ने वाले डूब क्षेत्र का किया स्थलीय निरीक्षण

सर्वे का काम बिहार, उत्तर प्रदेश व झारखंड के सहमति पर प्रारंभ किया गया है

आजाद सिपाही संवाददाता

इन्द्रपुरी जलाशय टू के निर्माण से झारखंड, बिहार व यूपी के 58 राजस्व गांव डूबेंगे

इनमें झारखंड के गढ़वा जिले के 12 गांव, जिसमें केतार प्रखंड के खैरवा, चानडीह, बीजडीह, गम्हरिया, पाचाडुमर, छाताकुंड, बतो, मुनमुन, परती कुशवानी तथा खरौंधी प्रखंड के पिपरा, चंदना, खोखा एवं बिहार के नौहट्टा प्रखंड के पांच राजस्व गांव जिसमें यदुनाथपुर, जारादाग, मटिआंव, नावाडीह कला तथा उतरप्रदेश के 43 राजस्व गांव जिसमें बसुहहारी, गढ़ाव पोखरिया, पिण्डारी पोखरिया सहित 43 गांव शामिल हैं।

भवनाथपुर। एशिया के सबसे बड़े कधवन जलाशय परियोजना अब बदला हुआ नाम इन्द्रपुरी जलाशय टू के निर्माण की सुगबुगाहट तेज हो गई है। इस परियोजना के निर्माण के लिए सीमावर्ती राज्य बिहार, झारखंड एवं उत्तर प्रदेश की आपसी सहमति के बाद बिहार के जलसंसाधन विभाग के अभियंताओं की टीम ने तीनों राज्य में पड़ने वाले डूब क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण सड़क एवं सोन नदी के जलमार्ग से किया।

बिहार राज्य के जलसंसाधन विभाग के प्रधान सचिव डॉ संजय कुमार अग्रवाल द्वारा गठित टीम में अधीक्षण अभियंता पीपी सेल जियाउर रहमान, कार्यपालक अभियंता अजय शर्मा, वरीय अभियन्ता बीके शर्मा, जियोलॉजी डिपार्टमेंट बिहार सरकार कार्यपालक अभियंता इन्द्रपुरी बराज रविन्द्र चौधरी, कनीय अभियन्ता मनीष कुमार व किशोरी महतो शामिल थे।

उलेखनीय है कि संयुक्त बिहार में पलामू जिला के कधवन गांव में इस जलाशय का शिलान्यास 1989 में तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ जगन्नाथ मिश्रा द्वारा किया गया था। वर्त्तमान झारखंड के गढ़वा जिले के केतार प्रखंड के खैरवा एवं बिहार के नौहट्टा प्रखंड के मटीआंव गांव के समीप सोन नदी में बनना प्रस्तावित है। 35 वर्ष पुराना कधवन परियोजना अब तक करोड़ों खर्च के बाद भी फाइलों में लटकी हुई है। इस परियोजना के तहत पानी के भंडारण से खेत की सिंचाई के साथ ही बिजली का उत्पादन भी होगा। सर्वे का काम बिहार, उत्तर प्रदेश व झारखंड के सहमति पर प्रारंभ किया गया है। डैम के कार्य के प्रारंभ होने के पूर्व बिहार सरकार ने डीपीआर तैयार कराने को लेकर दिल्ली कि कंपनी से सर्वे का कार्य शुरू कराया था।

वर्ष 1989 में शिलान्यास के कुछ दिनों बाद सोन नदी के दोनों छोर पर युद्धस्तर पर ड्रिलिंग का कार्य शुरू किया गया था। जिसमें राज्य सरकार के करोड़ों रुपये खर्च हुए थे और इसके लिए तत्कालीन पलामू जिला वर्तमान में गढ़वा जिला के नगर उंटारी में एक कार्यालय भी खुला था और दर्जनों अभियंताओं की पदस्थापना की गयी थी। बिहार विभाजन के बाद यह कार्यालय बंद हो गया ।

भारत सरकार के केंद्रीय जल आयोग के अध्यक्ष की अध्यक्षता में पांच फरवरी 2016 को अंतरराज्जीय (झारखंड, बिहार, उतर प्रदेश) के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में बैठक हुई। जिसमें झारखंड, बिहार के बीच सोन नदी पर कधवन डैम बनाने पर सहमति हुई। बैठक में इंद्रपुरी जलाशय टू का पूर्ण भंडारण स्तर 169.0 मीटर व अधिकतम जल स्तर 171.0 मीटर के साथ नये सिरे से विस्तृत योजना तैयार कर डीपीआर का कार्य करने पर सहमति बनी थी।

कार्यालय: अनुमण्डल-सह-जिला कृषि पदाधिकारी, खूँटी

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

1. विज्ञापन दाता का नाम	:	जिला कृषि पदाधिकारी, खूँटी
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि	:	दिनांक 08.09.2022 को (अपराह्न 05:00 बजे तक)
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि	:	दिनांक 09.09.2022 को (अपराह्न 12:30 बजे तक)
4. निविदा खोलने की तिथि	:	दिनांक 09.09.2022 को 03:00 बजे अपराह्न
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान	:	अनुमण्डल–सह–जिला कृषि कार्यालय, खूँटी।
6. निविदा प्राप्त करने एवं खोलने का स्थान	:	अनुमण्डल–सह–जिला कृषि कार्यालय, खूँटी।
7. कार्यों का विस्तृत विवरणी	:	अनुमण्डल–सह–जिला कृषि कार्यालय, खूँटी।

क्र. स.	कार्य का नाम	प्रा0 राशि	अग्रधन की राशि 2%	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य समाप्ति की अवधि
1	खूँटी प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत बिरहू के ग्राम बिरहू में तालाब के निर्माण।	20,00,000.00	40,000.00	5000.00	01 माह
2	तोरपा प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत सुन्दारी के ग्राम सुन्दारी में तालाब के निर्माण।	20,00,000.00	40,000.00	5000.00	01 माह
3	तोरपा प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत ओकड़ा के ग्राम सरिदकेल में तालाब के निर्माण।	20,00,000.00	40,000.00	5000.00	01 माह
4	अड़की प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत सोसोकुटी के ग्राम सोसोकुटी में तालाब के निर्माण।	20,00,000.00	40,000.00	5000.00	01 माह

नोट :– 1. विस्तृत निविदा सूचना एवं शर्तें कार्यालय सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
2. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

अनुमण्डल–सह–जिला कृषि पदाधिकारी,
खूँटी

PR 276857 Agriculture(22-23).D

शव के साथ समाहरणालय के समीप एनएच-75 जाम

आजाद सिपाही संवाददाता

लातेहार। सदर थाना क्षेत्र के पांडेयपुरा ग्राम निवासी सुरेश राम के 11 साल के पुत्र विकास कुमार की उसके स्कूल में ही गांव के ही संतु प्रसाद के पुत्र अविनाश कुमार ने पीटायी कर दी थी। इस मारपीट में उसे काफी अंदरूनी चोटें आयी थी। रांची के रिम्स में दो माह तक इलाज चलने के बाद बुधवार को उसकी मौत हो गयी। वह उच्च विद्यालय पांडेयपूरा का छात्र था। उसकी मौत के बाद उसके परिजन और भीम आर्मी के सदस्यों ने शव के साथ समाहरणालय के समीप एनएच-75 जाम कर दिया। तकरीबन डेढ़ घंटे तक सड़क जाम रही। जाम की सूचना पर एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्र, बीडीओ मेघनाथ उरांव, अंचलाधिकारी रूद्र प्रताप, थाना प्रभारी अमीत कुमार गुप्ता वहां पहुंचे। उन्होंने जामकर्ताओं एवं परिजनों से बातचीत की। लेकिन वे दोषियों की गिरफ्तारी करने एवं मुआवजे की मांग पर अड़े थे।

डीसी ने पोषण जागरूकता रथ को किया रवाना

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह (01-30 सितंबर) के तहत एक पोषण जागरूकता रथ को समाहरणालय परिसर से सभी प्रखंडों के लिए रवाना किया गया। रवाना किये गये पोषण जागरूकता रथ के जरिये ग्रामीण क्षेत्रों में ऑडियो के माध्यम से एनीमिया, पोषण, कुपोषण को दूर किये जाने के लिए स्थानीय साक-सब्जियों का सेवन करने, जल सरंक्षण के प्रति जागरूकता संदेश दिया जायेगा। इस जागरूकता रथ के जरिये प्रतिदिन प्रखंडों में कुपोषण को दूर भगाने हेतु प्रचार-प्रसार किया जायेगा। मौके पर सभी उपस्थित लोगों को बच्चों, किशोरों और महिलाओं को कुपोषणमुक्त, स्वस्थ और मजबूत करने, राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान हर घर तक सही पोषण संदेश पहुंचाने, पोषण अभियान देशव्यापी जनआंदोलन बनाने की शपथ दिलायी गई। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी मनीषा तिर्की, जेएसएलपीएस डीपीएम प्रकाश रंजन समेत बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका उपस्थित थे।

पठारी इलाकों में चला नक्सलियों के विरुद्ध सघन छापेमारी अभियान

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के नेतृत्व में नक्सलियों के विरुद्ध सघन छापामारी अभियान चलाया गया। जिला के अति उग्रवाद प्रभावित इलाका सेरेंगदाग थाना के ग्राम मुंगो, जवाल, तुरियाडीह, दुंदरू, चपाल, जुरनी सुदूरवर्ती पहाड़ी ग्रामीण नक्सल प्रभावित क्षेत्र में चलाया गया। अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ग्रामीणों से मिले एवम ग्रामीणों ने अपनी मूलभूत समस्याओं से अवगत कराया। पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के द्वारा जल्द ही उनकी समस्याओं के समाधान के लिये आवश्यक कार्रवाई की बात कही गई। इसी क्रम में ग्राम चपाल में ग्रामीणों के बीच सामुदायिक पुलिसिंग के तहत आवश्यक सामग्री का वितरण किया गया। मुख्यधारा से भटके लोगो को वापस मुख्यधारा में जुड़ने के लिये अपील किया गया। अभियान के क्रम में ड्रोन कैमरा का प्रयोग आस पास के पहाड़ी एवम जंगली क्षेत्र के अवलोकन हेतु किया गया। इस अभियान में पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, पुलिस उपाधीक्षक, अभियान दीपक पांडेय, थाना प्रभारी, सेरेंगदाग एवम सैट के जवान शामिल थे।

डीसी ने किया अस्पताल का निरीक्षण

लातेहार (आजाद सिपाही)। डीसी भोर सिंह यादव ने गुरुवार को सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान डीसी ने सिविल सर्जन डॉ दिनेश कुमार को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। डीसी ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी प्रकार की लापरवाही बरदास्त नहीं की जायेगी। उन्होंने चिकित्सकों को रोस्टर के अनुसार समय पर अस्पताल में आने और एक टीम भावना के साथ कार्य करने का निर्देश दिया।

युवक का शव बरामद

लातेहार (आजाद सिपाही)। सदर थाना क्षेत्र के बेंदी ग्राम स्थित डैम में एक युवक का शव बरामद किया गया है। समाचार लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो पायी थी। जानकारी के अनुसार गुरूवार की पूर्वाह्न ग्रामीणों ने एक शव देखा और इसके बाद ग्रामीणों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस बेंदी गांव पहुंची और शव को अपने कब्जे मे ले लिया। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में गुमशुदा या लापता लोगों की जानकारी इकठ्ठा कर रही है। पुलिस ने शव की पहचान के लिए रखा है।

सरकार के नयी खाद्यान्न वितरण प्रक्रिया से किस्को क्षेत्र के डीलर और कार्डधारक हैं परेशान

दुकान से मीलों दूर नेटवर्क के लिए डीलर को ढूंढना पड़ता है ऊंचा स्थान

हुसैन अंसारी

किस्को/लोहरदगा। किस्को प्रखंड क्षेत्र में संचालित सभी जन वितरण प्रणाली दुकानदारों को झारखंड सरकार की ओर से खाद्यान्न वितरण के लिये जारी की गई नयी नियमावली प्रक्रिया से खाद्यान्न वितरण करने में काफी परेशानी उठाना पड़ रहा है। साथ ही सरकार के द्वारा जारी की गई नये खाद्यान्न वितरण प्रकिया से कार्डधारी भी काफी परेशान हैं। सरकार के नये नियमावली से कार्डधारी राशन उठाव के लिये राशन दुकान का दो तीन दिन तक आवाजाही कर अपना राशन उठाव कर पाते हैं। आलम यह है कि कार्डधारी जन वितरण प्रणाली के दुकानदार से उलझ जाते हैं लेकिन इसमें राशन दुकानदार की ओर से राशन वितरण किये जाने में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाती है। सरकार की ओर से दी गई दिशा-निर्देश के अनुसार तय समय पर सभी जन वितरण प्रणाली दुकानदार दुकान खोलकर लोगों को राशन देने में पूरी तरह से लग जाते हैं। इतनी बड़ी चुनौती के बाद भी किस्को प्रखंड क्षेत्र के सभी डीलर कार्डधारियों के हक अधिकार को उन्हें उनका हक अधिकार हर संभव दिलाने में अहम भूमिका निभाने का प्रयास करते दिखायी देते हैं। किस्को प्रखंड क्षेत्र में कुल 53 डीलर व 12,867 कार्डधारी हैं। लोहरदगा जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र में कुल 53 जन वितरण प्रणाली की दुकान संचालित है। उक्त सभी जन वितरण प्रणाली दुकान में पीएच कार्डधारियों की कुल संख्या 9895 अंत्योदय कार्डधारियों की कुल संख्या 2186 ग्रीन कार्डधारियों की कुल संख्या 658 और सफेद कार्डधारियों की कुल संख्या 128 कुल 12 हजार 8 सौ 67 कार्डधारक हैं। जिन्हें प्रति माह संबंधित डीलरों के माध्यम से सरकार की ओर से खाद्यान्न दी जाती है।

झूठी अफवाह से कार्डधारक और डीलरों के बीच खाद्यान्न वितरण में टकराव

किस्को प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत क्षेत्रों में संचालित जन वितरण प्रणाली दुकानदार और कार्डधारियों के बीच कुछ लोगों के वजह से आये दिन टकराव की स्थिति उत्पन्न हो रही है। परंतु सरकार के आदेशों के अनुसार सभी राशन दुकानदार खाद्यान्न सामग्री का वितरण करने में तत्परता दिखाते आ रहे हैं। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बगड़ू में संचालित ज्योति महिला मंडल बगड़ू, अनमोल महिला मंडल जन वितरण प्रणाली दुकान उपर हिसरी, ग्राम पंचायत देवदरिया के खरचा में संचालित नैतिक महिला मंडल एवं उपर हिसरी में संचालित चांदनी महिला समिति जन वितरण प्रणाली दुकान के कार्डधारियों को कुछ लोगों ने दिगभ्रमित कर डीलर एवं कार्डधारियों के बीच में टकराव की स्थिति लाकर खड़ा कर दिया है। परंतु कार्डधारियों ने सरकार की ओर से जारी की गई नये नियमावली के बारे में जानकारी प्राप्त किये जाने पर पता चला कि डीलर कार्डधारकों के हित में हर वक्त सकारात्मक कार्य करते आ रहे हैं। बता दें कि बगड़ू में संचालित ज्योति महिला मंडल जन वितरण प्रणाली दुकान के कार्डधारी तेतरी देवी, तपस गडेरी, दुलो देवी, बुधमनी देवी, फगुआ महतो, सरिता उरांव, बिलास देवी, सावित्री देवी, इंदरावती देवी, पिंकी देवी, राम उरांव, फगैन देवी, सुशीला देवी, बिपती उरांव, मांगो देवी, सरहुलिया उरांव, सलमी देवी, जितनी उरांव, सुगी देवी, दसमूनी उरांव, हरिनाथ महतो, सुको उरांव, सुखमनी उरांव, सुरती देवी, सोनामनी देवी, बुधनी उरांव, सोबरन देवी, शांति देवी, मालिन उरांव, यमुना देवी, चंदा भगत, आरती देवी,बंधनी नगेसिया, बिफई महली, भदैन नगेसिया, बहादूर उरांव, कृष्णा नगेसिया, फुलकुमारी देवी, एतबरिया उराइन, मंदैन देवी, सिरोमनी कुमारी, संजीव उरांव, मनिका उरांव, बुदुन देवी आदि लोगों का कहना है कि सरकार अपनी नियम सिस्टम बदले नहीं तो हम लोगों को मजबूरन सड़क पर उतरकर सरकार के विरूद्ध आंदोलन करना मजबूरी बन जायेगी। उल्लेखनीय है कि ज्योति महिला मंडल जन वितरण प्रणाली दुकान बगड़ू में ग्राम कोरगो, करम टोली, बगड़ू, केंद टोली, बांडी एवं चांपी गांव के ग्रामीणों का नाम अंकित है। जिन्हें प्रति माह नियमित रूप से डीलर के द्वारा बगैर लोभ लालच के पूरी पारदर्शिता के साथ खाद्यान्न का वितरण किया जाता है। जिससे सभी कार्डधारी काफी खुश हैं।

पुलिस प्रशासन की कार्रवाई में पिछड़ा वर्ग को टारगेट किया गया : प्रतुल

आजाद सिपाही संवाददाता

चंदवा। चंदवा भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने चंदवा थाना में हुए प्राथमिकी का कड़ा विरोध किया है। प्रतुल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि चंदवा में शनिवार की रात एक व्यवसायी के साथ पुलिस के द्वार दुर्व्यवहार किया जाता है। दुर्व्यवहार के खिलाफ चंदवा की आम जनता विरोध करती है। अगले दिन रविवार को पूरे चंदवा के व्यवसायी अपने प्रतिष्ठान को बंद रख इसका विरोध करते है। जानकारी मिली कि शनिवार की रात हुई प्राथमिकी में एक ही समाज के लोगों में किया गया। यह समाज पिछड़ा वर्ग से आता है। प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई पिछड़ा विरोधी प्रतीत होता है। प्रशासन के द्वारा यदि बेगुनाहों को फंसाने का कार्य किया जाता है तो इसका बड़े स्तर पर विरोध किया जायेगा। चंदवा के व्यवसायी के संग बैठकर आगे की रणनीति भी तय की जायेगी। अभी तो सिर्फ मार्च निकला है। अगर पुलिस एकतरफा कार्रवाई करेगी तो अनिश्चितकालीन बंदी पर भी व्यवसायियों के संग बैठकर विचार किया जा सकता है। प्रतुल ने पुलिस को कहा की बिना सीसीटीवी फुटेज को खंगाले किसी निर्दोष पर वह हाथ ना डालें।

अवैध बालू उठाव पर पुलिस ने की कारवाई, दो ट्रैक्टर जब्त

सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। सेन्हा अंचल क्षेत्र में अवैध बालू ढुलाई की सूचना पर लगतार प्रशासन के द्वारा कार्रवाई जारी है। जानकारी के अनुसार सेन्हा अंचल क्षेत्र के मेढ़ो कोयल नदी से बालू उठाव की गुप्त सूचना पूर्व में प्रशासन को प्राप्त हुआ था। क्षेत्र में गस्ती के दौरान थाना प्रभारी ऋषिकांत द्वारा एक ट्रैक्टर को बालू लोड कर परिचालन करते हुए मेढो चौक से पकड़ कर थाना लाया गया। बताया जाता है कि जब्त ट्रैक्टर के मालिक अखिलेश सिंह है। जबकि दूसरा जब्त ट्रैक्टर सेन्हा पंचायत मुखिया धनवाज उरांव का बताया जा रहा है। जिसे डीएसपी परमेश्वर प्रसाद के अगुवाई में सेन्हा पुलिस बल के द्वारा पकड़ा गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सेन्हा उरांव मुहल्ला में मंगलवार रात्री में घटित घटना का अनुसंधान के दौरान बालू लोड कर परिचालन करते हुए ट्रैक्टर पकड़ा गया है। वहीं थाना प्रभारी ऋषिकांत ने जानकारी देते हुए कहा कि जब्त दोनो ट्रैक्टर चालक एवं मालिक के विरुद्ध अवैध बालू दोहन एवं सरकार के राजस्व क्षतिपूर्ति के तहत कारवाई किया जायेगा। इसके लिये खनन विभाग को अग्रेतर कार्रवाई के लिये सूचनार्थ किया गया है। फिलहाल दोनों जब्त ट्रैक्टर को थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है।

धोखाधड़ी के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। फर्जी दस्तावेज तैयार कर भूखंड हड़पने और धोखाधड़ी करने समेत अन्य आपराधिक कांडों का आरोपी 35 वर्षीय जसीम अंसारी उर्फ जसीमुद्दीन अंसारी को गिरफ्तार कर सदर थाना की पुलिस ने उसे जेल भेज दिया है। इस संदर्भ में सदर थाना कांड संख्या 154 /22 दर्ज किया गया है। मामले पर सदर थानेदार अनिल उरांव ने बताया कि, सदर थाना क्षेत्र के कुजरा गांव निवासी जसीम उर्फ जसमुद्दीन के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया था। पुलिस अनुसंधान में आरोपी के विरुद्ध मामला सत्य मिलने पर पुलिस ने कानूनी कार्रवाई शुरू किया है। आरोपी के विरुद्ध भादवि की धारायें 323 341, 420, 406, 364, 367, 368, 471,120 बी के तहत मामला दर्ज है।

बीएओ शंकर प्रसाद ने लिया प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी का प्रभार

किस्को/लोहरदगा (आजाद सिपाही)। जिले के किस्को प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी बहादूर रविदास के सेवानिवृत्त हो जाने के बाद प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी का पद खाली पड़ा हुआ था। इधर प्रखंड कृषि पदाधिकारी शंकर प्रसाद को विभागीय आदेशानुसार किस्को प्रखंड के नये आपूर्ति पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। बता दें कि शंकर प्रसाद पूर्व में भी एमओ के रूप में अपना योगदान दे चुके हैं। इस बीच एक बार फिर से शंकर प्रसाद को विभाग की ओर से किस्को प्रखंड का आपूर्ति पदाधिकारी के रूप में जिम्मेदारी सौंपी है। उल्लेखनीय है कि निवर्तमान एमओ बहादूर रविदास ने अपने कार्यकाल में सभी जिम्मेवारी पर निष्ठापूर्वक कार्य कर काफी सोहरत हासिल कर दिखाया था। इधर गुरूवार को प्रखंड कृषि पदाधिकारी शंकर प्रसाद ने निवर्तमान आपूर्ति पदाधिकारी बहादूर रविदास से प्रभार लेते हुए नये सिरे से विभाग की ओर से मिले निर्देश का शत प्रतिशत अनुपालन करने की बात कही है। वहीं निवर्तमान आपूर्ति पदाधिकारी बहादूर रविदास ने कहा कि किस्को प्रखंड क्षेत्र के लोग काफी मिलनसार और अच्छे स्वभाव के हैं। सरकारी प्रावधान के मुताबिक सभी लोगों को आना जाना करना पड़ता है। इधर पूर्व एमओ को विदाई और नये एमओ का प्रखंड कर्मियों ने स्वागत करते हुए शुभकामना दी है। मौके पर सभी विभागीय पदाधिकारी और कर्मी मौजूद थे।

शक्ति केंद्र के कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा के जिलाध्यक्ष ने की बैठक

बरवाडीह (आजाद सिपाही)। गुरुवार को बरवाडीह प्रखंड के लात पंचायत में शक्ति केंद्र की कार्यकर्ताओं की बैठक मंडल अध्यक्ष मुंद्रिका सिंह के अध्यक्षता में आयोजित कि गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष सह पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह ने शिरकत की। इस बैठक में झारखंड के वर्तमान सरकार एवं क्षेत्र के वर्तमान विधायकों के कार्यप्रणाली पर पूर्व विधायक ने जमकर निशाना साधा। वही भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि इस पंचायत में पूर्व की भाजपा सरकार ने जो काम इस पंचायत के लिये किया गया था। उसके बाद से इस पंचायत के अधूरा पड़े कार्य के लिए आज तक वर्तमान विधायक ने सुध तक नहीं ली। साथ ही पूर्व विधायक ने कहा पंचायत में सड़क, बिजली, पानी का काम अधूरा पड़ा हुआ है। वही इस बैठक का संचालन छिपादोहर के युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष दिलीप सिंह ने किया। वहीं कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा युवा मोर्चा के जिला कार्य समिति सदस्य दीपक तिवारी जी के द्वारा किया गया। वही मौके पर जिला उपाध्यक्ष रामधनी सिंह, सांसद प्रतिनिधि कंहाई प्रसाद, ब्लॉक प्रमुख शुशिला देवी, मंडल मंत्री सोती प्रसाद , एसटी मोर्चा जिला महामंत्री संदीप उरांव, पंचायत समिति सदस्य तेतरी देवी, बलराम सिंह, पूर्व मुखिया जगसहाय सिंह, युवा मोर्चा महामंत्री वीरेंद्र सिंह, अशोक यादव, मानिक चंद प्रसाद, सुनील प्रसाद, ललु यादव, ग्राम प्रधान नेमा सिंह, बालेश्वर सिंह, रीना देवी, आशा देवी के साथ साथ शक्ति केंद्र के कार्यकर्ता मौजूद थे।

लोहरदगा के निवासियों को दिया जायेगा एसआइएस में रोजगार,भर्ती प्रक्रिया शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। सिक्योरिटी स्किल्स काउंसिल ऑफ इंडिया एवं सिक्योरिटी एंड इंटेलिजेंस सर्विस इंडिया लिमिटेड द्वारा लोहरदगा जिले में दिनांक 02/09/2022 से दिनांक 08/09/2022 तक भर्ती की जायेगी। भर्ती से संबंधित सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। भर्ती के दौरान विधि व्यवस्था एवं शांति के लिये थाना प्रभारियो को पुलिस अधीक्षक द्वरा पत्र प्रेषित कर दिया गया है। बहाली के दौरान जिला पुलिस बल की ओर से जवानों की तैनाती की जायेगी तथा बहाली में अशांति ना हो इसके लिए एसआइएस इंडिया लिमिटेड के जवान अधिकारी भी तैनात रहेंगे। भर्ती टीम सेंट्रल ट्रेनिंग एकेडमी गढ़वा झारखंड टीम पहुंच चुकी है। इस भर्ती शिविर में 500 सुरक्षा जवान एवं 250 सुरक्षा सुपरवाइजर का चयन किया जायेगा सभी चयनित उम्मीदवारों को 21 ट्रेनिंग सेंटरों में से एक सेंट्रल ट्रेनिंग अकैडमी गढ़वा में 1 माह का प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। जिसमें पीटी ड्रिल एवं ड्रिल थ्योरी, औद्योगिक सुरक्षा, वीआइपी सुरक्षा, प्राथमिक उपचार, फायरफाइटिंग, कंप्यूटर, बैंक सिक्योरिटी, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग की सुरक्षा, सरकारी कार्यालयों की सुरक्षा इत्यादि का प्रशिक्षण प्रदान करके सिक्योरिटी इंटेलिजेंस सर्विस इंडिया लिमिटेड में 5000 कार्य स्थलों पर नौकरी उपलब्ध करायी जायेगी। भर्ती अधिकारी प्रिंस कुमार तिवारी एवं सत्येंद्र सिंह ने बताया कि भर्ती होने के लिए शारीरिक रूप से स्वस्थ योग्य सुरक्षा जवान उम्र 21 वर्ष से 36 वर्ष ऊंचाई 168 सेंटीमीटर एवं वजन 56 किलो से ऊपर होना चाहिए तथा सुरक्षा सुपरवाइजर के लिये उम्र 21 वर्ष से 36 वर्ष ऊंचाई 170 सेंटीमीटर एवं वजन 56 किलो होना अनिवार्य है। अधिकारी ने बताया कि देश भर में अनेक प्रकार के पाठ्यक्रम का संचालन किया जाता है तथा सुरक्षा के क्षेत्र में बढ़ते प्रभाव को देखते हुए लोहरदगा जिले के नवयुवकों को चयन करके उन्हें प्रशिक्षण एवं रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा। लोहरदगा जिला के सभी थाना परिसरों में दिनांक 02/09/22 कैरो थाना परिसर, 03/09/22 एसटी एससी थाना परिसर, 04/09/22 सेन्हा थाना परिसर, 05/09/22 जोबांग थाना परिसर, 06/09/22 सेरेनदाग थाना परिसर, 07/09/22 कुडू थाना परिसर एवं 08/09/22 लोहरदगा थाना परिसर में भर्ती स्थल पर शारीरिक मापदंड एवं लिखित परीक्षा लिया जायेगा तथा उम्मीदवारों को प्रशिक्षण के लिये नियुक्ति पत्र दिया जायेगा।

प्रशिक्षण प्रमाण पत्र भी उपलब्ध कराया जायेगा

प्रशिक्षण के उपरांत सभी जवानों को एसआइएस इंडिया लिमिटेड जो आइएसओ 9008 मानक विभाग में रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा। सिक्योरिटी एंड इंटेलिजेंस सर्विस इंडिया लिमिटेड का मुख्य कार्य स्थल लाल किला, कुतुब मीनार, फतेहपुर सिकरी, खजुराहो, हुमायूं टॉम्ब, सांची, स्टेट बैंक एटीएम, बैंक ऑफ बड़ौदा, सीआइडी, टाटा, बिरला ग्रुप, हिंडालको, विप्रो, म्यूजिक वर्ल्ड, एयरपोर्ट, चेक नाका इत्यादि जगहों पर नियुक्ति प्रदान की जायेगी। प्रशिक्षण के उपरांत उम्मीदवारों को एसआइएस के द्वारा प्रशिक्षण प्रमाण पत्र भी उपलब्ध कराया जायेगा। भर्ती अधिकारी ने बताया कि उन्हें जहां पर तैनात किया जायेगा राज्य सरकार के न्यूनतम वेतन अधिनियम एक्ट 1984 के अंतर्गत अन्य भत्ता योग्यता अनुसार सरकारी पेंशन विधवा पेंशन बोनस ग्रेच्युटी इएसआइ ग्रुप इंश्योरेंस मेडिकल आवास एवं मेष की सुविधा प्रमोशन दो योग्य बच्चों को आइपीएस देहरादून में पढ़ाने की व्यवस्था तथा स्थानांतरण के दौरान यात्रा भत्ता एवं खाने की सुविधा दी जाती है। भर्ती अधिकारी ग्रुप कमांडर रमेश जायसवाल ने बताया कि देश में बढ़ती बेरोजगारी को देखते हुए विभाग इस क्षेत्र के बेरोजगार नवयुवकों को भर्ती कर रोजगार उपलब्ध करा कर क्षेत्र की बेरोजगारी दूर करने के उद्देश्य से इस तरह का शिविर का आयोजन किया गया है।

अंकिता सिंह हत्याकांड के विरोध में भाजयुमो और भाजपा महिला मोर्चा ने दिया धरना

अंकिता हत्याकांड पर न्याय के लिए राज्यपाल से की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। भारतीय जनता युवा मोर्चा व भाजपा महिला मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में अंकिता सिंह हत्याकांड में हेमंत सोरेन झारखंड सरकार की तुष्टिकरणनिति एवं कुशासन के खिलाफ एकदिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित की गई। उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्ण के द्वारा झारखंड के महामहिम राज्यपाल को भाजपा युवा एवं महिला मोर्चा ने संयुक्त रूप से उपायुक्त कार्यालय में उपायुक्त के समक्ष ज्ञापन सौंपा। वक्ताओं ने कहा कि दोषीयों को फांसी की सजा फास्टट्रैक कोर्ट के माध्यम से मिलना चाहिए। उसके परिवार को एक करोड़ रुपए का मुआवजा एवं परिवार के सदस्य को सरकारी नौकरी की मांग सरकार दे। धरना कार्यक्रम में प्रवीण सिंह ने कहा कि अंकिता सिंह के साथ हुई घटना प्रदेश को शर्मसार करता है। ऐसी घटनाओं पर सामाजिक संस्थाओं को आगे आकर कार्य करने की जरूरत है। अंकिता सिंह की हत्या से समाज, प्रदेश एवं देश शर्मसार हुआ है। रमेश उराँव ने कहा कि जिस प्रकार से झारखंड में कानून के प्रति अविश्वास बढ़ा है और घरों में रह रहे बहू बेटियों को पेट्रोल से जलाकर हत्या कर दी जा रही है इन परिस्थितियों में हमारे आदिवासी पारंपरिक रिवाज अनुरूप सजा देने के लिए बाध्य करती है। ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि सामाजिक जागरूकता व युवाओं को सही दिशा तय करने के लिये जिम्मेवारी लेनी होगी। भाजयुमो प्रदेश मंत्री अजातशत्रु ने कहा कि युवाओं के बीच विस्तार करने के बजाये तुष्टिकरण की नीति का विस्तार कर रहे हमारे राज्य के मुखिया। कलावती देवी ने कहा आदिवासियों की सरकार बताने वाले लोगों के संरक्षण में हो रही सबसे ज्यादा आदिवासी भाई बहनों की हत्या सरकार को पिकनिक एवं अन्य जगहों पर आनंद लेने से फुर्सत नहीं। मनीष शिखर ने कहा कि वर्तमान झारखंड सरकार की कुव्यवस्था और सुरक्षा लापरवाहियों की भेंट चढ़ी बहन अंकिता।

मौके पर इनकी रही उपस्थिति

मौके पर पशुपतिनाथ पारस, अजय कुमार पंकज, अमरेश भारती, सरजू साहू, संजय वर्मन, सरिता देवी, मिथुन तमेड़ा अन्य लोगों धरने को संबोधित किया कार्यक्रम का संचालन मोर्चा महामंत्री सह कार्यक्रम के संयोजक बाल्मीकि कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री सजल कुमार ने किया। मौके पर नवीन कुमार टिंकू, नीरज कुमार नलिन सामेला भगत, अमरेश भारती, सरिता देवी, राधिका देवी, बुधन देवी, बृजनंदन गोप, बाल्मीकि कुमार, सजल कुमार, अतुल कुमार सहित अन्य वरिष्ठ कनिष्ठ कार्यकर्ता शामिल हुए।

दलित परिवारों को गांव से निकाले जाने के मामले में भाजपा ने निकाला विरोध जुलूस

भाजपा कार्यकर्ताओं ने रोषपूर्ण विरोध प्रदर्शन कर फूंका पुतला

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। पलामू जिला के पांडू थाना क्षेत्र में मुस्लिम बहुल गांव मुरुमातु के 50 दलित परिवारों के घर को अन्य समुदाय के लोगों द्वारा ध्वस्त कर दिये जाने का भाजपा ने विरोध किया है। बताया गया है कि दलितों का घर ध्वस्त कर गांव से भी निकाल दिया गया है। इसके विरोध में गुरुवार की शाम भाजपा कार्यकर्ताओं ने गुमला शहर में रोषपूर्ण प्रदर्शन किया। भाजपा ने शहर के कई मार्गों में जुलूस निकाला। जुलूस के अंत में टावर चौक के समीप राज्य सरकार का पुतला दहन किया। कार्यकर्ताओं ने हेमंत सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। कार्यकर्ताओं ने बताया कि पीड़ित परिवार अपना घर छोड़ कर कहीं दूसरे स्थान पर शरण लिए हुए हैं। इस जुलूस में इस घटना के साथ साथ अंकिता हत्याकांड के दोषियों को भी सजा देने की मांग की गयी।

दिव्यांग की मदद के लिए आगे आये कांग्रेसी नेता, बंद पेंशन को कराया चालू

गुमला (आजाद सिपाही)। सदर प्रखंड के बसुआ बहराटोली गांव निवासी दिव्यांग सुनील उरांव की मदद के लिए काग्रेस कामगार के जिला अध्यक्ष मुखतार आलम आगे आये। एक हादसे में सुनिल का पैर खराब हो गया और वह दिव्यांग हो गया। दुर्घटना के बाद वर्ष 2009 में उसका विकलांग सर्टिफिकेट बना था। जिसके बाद कुछ माह तक उसे विकलांग पेंशन मिली। लेकिन किसी ने दिव्यांग सुनील उरांव के खिलाफ कार्यालय को गलत रिपोर्ट कर दी। जिसके बाद उसका पेंशन बंद कर दिया गया था। सुनील उरांव एक गरीब परिवार से है। वह विकलांग होने से पहले खेती-बाड़ी करके अपना और अपने परिवार का पालन पोषण करता था। परंतु हादसे के शिकार होने के बाद उसकी दुनिया उजड़ गई है। वर्तमान में सुनील उरांव के पैर में जख्म हो गया है। जख्म पैर की हड्डी को पकड़ रहा है। डॉक्टर ने तुरंत सर्जरी करवाने की बात कहते हुए पैसे की व्यवस्था करने को कहा है। सर्जरी में काफी पैसे का खर्च है। परंतु इसके परिवार वाले के पास खाने-पीने तक का पैसा नहीं है। जिसकी जानकारी असंगठित कामगार कांग्रेस सह प्रखंड 20 सूत्री सदस्य गुमला मुख्तार आलम को मिलने पर दिव्यांग सुनील उरांव की मदद की। जानकारी मिलने के बाद मुख्तार आलम ने सबसे पहले बाल विकास परियोजना कार्यालय जाकर बंद विकलांग पेंशन चालू करवाया है। मुख्तार आलम ने कहा कि सर्जरी करवाने हेतु स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता से मिलकर वे बात करेंगे और जल्द से जल्द सर्जरी करवाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

छात्र पर गिरी पेड़ की डाल, छात्र गंभीर

गुमला (आजाद सिपाही)। ऐसा कभी कभी होता है कि कोई रास्ते से गुजर रहा हो और ऊपर से कुछ उस पर गिर जाये। अगर ऐसा होता है तो कहते हैं कि काल उसे यहां तक खींच लाया। गुरुवार को एक ऐसी ही एक घटना गुमला में घट गई। गुमला थाना क्षेत्र के राजनगर निवासी सुखराम उरांव का 10 वर्षीय पुत्र अमन उरांव के उपर पेड़ की एक डाल टूट कर गिर गई। डाल के शरीर में गिरने से वह घायल हो गया। जिसे तत्काल इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार अमन उरांव सिसई रोड स्थित संत जेवियर स्कूल में चौथी कक्षा का छात्र है। स्कूल से छुट्टी होने के बाद अमन अपनी साइकिल से घर लौट रहा था। इसी क्रम में एक पेड़ की डाल टूटकर उसके उपर गिर गई। जिससे उसके सिर व शरीर के अन्य हिस्से में गंभीर चोट लगी है।

युवक ने फांसी लगाकर कर की आत्महत्या

गुमला (आजाद सिपाही)। गुमला थाना क्षेत्र के चंदाली निवासी चरण उरांव का 25 वर्षीय पुत्र दिलीप मिंज ने सुबह लगभग 10 बजे अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया गया कि दिलीप अपनी तीन वर्षीय बच्ची को सोसो मोड़ स्थित शिशु वाटिका स्कूल में छोड़ अपने घर गया। वहीं उसकी पत्नी अपने खेत में घास काटने के लिए गई हुई थी। घास काट कर लौटने पर पत्नी ने देखा कि उसका पति दिलीप घर के एस्बेस्टस पाइप के सहारे दुपट्टे से फांसी लगा ली है। जिसके बाद मृतक की पत्नी ने पड़ोसी को फोन कर इसकी सूचना दी और पड़ोसी आकर फंदे से झूलता दिलीप को नीचे उतारा, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। जिसकी सूचना पड़ोसियों ने गुमला थाने में दी। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर मृतक के शव का पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। अभी तक आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। गांव में लोग तरह तरह की बातें कर रहे हैं।

प्रदर्शन : अब अंकिता हत्याकांड के विरोध में महिला कांग्रेस सेवा दल उतरी सड़क पर

कैंडल मार्च निकाल हत्यारे को फांसी की सजा देने की मांग की

महिलाओं के लिए कानून बनना चाहिए और महिलाओ से जुड़े अत्याचार और हिंसा मामलों पर सरकार तत्काल कार्रवाई करे : जासमीन लुगुन

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। अंकिता हत्याकांड के दोषियों को सजा दिलाने के लिए अब कांग्रेस भी सड़कों पर उतर आयी है। कल तक भाजपा इसे जवलंत मुद्दा के रूप में अंकिता हत्याकांड को जोरशोर से उठा रही थी। लेकीन कांग्रेस द्वारा अंकिता के लिए कैंडल मार्च निकाल कर इसे राजनीति से ऊपर का मुद्दा बना दिया गया है। अंकिता हत्याकांड को लेकर गुमला के संगठनों द्वारा जिले में लगातार विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। कांग्रेस महिला सेवादल के कार्यकर्ताओं द्वारा टावर चौक के समीप कैंडल मार्च निकाला गया। महिलाओं ने एक स्वर में कहा कि अंकिता के हत्यारे को फांसी की सजा मिलनी चाहिए।

वहीं दूसरी ओर सेवादल के अध्यक्ष जासमीन लुगुन ने कहा कि एक अन्य घटना से पूरा झारखंड शर्मसार हो गया है। गुमला की रहने वाली एक आदिवासी बेटी के साथ भाजपा नेत्री सीमा पात्रा ने घिनौना कार्य किया है। भाजपा नेत्री को कठोर सजा मिलनी चाहिए। जहां एक ओर भाजपा ट्राइबल महिला को ससम्मान देश के सर्वोच्च पद पर आसीन करती है, वहीं दूसरी ओर एक भाजपा नेत्री के द्वारा आदिवासी युवती पर अत्याचार कर रही है। यह बिलकुल नाजायज है।

अध्यक्ष ने कहा कि महिलाओं के लिए कानून बनना चाहिए और महिलाओ से जुड़े अत्याचार और हिंसा मामलों पर सरकार तत्काल कार्रवाई करे। मौके पर मुख्य रूप से इंदु एक्का, रेखा कुजूर, पुष्पा पन्ना, ज्योति असुर, क्रिस्टीना तिर्की, रेनू लकड़ा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

अगर इमानदारी पूर्वक जांच नहीं हुई तो समझा जाएगा कि बच्चों के निवालों को निगलने में भी होता है बंटवारा

आजाद सिपाही संवाददाता

आजाद सिपाही ने प्रमुखता से प्रकाशित की थी राजकीयकृत उत्क्रमित उवि ईचा में पढ़ने वाले बच्चों को मध्याह्न भोजन नहीं मिलने की खबर

घाघरा। अगर सच बोलने की, सच लिखने की हिम्मत हो तो अधिकारियों के कान जरूर खड़े होते हैं। और आरोपियों पर कार्रवाई भी की जाती है। यह बात तथ्य के आधार पर कही जा रही है। घाघरा में एक पंचायत है ईचा जहां एक सरकारी स्कूल राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय ईचा में पढ़ने वाले बच्चों को मध्याह्न भोजन नहीं मिलता है। विद्यालय संचालकों या विद्यालय प्रधानों की मनमानी कहिए या प्रखंड मुख्यालय से दूरस्थ गांव होने का दंश, यहां के बच्चों का निवाला शिक्षक आसानी से निगल जाते हैं। पिछले दिनों आजाद सिपाही ने एक खबर प्रमुखता से छापी थी जिसमें बताया गया था कि उप मुखिया और पूर्व मुखिया ने मिलकर संयुक्त रूप से राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय ईंचा का निरीक्षण किया। जिसमें यह पाया गया कि बच्चों को मध्याह्न भोजन नहीं मिल रहा है। इन दोनों जनप्रतिनिधियों के साथ थी आजाद सिपाही की टीम। इस निरीक्षण को आजाद सिपाही ने प्रमुखता से छापते हुए घाघरा के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को यह सूचना दी थी कि ईचा में मध्याह्न भोजन बंद है। खबर पढ़ते ही प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के कान खड़े हो गए। उन्हें लगा की आखिर बच्चों को दिया जाने वाला मध्यान भोजन जाता किधर है? कौन है जो बच्चों के मुंह से निवाला छीन रहा है ?इस बात को लेकर शिक्षा प्रसार पदाधिकारी अत्यंत गंभीरहो गाई। और संबंधित शिक्षक को स्पष्टीकरण का नोटिस भेज दिया। उक्त नोटिस में प्रधानाध्यापक को स्पष्टीकरण के लिए तीन सितंबर का समय दिया गया है। यह भी कहा गया है कि अगर तीन सितंबर तक प्रधानाध्यापक का स्पष्टीकरण नहीं मिला तो यह समझा जाएगा कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है और फिर सीधे कार्रवाई के लिए आला अधिकारियों तक बात पहुंचा दी जाएगी। अब तो यह आने वाला समय ही बताएगा प्रधानाध्यापक पर क्या कार्रवाई होती है? फिलहाल शिक्षा प्रसार पदाधिकारी का एक्शन सराहनीय है। अगर ईमानदारी पूर्वक जांच नहीं की गई तो यह समझा जाएगा की बच्चों के निवालों को निगलने में भी बंटवारा होता है।

सोनिया गांधी के मातृ शोक पर कांग्रेसी मर्माहत

गुमला (आजाद सिपाही)। कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी को मातृ शोक हुआ है। उनकी मां पाओला माइनो का निधन 27 अगस्त को इटली में हु गया था। इस दुःखद घटना से गुमला के कांग्रेसी मर्माहत हैं और शोक संवेदना प्रकट की है। वरीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने कहा कि सोनिया गांधी की मां पाओला माइनो की आत्मा को शांति मिले। दुःख की इस घड़ी में मेरे विचार पूरे परिवार वालों के साथ हैं। कांग्रेस पार्टी शोकाकुल है। शोक जताने वालों में अकील रहमान, हेमावती लकड़ा, अरूण गुप्ता, एजाज अहमद, हिमेश कुमार, रामनिास प्रसाद, बैजनाथ उरांव व अमर कुजूर सहित अन्य कांग्रेसी शामिल हैं।

गुमला में हावी है अफसरशाही : रमेश चीनी

आजाद सिपाही संवाददाता

सरकार की अस्थिरता के मजे लूट रहे हैं अधिकारी

गुमला। जिला कांग्रेस कमेटी के वरीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने गुमला में बढ़ती अफसरशाही पर चिंता प्रकट की है। कहा है कि गुमला में पदस्थापित अफसरों के बीच सरकार का भय समाप्त हो गया है। सरकार की अस्थिरता को देखते हुए अफसर यह मान बैठे हैं कि सरकार गिरने वाली है और भाजपा सरकार के कार्यकाल की तरह बिना सोंचे-विचारे अपनी मर्जी का काम कर रहे हैं। वे सरकार की बातों को भी अनसुना कर दे रहे हैं। जबकि प्रशासनिक अधिकारियों को जनहित के कार्यों में रूचि होनी चाहिए। किंतु जनहित से दूर अधिकारी अपने निजी स्वार्थ और लाभ की पूर्ति के लिए काम कर रहे हैं। योजनाओं में भी बिना पारदर्शिता के धरातल पर काम हो रहा है। कई जगहों पर बिना टेंडर किए योजना शुरू हो गई है। जबकि नियमतः योजना धरातल पर उतरने से पहले कार्यस्थल पर योजना का नाम, विभाग का नाम, कार्य प्रारंभ होने से लेकर समाप्ति की तिथि, प्राक्कलित राशि जैसी आवश्यक जानकारी सूचना पट के माध्यम से सार्वजनिक होनी चाहिए। किंतु बिना बताए और बिना निविदा आमंत्रित किये योजना संचालित हो रही है। जिससे योजना की गुणवत्ता पर असर पड़ रहा है। साथ ही सरकारी राशि का दुरुपयोग हो रहा है। उन्होंने उपायुक्त से इसपर हस्तक्षेप कर नियम पूर्वक विकास कार्य को धरातल पर उतारने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी करने का अनुरोध किया है।

महत्वपूर्ण न्यूज

संतुलित आहार से ही होगा कुपोषण मुक्त भारत : सिविल सर्जन

घाघरा (आजाद सिपाही)। बाल विकास परियोजना घाघरा, स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में नवाडीह पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण माह का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में शामिल महिलाओं, किशोरियों एवं ग्रामीणों को सिविल सर्जन गुमला राजू कच्छप ने पोषण की महत्ता की जानकारी दी। कहा कि सही खान-पान, नियमित साफ-सफाई का हमारे जीवन में बहुत मत्वपूर्ण स्थान है। कार्यक्रम में पोषण स्टॉल लगाकर प्रोटीन, विटामिन, आयरन से संबधित खाद्य पदार्थो को सम्मिलित किया गया था। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों को वभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थों से मिलने वाले पोषक तत्वों एवं उनकी कमी से होने वाली बीमारी के विषय में बतलाया गया। कार्यक्रम में गोद भराई एवं अन्नप्राशन कर बच्चों के स्वास्थ्य में पोषण की महत्ता पर विशेष जानकारी दी गई। घाघरा स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ अरविंद कुमार के द्वारा बताया गया कि कौन सी सब्जी में कौन सी विटामिन हमें प्राप्त होती है और कैसे हम स्थानीय सब्जियों से अपना पोषण सही कर सकते हैं। मौके पर सिविल सर्जन राजू कच्छप, घागरा स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ अरविंद कुमार, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी ज्ञानरंजन, सीकेडी पारस साहू, बबीता देवी, बाल विकास परियोजना की महिला सुपरवाइजर राजेश्वरी देवी, आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका संपत्ति सावित्री एवं सेंटर फॉर नॉलेज डेवलपमेंट के प्रखंड समन्वयक माया मिश्रा, कम्युनिटी मोटीवेटर चिंतामणि बासु देवी, संतोषी कुमारी, विनय भगत एवं नौडीहा पंचायत के सभी सेविका-सहिया मौजूद थे।

स्वस्थ व समृद्ध समाज के निर्माण के लिए उचित पोषाहार के प्रति जागरूकता जरूरी : डीडीसी

बिशुनपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के बनारी पंचायत सचिवालय में गुरुवार को पोषण माह का शुभारंभ मुख्य अतिथि डीडीसी हेमंत सती, बीडीओ छंदा भट्टाचार्य, सीओ धनंजय पाठक, मुखिया बसनु उरांव के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। डीडीसी ने कहा कि स्वस्थ व समृद्ध समाज के निर्माण के लिए उचित पोषाहार के प्रति जागरूकता जरूरी है। उन्होंने कहा पोषण माह का उद्देश्य बच्चों में कुपोषण को दूर करना, गंभीर तीव्र कुपोषण से पीड़ित बच्चों की रक्षा करना, गर्भवती तथा स्तनपान कराने वाली महिलाओं में खून की कमी तथा कुपोषण को दूर करने के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र के परिवारों के बीच विभिन्न प्रकार की सब्जियां, दालें, फलों के सेवन को प्रोत्साहित करना है। जिसको लेकर पूरे देश में पोषण माह का शुभारंभ किया गया है, जो 1 सितंबर से 30 सितंबर तक चलेगा। बीडीओ ने कहा कि घर के सामने खाली पड़े स्थानों पर पोषण वाटिका जरूर लगाएं। राष्ट्रीय पोषण माह के तहत आंगनबाड़ी स्तर पर पोषण जागरूकता अभियान चलेगा। इस अवसर पर गोद भराई एवं हरी साग सब्जियों के स्टॉल लगाये गये थे। मौके पर सेविका-सहायिका एवं काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

भरनो में राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ

भरनो (आजाद सिपाही)। बाल विकास परियोजना कार्यालय भरनो गुमला एवं सेंटर फॉर नॉलेज एंड डेवलेपमेंट (सीकेडी)के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत होने वाले (1 सितम्बर से 30 सितम्बर तक) राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ बीडीओ तेज कुमार हस्सा, सीओ संजीव कुमार, सीडीपीओ सुनीता केरकेट्टा के द्वारा किया गया। इस बीच प्रखंड अंतर्गत सभी सेविकाओं एवं सहायिकाओं के द्वारा भरनो में पोषण जागरूकता रैली निकाली गयी। इस बीच सीडीपीओ सुनीता केरकेट्टा ने कहा कि सभी आगनबाड़ी सेंटर पर पूरे महीने में पोषण माह पर विभिन्न गतिविधि करनी है। प्रत्येक गांव में रैली निकल के लोगों को जागरूक करने का कार्य करना है और कुपोषण दूर भगाना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में एलएस कृष्णा देवी, उषा देवी, उर्मिला देवी, जेएसएलपीएस से बीपीएम कुणाल प्रसाद, सीकेडी से मुकेश सिंह, बिपिन सिंह, हर्षित केरकेट्टा, अंजुम खातून, सीएचसी से एमपीडब्ल्यू प्रवीण कुमार एवं प्रखंड के सभी सेविकाओं और सहायिकाएं शामिल थीं।

बसिया प्रखंड में पोषण माह का उद्घाटन

बसिया (आजाद सिपाही)। पोषण माह अभियान के तहत गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय में पोषण माह का उदघाटन मुख्य अतिथि एसडीओ संजय पीएम कुजूर, विशिष्ट अतिथि प्रमुख जगरानी तिग्गा एवं उपप्रमुख इंदुमती देवी, बीडीओ रविन्द्र कुमार गुप्ता, सीओ रविन्द्र कुमार पांडेय द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। पोषण माह अभियान के तहत सितंबर माह में सभी आंगनबाड़ी सेंटर में कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में योजना के संबंध में आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं उपस्थित लोगों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में पोषण स्टॉल, पोषण रंगोली, हरी सब्जी की रंगोली का प्रदर्शन सेविकाओं द्वारा किया गया। कार्यक्रम में छह महिलाओं की गोद भराई, 6 बच्चों की मुंह जूठी, कोनबीर निवासी एक दिव्यांग को ट्राइसाइकिल प्रदान की गयी। साथ ही पोषण रथ को भी रवाना किया गया। उक्त कार्यक्रम में सुपरवाइजर डेजी कुजूर, सलोमी तिग्गा, प्रखंडकर्मी एवं सेविका-सहायिका उपस्थित थे।

बीडीओ ने कोविड-19 टीकाकरण जागरूकता अभियान नाटक मंडली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

सिसई (आजाद सिपाही)। कोविड 19 टीकाकरण जागरूकता अभियान हेतु गुरुवार को प्रमुख मीना देवी, बीडीओ सुनीला खलखो व सीओ अरुणिमा एक्का ने लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान सिसई के नाटक मंडली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। संस्थान के कलाकार शंकर नायक, मधुकुंज व टीम के द्वारा 30 सितंबर तक प्रखंड के सभी 18 पंचायतों के विभिन्न गांवों में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर 18+ के लोगों को टीकाकरण व बूस्टर डोज के लिए जागरूक करेंगे। मौके पर लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान गुमला के जिला समन्वयक निरंजन कुमार, प्रखंड समन्वयक विक्रम ओहदार, क्लस्टर समन्वयक अनिमा कुमारी, सुमति कुमारी एवं बबलू लोहरा मौजूद थे।

निरीक्षण : उपायुक्त ने कामडारा प्रखंड सह अंचल कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

बीडीओ-सीओ को कार्य में प्रगति लाने के लिये दिये विशेष दिशा-निर्देश

उपायुक्त ने पोषण जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

आजाद सिपाही संवाददाता

कामडारा। उपायुक्त सुशांत गौरव गुरुवार को कामडारा प्रखंड सह अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया। वहीं श्री गौरव ने सबसे पहले प्रखंड कार्यालय और अंचल कार्यालय से जुड़े सभी विभागों के सभी कमरों का बारीकी से निरीक्षण किया और संबंधित कर्मियों से संपादन किये जा रहे कार्यों के बारे में पूछताछ की। इसके बाद उपायुक्त ने कामडारा बीडीओ अमृता प्रियंका एक्का और सीओ दीप्ति प्रियंका कुजूर को कार्य में प्रगति लाने के लिये विशेष दिशा-निर्देश दिये। उसके बाद पोषण माह की जागरूकता को लेकर कामडारा प्रखंड मुख्यालय परिसर से पोषण जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर पूरे जिले के लिये रवाना किया। वहीं प्रखंड सह अंचल कार्यालयों का निरीक्षण किये जाने के उपरांत उपायुक्त सुशांत गौरव ने स्थानीय पत्रकारों के द्वारा पूछे गये सवालों पर कहा कि कार्यालयों पर अक्सर छोटी-मोटी त्रुटियां रहती हैं। जिसमें सुधार लाने के लिये संबंधित अधिकारियों को दिशानिर्देश दे दिया गया है।

उपायुक्त सुशांत गौरव ने कामडारा बीडीओ अमृता प्रियंका एक्का को निर्देश दिया कि आज शाम तक प्रखंड सह अंचल कार्यालय पर एयरटेल का वाई-फाई लगाया जाये।

उपायुक्त सुशांत गौरव ने प्रखंड क्षेत्र के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय कामडारा मे स्चच्छता पखवाड़ा 2022 कार्यक्रम को लेकर विधिवत उद्घाटन व शुभारंभ किया। कार्यक्रम के शुरूआत में उपायुक्त ने विद्यालय के वर्ग छह की कुल तीन छात्राओं को बुलाने के पश्चात संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। वहीं स्कूली बच्चों को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने बच्चों के बीच साफ-सफाई व रहने के तौर -तरीके और पानी के सुरक्षित उपयोग के बारे में बताते हुये कहा कि सभी स्कूली बच्चे सीखने की अपनी क्षमता को बढ़ायें और एक दूसरे को सीखने में मदद करें। वहीं कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर पर स्कूली बच्चे के स्वास्थ्य जांच के लिये लगाये गये स्वास्थ्य शिविर का उपायुक्त ने निरीक्षण किया। इसके अलावे विद्यालय परिसर के अंदर विभिन्न स्थानों व पाकशाला का निरीक्षण करने के उपरांत विद्यालय के वार्डन व शिक्षिकाओं को विशेष दिशा-निर्देश दिये।

प्रखंड क्षेत्र के गांव बम्हनी में उपायुक्त सुशांत गौरव ने पोषण माह के कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। वहीं कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन व शुभारंभ उपायुक्त सुशांत गौरव, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा, उपप्रमुख शकुंतला देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान पोषण माह का मूल उद्देश्य के बारे मे जानकारी देते हुये बताया गया कि 1 सितंबर से लेकर आगामी 30 सितंबर तक पूरे जिले में पोषण माह के रूप में मनाया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त गुमला के द्वारा कुल छह बच्चों का अन्नाप्रसन्न और कुल पांच लोगों की गोदभराई करायी गयी।

प्रखंड क्षेत्र के पोकला गेट से गांव कुदा जाने के लिये सड़क नहीं रहने के कारण परेशान ग्रामीणों ने उपायुक्त को एक ज्ञापन सौंपकर उक्त कच्चे जर्जर पथ पर यथाशीध्र सड़क बनाने की मांग की। मौके पर गुमला के डीएसई वशीम अहमद, कार्यक्रम पदाधिकारी शमशाद अली, बीईओ सुरेन्द्र प्रसाद बीडीओ अमृता प्रियंका एक्का, सीओ दिप्ती प्रियंका कुजूर, थाना प्रभारी कौशलेंद्र कुमार, डॉ तारिक अनवर, जिप सदस्य दीपक कंडुलना, प्रमुख सुनील सुरीन, विधायक प्रतिनिधि जॉन फिड्रिक टोपनो, सरिता मुखिया वीरेंद्र सुरीन, कामडारा मुखिया लभली तिर्की, सुरुहू मुखिया सुरेंद्र तिर्की, उपप्रमुख शकुंतला देवी, बीपीओ चंद्रशेखर सहदेव, आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

बाल संप्रेषण गृह में माटीकला प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन

हम आपको कुछ सीखने के लिए इस शिविर का आयोजन कर रहे हैं : डीसी

मृदा पलाश स्वावलंबी सहकारी समिति बाल संप्रेषण गृह में रह रहे बच्चों के लिए मिट्टी से संबंधित ट्रेनिंग मील का पत्थर साबित होगा : अविनाश देव

बाल संप्रेषण गृह मेदिनीनगर में
माटीकला प्रशिक्षण शिविर
2022, गुरुवार

मेदिनीनगर(आजाद सिपाही)। स्थानीय बाल संप्रेषण गृह में मृदा पलाश स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड पलामू द्वारा माटीकला प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन पलामू डीसी अंजनेयुलू दोड्डे, डीडीसी मेघा भारद्वाज, माटीकला बोर्ड के सदस्य अविनाश देव और समाज कल्याण पदाधिकारी संध्या रानी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित एवं नारियल फोड़ और फीता काट कर किया। माटीकला बोर्ड के द्वारा आत्मनिर्भर भारत के लिए, स्वरोजगार की दिशा में मृदा पलाश स्वावलंबी सहकारी समिति पलामू द्वारा जिला समाज कल्याण विभाग पलामू द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम बाल संप्रेषण गृह मेदिनीनगर में बच्चों को कला और हुनर से जोड़ने के उद्देश्य से माटी कला प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि उपायुक्त दोड्डे ने कहा की बच्चों को विभिन्न प्रशिक्षण देकर भविष्य के लिए एक बेहतर युवा तैयार करने की पहल बेहद कारगार साबित होगी। सभी बच्चे इस शिविर का लाभ उठाकर पूरे मनोयोग से ज्ञानार्जन करें। इसका प्रयोग बौद्धिक क्षमता के विकास के साथ भविष्य में उन्हें आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने में बेहतर भूमिका निभाएगा। डीडीसी मेघा भारद्वाज ने कहा की बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ अनेक अतिरिक्त गतिविधियों में शामिल होना उनकी क्षमताओं में वृद्धि करता है। ऐसे प्रशिक्षण शिविर का लाभ उठाकर सभी बच्चें बहुत कुछ बेहतर कर सकते हैं जो उन्हें एक नई ऊंचाइ और दिशा प्रदान करेगा। माटीकला बोर्ड के सदस्य अविनाश देव ने कहा की बदलाव के इस दौर में सभी युवा अनेक डिग्रियां हासिल करके नौकरी प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं, जिस कारण बेरोजगारी चरम पर है। इसकी गंभीरता को समझते हुए मृदा पलाश स्वावलंबी सहकारी समिति ने बाल संप्रेषण गृह में रह रहे बच्चों के लिए मिट्टी से संबंधित ट्रेनिंग आयोजित किया गया है। यह एक बेहतर पहल है जो बाल्यावस्था से बच्चों को विभिन्न क्षेत्रों में हुनरमंद बना कर उन्हे आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर करेगा।

भाजपा नेताओं ने सांसद द्वारा दी गयी राशि को पांडू पहुंच कर मुसहर परिवार के बीच किया वितरित

मेदिनीनगर(आजाद सिपाही)। पलामू के सांसद वीडी राम की ओर से दी गयी दस हजार रुपये को गुरुवार को वरीय भाजपा नेता धर्मदेव सिंह यादव और ईश्वरी पांडेय ने भाजपा कार्यकताओं के साथ पांडू पहुंचकर विस्थापित हुए मुसहर परिवार के सदस्यों के बीच वितरित कर स्थिति का जायजा लिया। भाजपा नेता श्री यादव ने कहा कि सूबे की हेमंत सरकार के राज्य में न तो महिलाएं सुरक्षित हैं और न ही महादलित परिवार के लोग। इस राज्य में अपराधी बेलगाम हो गए हैं। यही कारण है कि दिन के उजाले में वर्षो से रह रहे महादलित परिवार के झोपड़ीनुमा अशियाना पर बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर न सिर्फ बेघर किया बल्कि उन्हें एवं उनके बच्चे को जबर्दस्ती गाड़ी में ठूस कर कोसो दूर जंगलों में जाकर छोड़ दिया। इस घटना से केवल मानवता ही तार- तार नहीं हुई है बल्कि स्थानीय प्रशासन के कार्यशैली पर भी प्रश्न चिन्ह खड़ा कर आज हर लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि समाज के वैसे लोगों के साथ घोर अन्याय किया गया है जिसे आजतक कोई लाभ नहीं मिल रहा है। उनके पास न तो राशन कार्ड है और न ही वोटर और यूआईडी कार्ड।

खगड़िया मुहल्ले में लगा नया ट्रांसफार्मर

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। हुसैनाबाद वार्ड नौ के पार्षद नजीर अहमद ने यथा शिघ्र शहर के खगड़िया मुहल्ले में नए ट्रांसफार्मर लगाए जाने पर स्थानीय जनप्रतिनिधि व बिजली विभाग के वरीय पदाधिकारी के प्रति आभार व्यक्त किया है। विदित हो कि छः दिन पूर्व शहर के खगड़िया मुहल्ले का ट्रांसफार्मर जल गया था। जिससे वार्ड नौ एवम दस में अंधेरा छा गया था ।बिजली नही रहने के कारण आम लोगों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था ।इसकी लिखित जानकारी वार्ड नौ के वार्ड पार्षद नजीर अहमद व युवा समाजसेवी अंशु अग्रवाल व ग्रामीणों ने बिजली विभाग के सहायक अभियंता संजय कुमार को आवेदन देकर यथाशीघ्र ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की थी ।साथ ही बिधायक कमलेश कुमार सिंह से भी स्थानीय लोगों ने संपर्क कर ट्रांसफार्मर की मांग की थी ।स्थानीय विधायक के पहल पर बिजली विभाग द्वारा खगड़िया मुहल्ले में 200 केबीए का ट्रांसफार्मर लगा दिया गया है।

अंकिता हत्याकांड मामले में हुसैनाबाद में मुख्यमंत्री का जलाया पुतला

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। दुमका की छात्रा अंकिता सिंह हत्याकांड मामले के विरोध में हुसैनाबाद के सर्वदलीय संघर्ष मोर्चा द्वारा गुरुवार को शहर के जेपी चौक पर मुख्यमंत्री का पुतला फूंका गया ।कार्यक्रम की शुरूआत शहर के महाबीर जी भवन से रैली निकालकर मुख्य बाजार का भ्रमण करते हुए जेपी चौक पर प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री का पुतला जलाया और नारेबाजी की। कार्यक्रम के दौरान मौजूद कार्यकताओं ने हेमंत सोरेन के खिलाफ नारेबाजी भी किया। नारेबाजी कर रहे युवाओ ने हेमंत सोरेन हाय हाय, हमारी लड़कियां घरों में भी सुरक्षित नहीं, हेमंत सरकार में महिलाएं खतरे में,अंकिता के हत्यारे को फाँसी दो जैसी तख्ितयां लेकर जोरदार प्रदर्शन व नारेबाजी किया ।पुतला दहन के उपरांत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने अंकिता सिंह हत्या कांड मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर उसके ईलाज में कोताही बरतने व अपराधियों को संरक्षण देने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार की लापरवाही की वजह से अंकिता की जान गई। जबतक अंकिता को न्याय नहीं मिल जाता है तब तक आंदोलन जारी रहेगा। कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी सचिन कुमार ने किया ।मौके पर मुख्य रूप से भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक कुमार सिंह, कर्नल संजय सिंह, प्रेमतोष कुमार सिंह, रामेश्वर राम उर्फ छठन राम, अजय प्रसाद गुप्ता, मनीष कश्यप, उदय विश्वकर्मा, तकी हुसैन रिजवी, संतोष गुप्ता, मधुलता रानी,एनसीपी नेता चंदन कुमार सिंह, वार्ड पार्षद उमा देवी, मौलाना मुशवी रजा, अखबार बिक्रेता प्रेमचंद कुमार समेत सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद थे।

छात्रों के परीक्षाफल में त्रुटि से आक्रोशित हैं मदनपुर के ग्रामीण

छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। शिक्षकों की लापरवाही से छतरपुर के मदनपुर उत्क्रमित मध्य विद्यालय के 117 छात्रों का रिजल्ट पेंडिंग हो गया। जिसके बाद आक्रोशित छात्रों और अभिभावकों ने छतरपुर जपला मुख्य पथ को जाम कर दिया। जामस्थल पर छात्र पुनः परीक्षाफल के प्रकाशन की मांग कर रहे थे। बाद में नगर पंचायत के युवा समाजसेवी अरविंद गुप्ता चुनमुन, बीडीओ, सीओ और कार्यपालक अधिकारी और बीपीएम के पहल के बाद आक्रोशित छात्रों ने सड़क जाम हटाया। मालुम हो कि यह मामला छतरपुर नगर पंचायत के मदनपुर का है जहां आंतरिक मूल्यांकन जमा नहीं होने के कारण राजकीय कृत उत्तक्रमित मध्य विद्यालय मदनपुर, छतरपुर के 8वीं कक्षा के 117 बच्चे फेल हो गए हैं। जो रिजल्ट प्रकाशित हुआ है वह मार्जिनल रिजल्ट है। हंगामे की सूचना मिलने के बाद अधिकारी दल बल के साथ जामस्थल पर पँहुचे और छात्रों को आश्वस्त किया कि जल्द ही उनका रिजल्ट प्रकाशित होगा। सड़क जाम की सूचना मिलने के बाद नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविंद गुप्ता भी जाम स्थल पर पँहुचे और छात्रों की समस्या के मद्देनजर अधिकारियों से बात की। मौके पर अधिकारियों ने स्कूल के शिक्षकों को जम कर लताड़ लगाई और व्यवस्था सुधारने का निर्देश दिया। आक्रोशित ग्रामीणों को समझाते हुए अरविंद गुप्ता उर्फ चुनमुन ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों ने छात्रों के परीक्षाफल के प्रकाशन के लिए समय लिया है और जल्द ही इसका निदान निकाला जाएगा। मौजूद बीडीओ सीओ और कार्यपालक अधिकारीयों ने भी उच्च अधिकारियों से बात कर बताया कि जल्द ही समस्या का निदान निकाल लिया जाएगा। जाम के कारण स्कूल के पास सैकड़ों गाड़ियों का कतार लग गया था। जाम स्थल पर सैकड़ो छात्र और ग्रामीण मौजूद थे।

अगस्त माह का राशन नहीं मिलने से आम लोग परेशान

▶▶विधायक ने खाद्य आपूर्ति सचिव को पत्र लिखकर उच्च स्तरीय जांच की मांग की

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य खाद्य निगम के हुसैनाबाद स्थित गोदाम से ससमय राशन सामग्री नहीं मिलने से हुसैनाबाद एवं हैदरनगर के जविप्र.के विक्रेता काफी परेशान हैं। वहीं आम गरीबों को राशन नहीं मिलने से उनके समक्ष गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। हुसैनाबाद व हैदरनगर के जनवितरण प्रणाली के दुकानदारों ने इस संबंध में हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह को अवगत कराया है। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने तत्काल कार्रवाई करते हुए विभागीय सचिव को पत्र लिखकर इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषी लोगों पर कार्रवाई करने व गरीबी को जल्द से जल्द अनाज उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। डीलर संघ ने विधायक को बताया कि वह केवल पीएमजीकेएवाई मद का राशन का उठाव करेंगे तो एनएफएससी मद के राशन का स्टॉक एनआईसी द्वारा स्वतः उनके स्टॉक में दर्ज हो जाएगा और उनके स्टॉक में बैलेंस दिखा दिया जायेगा। इसका खामियाजा डीलरों को ही भुगतना पड़ेगा। विधायक ने पत्र के माध्यम से विभागीय सचिव से आग्रह किया है कि सभी डीलरों को दोनों मद का राशन एक साथ उपलब्ध कराया जाए। जिससे अकाल की मार झेल रहे गरीब परिवारों को दो वक्त का भोजन मिल सके। समय पर राशन नहीं मिलने से उपभोक्ताओं में काफी आक्रोश है। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने सचिव को लिखे पत्र में कहा है कि हुसैनाबाद व हैदरनगर प्रखंड का अनाज झारखंड राज्य खाद्य निगम के हुसैनाबाद गोदाम से प्राप्त होता है। गोदाम को माह अगस्त 2022 का राशन जिला से प्राप्त हुआ है, तो वह कहां गया। यह जांच का विषय है। उन्होंने कहा कि अगस्त 2022 का दस हजार क्विंटल अनाज कहां गया।उन्होंने आयुक्त पलामू को भी इस संबंध में पत्र प्रेषित कर जांच करने की मांग की है। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने इस मामले को एक बड़ा घोटाला बताया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही अगस्त माह का अनाज उपभोक्ताओं तक नहीं पहुंचा तो वह इस मामले को लेकर आंदोलनात्मक रुख अपनाने को बाध्य होंगे। उन्होंने पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि गरीबों के अनाज का घोटाला करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक संपन्न

मेदिनीनगर(आजाद सिपाही)। पलामू उपायुक्त अंजनेयुलू दोड्डे की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत अनुसूचित जाति/जनजाति, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक लाभुकों को ऋण स्वीकृति हेतु जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में समिति द्वारा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/ पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक लाभुकों को ऋण स्वीकृति को लेकर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान समिति द्वारा अनुसूचित जाति/ जनजाति, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक के कुल 18 लाभुकों का ऋण स्वीकृति करने पर सहमति प्रदान की गयी जिसमें अनुसूचित जनजाति के 02,अनुसूचित जाति के 03,पिछड़ा के 07,अल्पसंख्यक के 05 और दिव्यांग के 01 लाभुकों की ऋण स्वीकृति समिति द्वारा प्रदान की गयी। बैठक में उपायुक्त के अलावा,उप विकास आयुक्त, जिला कल्याण पदाधिकारी, समेत अन्य उपस्थित थे।

स्पोर्ट्स

ग्रामीण एसपी फाइनल में पहुंचनेवाली दो टीमों को जर्सी व फुटबॉल और मैच के सभी रेफरी को ड्रेस देने की घोषणा की

ग्रामीण एसपी ने किया पांच दिनी शहीद एतवा उरांव फुटबॉल टूनार्मेंट का आगाज

- ▶▶ आनंद फैशन ने जीता उद्घाटन मैच
- ▶▶ मांडर के लोग खेल प्रेभी हैं : नौशाद आलम

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। शहीद एतवा उरांव स्मारक न्यास के तत्वावधान में आयोजित रांची जिला अंतर्गत मांडर प्रखंड के बुढ़ाखुखरा स्थित खेल मैदान में एक सितंबर को शहीद एतवा उरांव फुटबॉल टूनार्मेंट-2022 का उद्घाटन मैच आनंद फैशन ने 1-0 से जीत कर अगले राउंड में प्रवेश किया। उद्घाटन मैच आनंद फैशन वर्ल्ड बीजूपाड़ा और संत जेवियर इंटर कॉलेज, मांडर मिशन के बीच खेला गया। इससे पहले सभी अतिथियों ने शहीद एतवा उरांव की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। उसके बाद मुख्य अतिथि ग्रामीण एसपी नौशाद आलम, विशिष्ट अतिथि विशिष्ट अतिथि अनिमेष नैथानी, आरक्षी उपाधीक्षक, खलारी, रांची, विशिष्ट अतिथि संजीव कुमार, पुलिस इंस्पेक्टर मांडर, विशिष्ट अतिथि विनय यादव, मांडर थाना प्रभारी, विशिष्ट अतिथि विवेकानंद दुबे, चान्हो थाना प्रभारी, फिलिप सहाय एक्का (मांडर प्रमुख) सोहती एक्ता (मुखिया, बंझिला पंचायत) संत जेवियर कॉलेज मांडर के फादर शैलेंद्र मिंज आदि ने खिलाड़ियों से परिचय कर और एसपी ने फुटबॉल को किक कर टूनार्मेंट का उद्घाटन किया। अतिथियों के खेल मैदान पहुंचने पर उत्साहित ग्रामीणों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने खिलाड़ियों और आयोजन समिति के सदस्यों का हौंसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि यहां के लोग खेल प्रेमी हैं और खेल का आनंद पूरे अनुशासन में रहकर उठाते हैं। उन्होंने आयोजकों द्वारा इस शानदार प्रतियोगिता के आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने फाइनल में पहुंचनेवाली दो टीमों को जर्सी व फुटबॉल और मैच के सभी रेफरी को ड्रेस देने की घोषणा की। मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष मो. शकिब (छोटू), पितरुस खलखो, खेल प्रभारी फ्रांसिस जेवियर खलखो, तारिक अंसारी, मो. अबदुल, विनोद खलखो, प्रदीप केवट, मो. रशीद, लखो उरांव इरफान, राजासहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

मैच का विवरण

बुधवार को अन्य मैच में फाज क्लब मुड़मा ने छोटानागपुर जूनियर क्लब को 2-0, एसएस चांदनी चौक ने एनएफसी पोखर टोली को ट्राईब्रेकर मे 5-4, केएमटीएफसी कंजिया ने रोमांचक मुकाबले में टीवीएस रोशरुम मांडर को 2-0 से हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया। इसके अलावा आनंद फैशन वर्ल्ड वीजूपाड़ा ने छोटानागपुर जूनियर क्लब को ट्राइब्रेकर में 4-3, एसएस चांदनी चौर ने ट्राइब्रेकर में केएमटीएफसी कंजिया को ट्राइब्रेकर में 5-4 से शिकस्त दी ।

सबकी सहभागिता से ही कुपोषण मुक्त होगा पलामू : उपायुक्त

मेदिनीनगर(आजाद सिपाही)। पलामू को कुपोषणमुक्त बनाने के लिए लोगों में जागरूकता के मद्देनजर गुरूवार को समाहरणालय परिसर से पोषण रथ रवाना हुआ। पलामू डीसी अंजनेयुलू दोड्डे ने रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर श्री दोड्डे ने लोगों से पलामू को कुपोषणमुक्त जिला निर्माण में सहयोग की अपील की। साथ ही सभी विभागों को आपस में समन्वय बनाकर इस दिशा में काम करने को कहा। समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित जागरूकता रथ 30 दिनों तक जिले के विभिन्न प्रखंड, पंचायत व गांवों में जाकर लोगों को जागरूक करेगा। आंगनबाड़ी केंद्रों में संचालित गतिविधियों के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। इस दौरान उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को जिले को कुपोषणमुक्त बनाने के लिए कार्यका संकल्प भी दिलाया। डीडब्ल्यूएसओ संध्या रानी ने कहा कि एनीमिया से रोकथाम के लिए बच्चों के आयरनयुक्त पौष्टिक आहार, स्वच्छता आदि जरूरी है। सही पोषण से ही देश रौशन होगा। उन्होंने कहा कि इस माह विशेष रूप से स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर सभी कुपोषित बच्चों को चिन्हित किया जाएगा एवं उन्हें उपचार हेतु एमटीसी सेंटर रेफर किया जाएगा। साथ ही गर्भवती महिलाओं के खून की जांच भी की जाएगी। मौके पर डीडीसी मेघा भारद्वाज, अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, सीएस डॉ. जॉनएफ कैनेडी समेत कई पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

18 बेरोजगारों को मिली ऋण की स्वीकृति

मेदिनीनगर(आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत अनुसूचित जाति/जनजाति, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक के 18 लाभुकों के ऋण की स्वीकृति दी गई है। स्वीकृति उपायुक्त की अध्यक्षता में आयोजित जिलास्तरीय चयन समिति ने दी। लाभुकों में एसटी के दो, एससी के तीन, पिछड़ा वर्ग के सात, अल्पसंख्यक के 05 और एक दिव्यांग लाभुक शामिल है। बैठक में डीडीसी, जिला कल्याण पदाधिकारी समेत समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

मनरेगा में मशीन से हुआ काम, 9 पर एफआईआर

मेदिनीनगर(आजाद सिपाही)। मनरेगा योजना में घोटाला कोई नई बात नहीं है। एक बार फिर मनातू प्रखंड क्षेत्र में संचालित मनरेगा योजना के क्रियान्वयन में गड़बड़ी मिली है। गड़बड़ी पाए जाने के बाद मनातू बीडीओ सुनील प्रकाश ने सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, रोजगार सेवक, योजना के लाभुक सुरजी देवी, पार्वती देवी, बसंती देवी, ममता कुमारी समेत नौ लोगों पर मनातू थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार मनातू प्रखंड के पदमा पंचायत के भीतही गांव में मनरेगा के तहत आम की बागवानी की शुरूआत की गई थी। शिकायत के बाद मनरेगा लोकपाल ने आम के बागवानी की जांच की। जांच में पाया गया कि आम की बागवानी के लिए खोदे गए 100 गड्ढों को खोदने में जेसीबी मशीन का इस्तेमाल किया गया है। इस मामले में मनातू बीडीओ से स्पष्टीकरण पूछने के साथ ही दोषियों पर कार्रवाई का आदेश दिया गया था। मनातू थाना प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि बीडीओ के आवेदन के आधार पर एफआईआर दर्ज किया गया है। पुलिस मामले का अनुसंधान कर रही है।

राज्यस्तरीय टीम ने नावाबाजार व विश्रामपुर में लिया सुखाड़ का जायजा

नावाबाजार/पलामू(आजाद सिपाही)। सुखाड़ की स्थिति का जायजा लेने पलामू पहुंची राज्यस्तरीय टीम ने गुरूवार को नावाबाजार प्रखंड क्षेत्र के गांवों का भ्रमण कर जायजा लिया। टीम के सदस्यों ने चार गांव तुकबेरा, बाना, कंडा व इटको में कम वषार्पात के कारण किसानों के खेत में धान का बिचड़ा व रोपनी नहीं होने से किसानों को हुए आर्थिक नुकसान का आकलन किया। टीम की प्रमुख कृषि निदेशक निशा उरांव ने कहा कि सुखाड़ की रिपोर्ट तैयार कर राज्य सरकार तक पहुंचाएंगे और 15 सितंबर के बाद किसानों को हुए आर्थिक नुकसान की भरपाई भी शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने खेतों में चना व कुरथी लगाने की सलाह देते हुए किसानों से स्पींगर सेट लगाने पर भी चर्चा की। मौके परबीटीएम नीरज कुमार, एटीएम अनिल मेहता, जनसेवक प्रभु राम, कृषि मित्र मंदिश राम, अवधेश मेहता, प्रदीप प्रजापति, सफिर आलम, सद्दाम हुसैन,ददन सिंह, महावीर विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे। इधर, एक अन्य राज्यस्तरीय टीम ने बिश्रामपुर प्रखंड के कई पंचायतों का दौरा कर खेती में हुए नुकसान का आकलन किया। टीम में उप कृषि निदेशक योजना संतोष कुमार, रेनू भारद्वाज, मुक्ता रानी, सहायक कृषि निदेशक प्रकाश खलखो आदि शामिल थे।

सुखाड़ राहत के लिए किसानों को करवाना होगा रजिस्ट्रेशन

मेदिनीनगर(आजाद सिपाही)। पलामू में सुखाड़ की स्थिति का जायजा लेने पहुंची अलग-अलग टीम का नेतृत्व कृषि निदेशक निशा उरांव और पशुपालन निदेशक शशि प्रकाश झा कर रहे हैं। कृषि निदेशक निशा उरांव के अनुसार, टीम सभी प्रखंडों के 10 प्रतिशत पंचायतों का दौरा करेगी। क्षेत्र के हालात का फोटो जियो टैग के साथ अपलोड करते हुए पूरी रिपोर्ट राज्य और केंद्र सरकार को भेजी जाएगी। रिपोर्ट और आंकलन के आधार पर राहत राशि तय की जाएगी। उन्होंने बताया कि सुखाड़ राहत प्राप्त करने के लिए योजनाओं का लाभ लेने के लिए किसानों को ब्लॉक चैन रजिस्ट्रेशन करवाना होगा। यह रजिस्ट्रेशन मोबाइल नंबर आधार से जुड़ा हुआ होगा। किसानों को एक ओटीपी जाएगा, जिसके तहत वे रजिस्टर होंगे।

उजाड़े गए जगह पर ही बसाए जाएं महादलित परिवार : विहिप

मेदिनीनगर(आजाद सिपाही)। विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल के प्रतिनिधिमंडल ने पलामू उपायुक्त से मुलाकात कर पांडू के मुसरमू गांव से उजाड़े गए महादलित परिवार के सदस्यों को पुनः उसी जगह आशियाना बनवाकर बसाने की मांग की है। पलामू विहिप ने मुस्लिम समुदाय के लोगों के इस अमानवीय और गैरकानूनी कृत्य की भर्त्सना करते हुए इस तरह के तालिबानी मानसिकता का पुरजोर विरोध किया। विहिप-बजरंग दल ने इस मामले में शामिल लोगों पर उचित कानूनी कार्रवाई की भी मांग की है। प्रतिनिधि मंडल में विहिप मंत्री कुमार गौरव, अध्यक्ष उमेश कुमार अग्रवाल, दिनेश द्विवेदी, अमित तिवारी, संदीप कुमार दास, विवेक कुमार चौबे, आनंद कुमार चौरसिया, संजय प्रजापति, गोपाल तिवारी आदि शामिल थे।

क्षत्रिय महासभा ने निकाला कैंडल मार्च

मेदिनीनगर(आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने कैंडल मार्च निकालकर व छहमुहान चौक पर दो मिनट का मौन धारण कर अंकिता सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे महासभाके कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह ने राज्यपाल से अंकिता के हत्यारे शाहरुख को फास्ट ट्रैक कोर्ट में ट्रायल चलाते हुए शीघ्र फांसी की सजा देने की मांग की। प्रदेश संगठन मंत्री सौरभ सिंह ने कहा कि राज्य सरकार की लापरवाही से अंकिता की जान चली गई। यदि उसका ससमय इलाज होता तो जान बच सकती थी। पलामू जिलाध्यक्ष व्यास सिंह ने हत्यारा आरोपी को जल्द से जल्द फांसी की सजा दिलाने की मांग की। कैंडल मार्च में जिला उपाध्यक्ष मनीष सिंह, अरुण सिंह, अशोक सिंह, संजय सिंह, अरविंद सिंह, साहेब सिंह, सोमेश सिंह, अजय सिंह, शैलेश सिंह, सुरेश सिंह, साकेत सिंह, अनिमेष सिंह, विपिन सिंह, धीरेंद्र सिंह, शैलेंद्र सिंह, अविनाश कुमार सिंह, भवेश सिंह, छोटू सिंह, आलोक सिंह, प्रिंस सिंह, दिलीप सिंह आदि शामिल थे।

छतरपुर राजद की बैठक आज

छतरपुर/पलामू(आजाद सिपाही)। छतरपुर प्रखंड अंतर्गत सभी पंचायत अध्यक्ष, पंचायत प्रभारी, प्रखंड कार्यकारिणी सदस्य समेत सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों की दो सिंतबर को बैठक बुलाई गई है। बैठक दिन के एक बजे से प्रखंड कार्यालय में होगी। उक्त जानकारी राजद प्रखंड अध्यक्ष लवलेश प्रसाद यादव ने दी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश एवं जिला कार्यकारिणी के आदेशानुसार बैठक में छतरपुर राजद प्रखंड अध्यक्ष का चुनाव कराए जाने पर चर्चा होगी।

वज्रपात से 8 मवेशियों की मौत

नौडीहा बाजार/पलामू (आजाद सिपाही)। नौडीहा प्रखंड क्षेत्र के चराई टू पंचायत अंतर्गत खरार टोला बुधनडीह में वज्रपात से आठ मवेशियों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक पशुओं में मदन यादव के दो गाय और एक बैल, बजरंगी यादव के दो गाय एक बैल, सुक्र यादव एक का बैल और धना यादव का एक बैल शामिल है। जानकारी के अनुसार, बारिश के दौरान सभी पशु एक पेड़ के नीचे बैठे थे। अचानक हुए वज्रपात में आठ पशुओं की मौके पर ही मौत हो गई।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 02 सितंबर, 2022
www.azadsipahi.com

महत्वपूर्ण न्यूज

चारदीवारी गिरने से कई वाहन क्षतिग्रस्त



कतरास (आजाद सिपाही)। कतरास थाना अंतर्गत निचितपुर क्लिनिक के समीप एक घर की चारदीवारी अचानक भरभरा कर गिर गई, जिसकी चपेट में आकर एक कार समेत कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। घटना में बिजली का एक खंभा भी आने से टूट कर सड़क के बीचोबीच गिर गया। इस घटना से निचितपुर स्टेशन जानेवाली सड़क पूरी तरह अवरुद्ध हो गई। हालांकि इस हादसे में किसी हताहत सोने की कोई सूचना नहीं है। यह घर मासस के केंद्रीय महामंत्री हलधर महतो का बताया जा रहा है। उधर, स्थानीय थाने को घटना की सूचना दी गई है। लेकिन खबर लिखने तक किसी प्रकार का राहत कार्य शुरू नहीं किया गया है। वहीं, बिजली का खंभा गिरने से बिजली भी बाधित हो गई है।

आपत्तिजनक बयान पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फूंका चंदनक्यारी के विधायक का पुतला

झरिया (आजाद सिपाही)। कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के झरिया अध्यक्ष राकेश पासवान के नेतृत्व में गुरुवार को चंदनक्यारी के भाजपा विधायक अमर बाउरी द्वारा जय भीम के नारे को लेकर दिए गए आपत्तिजनक बयान के विरोध में बस्ताकोला अंबेडकर चौक के समीप पुतला दहन किया गया। राकेश पासवान ने कहा कि भाजपाइयों को जय भीम के नारे से इतनी नफरत क्यों है। अगर भाजपा विधायक को जय भीम से इतना से परहेज है तो आने वाले विधानसभा चुनाव में आरक्षित सीट छोड़कर सामान्य सीट से चुनाव लड़ कर दिखाएं तो उन्हें वस्तुस्थिति का पता चल जाएगा। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष रत्नेश यादव, राजेंद्र कुमार, महेंद्र पासवान, दीपक कुमार, दिनेश दूरी, गौतम पासवान, बंटी कुमार व दिलीप आदि थे। दूसरी ओर, झारखंड प्रदेश के भाजपा आईटी सेल प्रभारी बप्पी बाउरी ने गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि कांग्रेस नेताओं की कार्यशैली संदिग्ध है। उनके द्वारा जय भीम के नारे को जय मीम का नारा दिया जाता है। जबकि बाबा भीमराव अंबेडकर हम सभी के आदर्श है। दलित का रहनुमा दिखाने वाली पार्टी खुद दलित शोषित है। हेमंत सरकार राज्य की जनता से छलावा कर रही है।

वज्रपात से एक की मौत, एक झुलसा

ललपनिया (आजाद सिपाही)। गोमिया प्रखंड अंतर्गत तिलैया ग्राम पंचायत में वज्रपात की चपेट में आने से 70 वर्षीय एक वृद्ध की मौत हो गई। उसकी पहचान दीनू महतो के रूप में हुई है। जबकि इसी हादसे में मुरपा निवासी महेश महतो गंभीर रूप से झुलस गया है। उसे रामगढ़ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना के संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि बारिश से बचने के लिए दोनों महुआ के पेड़ के नीचे खड़े थे। तभी अचानक तेज गर्जना के साथ ठनका गिरा। जिसकी चपेट में आने से दोनों बेहोश होकर वहीं गिर गए। इसकी सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। दोनों को इलाज के लिए रामगढ़ ले जाया गया, जहां जांच के क्रम में डॉक्टर ने दीनू महतो को मृत घोषित कर दिया।

गोमिया विधायक डॉ लंबोदर का हुआ अभिनंदन

गोमिया (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत महुआटांड़ प्लस-2 हाई स्कूल में झारखंड छात्र सेवा समिति की ओर से आयोजित अभिनंदन समारोह में गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो को सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें 65 वां राष्ट्रीय मंडल संसदीय सम्मेलन जिसका आयोजन कनाडा हेलीपेक्स में हुआ था में झारखंड का प्रतिनिधित्व करने के लिए किया गया। विधायक ने इस कार्य से गोमिया विधानसभा सहित झारखंड को गौरवान्वित किया है। इसी खुशी में सम्मानित किया गया। इस मौके पर जिप सदस्य अरविंद करमाली, पंचदेव माहतो, इंद्रनाथ माहतो, संतोष साव आदि थे।

झरिया एलआइसी शाखा में मना बीमा सप्ताह

झरिया (आजाद सिपाही)। भारतीय जीवन बीमा निगम झरिया शाखा में बीमा सप्ताह मनाया जा रहा है, जो गुरुवार से शुरू होकर सात सितंबर तक चलेगा। शाखा प्रबंधक जेपीएन सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर इसका शुभारंभ किया और बीमा सप्ताह के उद्देश्य को बीमा कर्मचारी, विकास पदाधिकारी, अभिकर्ता और पॉलिसी धारक के बीच साझा किया। उन्होंने सभी से अपील की कि हर संभव बीमा का बेहतर सुविधा प्रदान किया जाए। मौजूदा समय में लोगों को बीमा के प्रति जागरूक करें। इस अवसर पर बीएम-जेपीएन सिंह, मोहन चौधरी, मिलिंद, रीना, अरुणा कुमारी, अंकिता दूबे, रवि चटर्जी, अमरजीत राजवंशी, आनंदा दे और सुनील कुमार साहू आदि थे।

बकाया मानदेय को लेकर जेएसएलपीएस महिला कर्मियों ने दिया धरना, की नारेबाजी

धनबाद (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य आजीविका संवर्द्धन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) में कार्यरत महिलाओं ने मानदेय नहीं मिलने से नाराज होकर गुरुवार को मिश्रित भवन स्थित जेएसएलपीएस कार्यालय का घेराव कर दिया। इस कारण करीब एक घंटे तक मिश्रित भवन में उहापोह की स्थिति बनी रही। आंदोलन के कारण मिश्रित भवन में स्थित एक दर्जन अन्य विभागों के कार्यालय में आने जानेवालों को परेशानी भी हुई। मानदेय नहीं मिलने से नाराज जेएसएलपीएस के ग्राम संगठन और संकुल संगठन से जुड़ी करीब 100 महिलाओं का गुरुवार सुबह से ही मिश्रित भवन में पहुंचना शुरू हो गया था। पहले तो उन्होंने अधिकारियों से बात करने की कोशिश की, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकलता देख दोपहर में कार्यालय का घेराव करने की कोशिश की। वहां से नीचे उतर कर वह मिश्रित भवन परिसर में ही धरने पर बैठ गईं और जेएसएलपीएस की जिला योजना प्रबंधक के विरुद्ध नारेबाजी की। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने कहा कि उनका जनवरी महीने से ही मानदेय बकाया है। जिसे जल्द से जल्द भुगतान किया जाए। लगे हाथ महिलाओं ने मानदेन की राशि बढ़ाने की भी मांग की हैं। उनका कहना था कि एक तो उन्हें काफी कम मानदेय पर सरकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने के लिए रखा गया है। पूरे कोरोना काल में पूरी ईमानदारी काम किया। लेकिन पिछले आठ महीने से उन्हें मानदेय नहीं दिया जा रहा है। इसके उल्टे आवाज उठाने पर संविदा समाप्त करते हुए नौकरी से हटाने की धमकी दी जा रही है। महिलाओं ने बताया कि उन लोगों को मानदेय के रूप में महज 1500 रुपये ही दिए जाते हैं। जबकि श्रम विभाग के नियमों के अनुसार प्रतिदिन की न्यूनतम मजदूरी 224 रुपये मिलनी चाहिए। वहीं, इस संबंध में जेएसएलपीएस की जिला कार्यक्रम पदाधिकारी रीता सिंह ने बताया कि इनके मानदेय भुगतान के लिए पिछले सप्ताह ही पैसे संबंधित प्रखंडों में भेज दिए गए हैं। इनमें से अधिकांश महिलाओं को भुगतान भी कर दिया गया है।

आस्था : चारों ओर गणपति बप्पा मौर्या की गूंज, दो साल बाद लगा मेला, उमड़ रही भीड़

कोयलांचल धनबाद में गणेश पूजा की धूम

आजाद सिपाही टीम

धनबाद। गणेश चतुर्थी के साथ ही पूरा कोयलांचल गणपति बप्पा के जयकारों से गुंज उठा है। कोरोना काल के दो वर्षों बाद इस बार पूजा कमिटियों की ओर से भव्य रूप से गणेश पूजा का आयोजन किया गया है। कई जगह आकर्षक पंडाल में भगवान गणेश की स्थापना कर विधि पूर्वक पूजा की जा रही है। वहीं, कई जगह मेले का आयोजन किया गया है। गणेश पूजा मित्र मंडली द्वारा हरिनारायण नगर बरमासिया में भव्य गणेश पूजा आयोजित किया गया है। शुक्रवार तक चलने बाले इस उत्सव में पूजा करने के लिये विशेष रूप से बनारस के प्रख्यात पुरोहित सुनिल मिश्रा के आचार्यत्व में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गणपति देव का आह्वान किया गया। शाम में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। पूजा पंडाल और सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन धनबाद के विधायक राज सिन्हा ने किया। इसके अलावा विधायक ने भूली और करकेन्द में भी गणेश पूजा पंडाल का उद्घाटन किया।

गणेश पूजा पंडाल का उद्घाटन करते विधायक राज सिन्हा। भगवान गणेश की पूजा करते भक्त। पूजा पंडाल का उद्घाटन करते अतिथिगण व प्रतिमा दर्शन को पहुंचे लोग।

तालडांगा में थाना प्रभारी ने किया पूजा पंडाल का उद्घाटन

चिरकुंडा क्षेत्र के तालडांगा आवासीय कॉलोनी पानी टंकी के समीप आयोजित गणेश पूजा पंडाल का उद्घाटन चिरकुंडा थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने किया। इस दौरान थाना प्रभारी ने सभी को गणेश पूजा की शुभकामनाएं देते हुए कमेटी सदस्यों सक्रिय रहकर काम करने को कहा। ताकि भगवान गणेश का दर्शन करने आने वाले भक्तों को किसी प्रकार की कठिनाई न हो। इस मौके पर पार्षद रानी केराई, संजीव कुमार सिंह, बरुन दे, प्रमोद सिंह, रंजीत मिश्रा, राजन यादव, अमित सिंह, रोहन यादव, सूरज यादव, सौरभ मुखर्जी, विकास कुमार, रवि रंजन यादव, रोशन सिंह,अंशु कुमार, मोनू मिश्रा, एएसआइ बिनोद सिंह, राजू सिंह, संतोष सिंह आदि थे।

सिंघासन पर विराजे गणपति

पूजा कमेटी के कोषाध्यक्ष उत्सव राम ने बताया कि बंगाल के मशहूर कलाकारों द्वारा सिंघासन की पेंटिंग की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। जिसमें बेहतर कला का नमूना कलाकारों ने पेश किया है। पंडाल के अंदर पेंटिंग से बने इसी सिंघासन पर श्री गणेश विराजे हैं।

भव्य मेले का आयोजन

अध्यक्ष श्री ठाकुर ने बताया कि मेला का उद्घाटन गुरुवार को विधिवत रुप से हुआ। कोरोना काल के दो वर्षों के बाद गणेश पूजा के अवसर पर मेला लगाया गया है। मेला संचालक पवन प्रजापति के मुताबिक एक से बढ़ कर एक झूला, ब्रेक डांस, नवका बिहार के साथ बच्चों के मनोरंजन के लिए भी कई समाग्री उपलब्ध हैं। इसके अलावे भागा शिवमंदिर एवं फुसबंग्ला रेलवे क्रासिंग के निकट गणेश महोत्सव मनाया जा रहा है।

लोयाबाद में भगवान के दर्शन को उमड़ी भीड़

लोयाबाद में तीन दिवसीय सार्वजनिक गणेश पूजा के दूसरे दिन भी श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। गुरुवार को उत्सव के दूसरे दिन पंडालों में श्रद्धालु पहुंचे और विधिपूर्वक पूजन किया। बतातें चलें कि हनुमान मंदिर परिसर में हो रहे गणेश पूजा हिंदू-मुस्लिम एकता की अनुठा मिशाल है। यहां हिन्दू व मुस्लिम मिलकर पूजा करते हैं। सदस्यों ने बताया कि गुरुवार की संध्या भव्य जागरण का आयोजन किया गया है। वहीं बुधवार को राम रहीम से मशहुर असलम मंसुरी व राजकुमार महतो भई पूजा पंडाल पंहुचकर गणपति का आशीर्वाद लिया। पूजा को सफल बनाने में सदस्य डब्ल्यू लाला, आफताब अंसारी उर्फ सिटी, अफजल आलम, भोलू अंसारी, राजा खान, मुमताज अंसारी, मोनू अली, मो नावेद देव सिन्हा, राकेश सिन्हा, विजय सिंह, कुंदन पासवान, सुमित कुमार, रेनबो राजभर, रोहित सिन्हा, नवीन रवानी, अरविन्द रवानी, धनंजय रवानी, रितिक पांडेय, सागर नोनियां, शुभम सिन्हा, प्रवीण कुमार, मंगल चौधरी और रोहित निषाद आदि सक्रिय हैं।

डिगवाडीह में 34वें गणेश महोत्सव का विधायक ढुल्लू ने किया उद्घाटन

जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)। कोयलांचल के सुप्रसिद्ध गणेश पूजा में शुमार डिगवाडीह सर्कस मैदान में इस वर्ष 34वां गणेश महोत्सव का आयोजन भव्य तरीके से किया गया है। बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो ने पूजा पंडाल का उद्घाटन किया। विधायक ने भगवान गणेश की पूजा भी की।

चोरी के खिलाफ पुलिस की छापामारी, 60 टन कोयला जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता

सिंदरी। गोशाला ओपी पुलिस ने गुरुवार को कोयला चोरी के खिलाफ अभियान चलाया। ओपी प्रभारी विकास कुमार महतो के नेतृत्व में सेल टासरा प्रोजेक्ट से सटे घनी झाड़ियों में छापामारी की गई। जहां से सेल टासरा खदान से चोरी कर सैकड़ों बोरों में छिपाकर रखे गए लगभग 60 टन कोयले बरामद हुआ। हालांकि पुलिस को आते देख कोयला चोर और तस्कर मौके से भाग निकले। गोशाला ओपी प्रभारी विकास कुमार महतो ने बताया कि कुछ दिनों से सूचना मिल रही थी कि सेल टासरा कोलियरी से कोयला चोरों द्वारा खदान से कोयला चोरी कर खदान से सटे जंगलों में अवैध तरीके से कोयला जमा कर रखा गया है। पुलिस ने तुरंत छापामारी कर घनी झाडियों के बीच छिपाकर रखे गए 60 टन कोयला जब्त कर लिया। जिसे बाद में सेल के टासरा प्रोजेक्ट प्रबंधन को सौंप दिया गया है। ओपी प्रभारी ने बताया कि इस संबंध में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस कोयला चोरों व तस्करों को चिन्हित करने का प्रयास कर रही है। उधर, पुलिस की छापामारी से कोयला तस्करों व चोरों में हड़कंप मच गया है। गिरफ्तारी से बचने के लिए वे भूमिगत हो गए हैं।

शराबी बुकिंग क्लर्क ने टिकट लेने आये यात्रियों से किया गाली गलौज, हंगामा

चिरकुंडा (आजाद सिपाही)। कुमारधुबी स्टेशन पर गुरुवार की सुबह उस समय यात्रियों ने हंगामा कर दिया जब टिकट काउंटर में बैठे कर्मी द्वारा समय पर काउंटर नहीं खोलने के कारण कई यात्री ट्रेन नहीं पकड़ पाए। उधर, हंगामें की सूचना पाकर जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और काउंटर कर्मी को पकड़ कर कुमारधुबी स्टेशन रेलवे थाने ले आई। लगे हाथ शराब की बोतल भी जब्त की गई। यात्रियों ने बताया कि वे सब कोल्डफील्ड एक्सप्रेस का टिकट लेने काउंटर पर पहुंचे थे। पर समय पर काउंटर नहीं खोला गया। काउंटर खोलने वाले कर्मी विक्रम हांसदा काउंटर के बगल में लगे टेबल पर आराम से सो रहा था। काफी शोर करने के बाद उठा। उठते ही यात्रियों को गालियां देने लगा। इसी पर हंगामा हो गया। जिसके बाद जीआरपी टिकट काउंटर पर पहुंची और कर्मी को पकड़ कर अपने साथ ले गई। घटना के इस संबंध में कुमारधुबी स्टेशन थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने कहा कि बुकिंग क्लर्क कर्मी नशे की हालत में था। जिस कारण समय पर यात्रियों को टिकट नहीं देने से यात्रियों ने हंगामा कर दिया। उक्त मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

जर्जर झरिया-धनबाद मुख्य मार्ग पर टेंपो पलटा, दो लोग घायल

भगतडीह (आजाद सिपाही)। झरिया-धनबाद मुख्य मार्ग जर्जर हो चुका है। एना इस्लामपुर के समीप बड़े-बड़े गड्ढे हादसों को निमंत्रण दे रहे है। गुरुवार को खराब सड़क पर टेंपों पलट जाने से दो लोग घायल हो गए। जिसमें एक बाइक सवार भी शामिल है। वहीं, घटना के बाद टेंपों चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। हादसे में टेंपों पर सवार झरिया बाजार निवासी गुरु नानक कॉलेज की छात्रा सोनम कुमारी (18) गंभीर रूप से घायल है। एक अन्य यात्री ऋतिक कुमार (22) का सिर फट गया है। इसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंची झरिया पुलिस ने घायलों को दूसरे वाहन से अस्पताल भेजा।

इजरी नदी में वेदांता इलेक्ट्रोस्टील का गंदा पानी बहाये जाने का मामला

पूर्व मंत्री उमाकांत रजक ने खोली वेदांता के अधिकारियों के झूठ की पोल,बनाया वीडियो

आजाद सिपाही संवाददाता

बोकारो। वेदांता इलेक्ट्रोस्टील की ओर से स्टील बनाने में इस्तेमाल किये जाने वाले पानी को इजरी नदी में बहाए जाने के आरोप को प्रबंधन ने बीते दिनों खारिज कर दिया था। पर झारखंड के पूर्व मंत्री उमाकांत रजक ने गुरुवार को दर्जनों ग्रामीणों के साथ इलेक्ट्रोस्टील प्लांट के बगल से बहने वाली इजरी नदी का दौरा कंपनी प्रबंधन के झूठ की पोल खोल दी। उमाकांत रजक ने मोदीडीह के समीप इजरी नदी में बेदांता प्लांट के दर्जनों जगहों से प्रदूषित पानी समाहित होते पाया। उन्होंने प्लांट के प्रदूषित पानी के निकासी की तस्वीरें भी खींची। इस संबंध में पूछे जाने पर पूर्व मंत्री उमाकांत रजक ने कहा कि फोटोग्राफी को डीसी, कारखाना निरक्षक, और प्रदूषण बोर्ड को सौंपा जाएगा। ताकि कर्रवाई से बचने और अपराध को छिपाने के लिए कंपनी निकासी को बंद कर सकती है। उन्होंने कहा कि कंपनी के अधिकारियों का दुःसाहस देखिये, जिले के संरक्षक डीसी की आंख में धूल झोंक रहे हैं। प्रदूषित पानी के बहाव के आरोप के बाद, वेदांता के अधिकारी द्वारा इजरी नदी में प्लांट का प्रदूषित जल रोकने के बजाय प्रिंट मीडिया में प्रेस रिलीज भेजकर सीना तान कर कह रहा है कि इजरी नदी में वेदान्ता प्रदूषित जल नहीं बहाता है। इस सफेद झूठ का पोल खोलना जरूरी था। 20 जगहों का निरीक्ष किया गया, जहां कंपनी प्रबंधन के झूठ की पोल खुल गई। उन्होंने कहा कि अब वेदान्ता बरसात का पानी प्लांट से निकलने का बहाना बना सकता है । लेकिन प्लांट के रासायनिक जल से जल निकासी/ स्त्रोतों में जो जलने के चिन्ह पड़े हुए हैं। वह कैसे झुठलायेगा। क्य.ोंकि उसकी तस्वीरें और वीडियो बनाई जा चुकी है। उन्होंने कहा कि झूठ का प्रेस रिलीज जारी करने वाले अधिकारी पर वेदान्ता प्रबंधन करवाई करे। अन्यथा झूठ फैलाने वाले अधिकारी पर ग्रामीण मुकदमा दर्ज करेंगें। बताते चलें कि इलेक्ट्रोस्टील द्वारा स्टील बनाने में उपयोग किया प्रदूषित पानी को इजरी नदी में बहाने के खिलाफ पूर्व मंत्री उमाकान्त रजक ने डीसी से रोकने का आदेश देने की अपील की थी। इस आरोप का वेदान्ता के अधिकारी ने खंडन करते हुए कहा था कि वेदांता एक जिम्मेवार कंपनी है। इसका प्रदूषित पानी इजरी नदी में नहीं बहाई जाती है। स्टील मेकिंग के इस्तेमाल में आने वाले पानी को कंपनी जमा करती है। फिर ट्रीटमेंट कर पुनः उपयोग करती है। इस मौके पर जिला प्रधान सचिव तपन सिंह चौधरी, अशोक महतो, प्रकाश शर्मा, नरेश महतो, परशुराम महतो, मिथिलेश महतो, अर्जुन महतो, अशोक रजक आदि मौजूद थे।

इजरी नदी में नमूने व सबूत संग्रत करते पूर्व मंत्री उमाकांत रजक।

गोमिया के पूर्व विधायक योगेंद्र ने किया श्री गणेश पूजा महोत्सव का उद्घाटन

ललपनिया (आजाद सिपाही)। गोमिया प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बारीडारी में बजरंग क्लब द्वारा आयोजित श्री श्री गणेश चतुर्थी गणेश पूजा सह महोत्सव में गोमिया के पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद भी शामिल हुए। उन्होंने विधिवत गणेश पूजा पंडाल का उद्घाटन किया। पूर्व विधायक ने समस्त क्षेत्रवासियों और ग्रामवासियों को गणेश चतुर्थी की बधाई और शुभकामनाएं दी। कहा कि भगवान श्री गणेश विघ्नहर्ता, दुखहर्ता हैं। इनकी महिमा अपरंमपार है। इस मौके पर डोमन महतो, गोवर्धन महतो, तापेश्वर महतो, अजय महतो, दुर्गा साव, महानंद साव, जीवन टुडू, मिश्रीलाल महतो, आकाश कुमार यश, बिनोद महतो, कुलेश्वर कुमार, प्रताप कुमार साव, यशवंत ठाकुर, हुलाश महतो आदि थे।

गोमिया सांसद और विधायक ने किया स्वांग में गणपति हॉस्पिटल का उद्घाटन

स्वांग (आजाद सिपाही)। गोमिया प्रखंड अंतर्गत स्वांग 1/इ स्थित गोमिया कथारा मुख्य मार्ग पर नये गणपति हॉस्पिटल का सांसद व विधायक ने विधिवत उद्घाटन किया। गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि अस्पताल खुल जाने से आसपास के लोगों को काफी राहत मिलेगी। लोगों को इलाज के लिए कहीं भटकना नहीं पड़ेगा। वहीं, गोमिया विधायक डॉक्टर लंबोदर महतो ने कहा कि इस अस्पताल में लोगों को आधुनिक सुविधा मिलेगी जो इस क्षेत्र के लिए उपलब्धि होगी। वहीं, अस्पताल संचालक गौतम पटेल ने बताया कि हमारे यहां अल्ट्रासाउंड, पैथोलॉजी, डेंटल चेकप, एक्सरे एवं प्रसूति की पूरी सुविधा है। अभी जनरल में 20 बेड की सुविधा है। महिला पुरुषों के लिए अलग-अलग बेड है। इस मौके पर आजसू केंद्रीय सचिव राजेश विश्वकर्मा, सांसद एवं विधायक प्रतिनिधि विपिन कुमार, विधायक प्रतिनिधि संदीप स्वर्णकार, महेंद्र पासवान, बंटी पासवान, मिनहाज अंसारी, रविन्द्र प्रसाद, राजू पासवान आदि मौजूद थे।

कोयले के स्टॉक में भारी हेराफेरी की सूचना पर खनन विभाग ने मॉडल हार्डकोक में की छापामारी

कतरास (आजाद सिपाही)। कतरास थाना क्षेत्र के शाखाटांड के पास स्थित मॉडल हार्डकोक भट्टे में गुरुवार की शाम खनन विभाग व बीसीसीएल के अधिकारियों ने स्टॉक में भारी हेराफेरी की सूचना पर छापामारी की। मॉडल हार्डकोक भट्ठा धनबाद के जाने-माने व्यवसायी पुष्कर मल डोकानिया द्वारा संचालित है। इस भट्ठे में पहले भी कई बार अवैध कोयला गिराने का मामला सामने आ चुका है। छापामारी में धनबाद खनन विभाग के अधिकारियों के अलावा सेल चासनाला के कपिल कुमार एवं बाघमारा से सीआई विजय रजक और कतरास पुलिस शामिल थी। सूत्रों की माने तो कोयले की स्टॉक में भारी हेराफेरी को लेकर छापामारी की गई है। जैसे ही छापामारी टीम अंदर घुसी सभी मजदूर और कर्मियों को काम रोकने को कहा गया। इसके बाद सभी मजदूर और कर्मियों को मेन गेट से बाहर निकालकर गेट को अंदर से बंद कर दिया गया। इसके साथ ही मॉडल हॉर्डकोक भट्ठे के चारदीवारी पर सैकड़ों खाली बोरे पेड़ व बाउंड्री वाल पर लटकते मिले। समाचार लिखे जाने तक छापामारी जारी थी। कोयले की मापी और जांच की जा रही थी।

सुरक्षा समिति के सदस्यों ने किया भूमिगत खादान का निरीक्षण,दिए कई दिशा-निर्देश

फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)। सीसीएल ढोरी क्षेत्र के सुरक्षा समिति सदस्यों ने गुरुवार को ढोरी खास परियोजना के भूमिगत खादान संख्या 4, 5, 6 एवं 7, 8 का निरीक्षण किया। निरीक्षण में भूमिगत खादान में कुछ कमियों पाई। जिससे प्रबंधन को अवगत कराया गया। वहीं, प्रबंधन ने उन्हें आश्वस्त किया कि दो-तीन दिनों में इन खामियों को दुरुस्त कर लिया जायेगा। सुरक्षा समिति सदस्यों ने कहा कि भूमिगत उत्पादन में मजदूरों को सुरक्षा उपकरणों के साथ काम करतें देखना सुखद रहा।

ओड़िशा के किसानों के लिए मुख्यमंत्री ने दी भेंट

राज्य के 41 लाख किसानों के बैंक खातों में 869 करोड़ रुपये दिये

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। जय जगन्नाथ, जय मां समलेश्वरी। नुआखाई माटी मां का पर्व है। हमारे किसान भाइयों की कड़ी मेहनत के कारण हम सभी को मातृभूमि का आशीर्वाद प्राप्त है। इसलिये किसान हमारा गर्व और गौरव हैं। इस पवित्र दिन पर मुझे अपने किसान भाइयों और बहनों को कालिआ सहायता प्रदान करने में बहुत खुशी हो रही है। आज राज्य के 41 लाख छोटे किसानों और 85 हजार भूमिहीन किसानों को 869 करोड़ रुपये की सहायता दी गई और 2000 रुपये सीधे सबके बैंक खाते में गये। कालिया योजना देश की सबसे अच्छी योजना है। इसने छोटे किसानों के लिये आशा और उम्मीद पैदा की है। यह भूमिहीन किसानों की आजीविका की रक्षा करने में भी मदद कर रहा है।

फसल क्षति के लिये शीघ्र ही आपको सहायता प्रदान की जायेगी

पिछले मई में अक्षय तृतीया के अवसर पर भी हमारे किसान भाइयों को 800 करोड़ रुपये से अधिक की राशि दी गई थी। मुझे आशा है, यह सहायता आपके कृषि कार्य को पूरा करने में बहुत सहायक होगी। वर्तमान बाढ़ से आप सभी चिंतित हैं। मैं कहना चाहता हूं कि मैं हर वक्त आपके साथ हूं। मैंने नुकसान का आकलन कर जल्द से जल्द रिपोर्ट देने का आदेश दिया है। फसल क्षति के लिये शीघ्र ही आपको सहायता प्रदान की जायेगी। हमारे किसानों ने ओडिशा का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने खाद्य सुरक्षा में राज्य को प्रसिद्धि दिलाई है। इसलिए राज्य के सभी लोग किसानों के ऋणी हैं।

इंडोर बैडमिंटन कोर्ट, ट्रैफिक कॉलोनी में मॉडल जिमखाना खोला

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। खुशी की पहली आवश्यकता है शारीरिक फिटनेस, इस उद्देश्य से पूर्व तट रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन, खोरधारोड ने रेलवे कर्मचारियों और उनके बच्चों को शारीरिक रूप से सक्रिय रखने के लिये ट्रैफिक कॉलोनी, खोरधारोड के इंडोर बैडमिंटन कोर्ट में एक मॉडल जिमनैजियम खोला गया है। रिंकेश रॉय, मंडल रेल प्रबंधक, खोरधारोड एवं श्रीमती शुभ लक्ष्मी जेना, पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन (इकोरडब्ल्यूएचओ), खोरधारोड की अध्यक्षा, ने अमितेश आनंद, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, खोरधारोड एवं खेल अधिकारी एवं अन्य शाखा अधिकारियों तथा ईसीओआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ, खोरधारोड के सदस्यों की उपस्थिति में इंडोर बैडमिंटन कोर्ट में मॉडल जिमनैजियम का उद्घाटन किया। व्यायाम के लिये जिम में जाना, तनाव को दूर करने और शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य में सुधार करने का एक तरीका है। इसजिम से रेलवे कर्मचारियों और उनके बच्चों को आधुनिक उपकरणों की मदद से दैनिक व्यायाम करने में लाभ होगा।

सोआ परिसर में स्टार्ट-अप यात्रा 2.0 वैन

Startup Odisha Yatra 2.0

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक द्वारा 26 अगस्त को शुरू की गई। स्टार्ट-अप ओडिशा यात्रा 2.0 ने मंगलवार को सोआ परिसर का दौरा किया। जिससे छात्रों के बीच काफी उत्साह देखा गया। इस पहल का उद्देश्य युवा दिमाग से सर्वश्रेष्ठ उद्यमशीलता के विचारों की तलाश करना। जैसे ही वैन तकनीकी शिक्षा और अनुसंधान संस्थान (आइटीइआर), सोआ के इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संकाय के परिसर में पहुंची, विभिन्न शाखाओं के छात्रों ने अपने विचार रखे जो ग्रहण कर लिया गया। रवि पांडे और आशा महापात्र ने पहल के उद्देश्य के बारे में बताया। स्टार्ट-अप ओडिशा यात्रा 2.0 का उद्देश्य राज्य के सभी 30 जिलों में 60 दिन में 100 संस्थानों का दौरा करना और इच्छुक उद्यमियों से 5,000 विचारों को इकट्ठा करना है ताकि उन्हें स्टार्ट-अप ओडिशा से समर्थन दिया जा सके। अब तक ओडिशा में छात्रों द्वारा 1,300 स्टार्ट-अप पंजीकृत किये गये, जिनमें से 40 प्रतिशत महिलाएं थीं। वैन का आइटीइआर परिसर में इसके डीन प्रो.पीके. साहू, अतिरिक्त डीन (अनुसंधान) प्रो. प्रियव्रत पटनायक और विभिन्न विभागों के प्रोफेसरों द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सतीश कुमार सामल एवं श्री अशोक कुमार नायक ने किया

ऐंटोड फार्मास्युटिकल्स ने लोगों में नेत्रदान को बढ़ावा देने के लिये राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। सरकार द्वार हर साल 25 से 8 सितंबर तक पंद्रह दिवसीय राष्ट्रीय नेत्रदान दिवस मनाया जाता है। सरकार की इस मुहीम का समर्थन करने के लिए ऐंटोड फार्मास्युटिकल्स नेत्रदान के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने और लोगों को अपनी मौत के बाद नेत्रदान को प्रोत्साहित करने के लिए आज से पूरे देश में अभियान चला रहा है। ऐंटोड ने इस अभियान को प्लेग माइ आइज नाम दिया है। इस अभियान का फोकस प्रत्येक भारतीय को अपनी आंखें दान करने और वास्तविक बदलाव लाने को अपना परम कर्तव्य समझाना है। ऐंटोड फार्मास्युटिकल्स देश भर के प्रमुख नेत्र रोग विशेषज्ञों के साथ साझेदारी कर रहा है ताकि लोगों को नेत्रदान की जरूरत के बारे में शिक्षित करके उनके द्वारा खुद से बिना किसी पैसे के नेत्रदान को बढ़ावा दिया जा सके। इस पहल का लक्ष्य देश भर में 20 मिलियन से अधिक लोगों को नेत्रदान से लाभांन्वित करना है। इस अभियान में कई सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर ने भी इस नेक काम के लिये अपना पूरा समर्थन देने का संकल्प लिया है। भारत में लगभग 68 लाख लोग कम से कम एक आंख में कॉर्नियल ब्लाइंडनेस से पीड़ित हैं और इनमें से 10 लाख लोग दोनों आंखों से अंधे हैं। हर साल देश में कॉर्नियल ब्लाइंडनेस से पीड़ित लगभग 75,000 लोग दुबारा अपनी देखने की क्षमता को पाने में सक्षम नहीं हो पाते हैं। इसके पीछे मुख्य वजह यह है कि हमारे देश में लोगों द्वारा कॉर्निया कम दान दिया जाता है। आंख की बीमारियों से पीड़ित लगभग एक लाख मरीजों में से केवल 25,000 ही कार्निया ट्रांसप्लांटेशन कराने में सक्षम हो पाते हैं। दान की हुई कार्निया की कमी देश में एक गंभीर चिंता का विषय है। भारत में अंधेपन से पीड़ित 10 मिलियन लोगों में से दो मिलियन से ज्यादा लोग कॉर्नियल ब्लाइंडनेस से प्रभावित हैं और उनमें से 60% 12 वर्ष से कम उम्र के बच्चे हैं। जैसा कि सभी जानते हैं कि केवल एक मृत व्यक्ति का नेत्रदान ही इस समस्या से पार पाने में मदद कर सकता है और अंधे व्यक्ति की नजर को वापस ला सकता है। इसके अलावा भारत में केवल 435 फंक्शनल आई बैंक (इबीएस) और नेत्रदान केंद्र (इडीसीएस) हैं, जो राष्ट्रीय दृष्टिहीनता नियंत्रण कार्यक्रम (एनपीसीबी) के अनुसार दान की गई आंखों को इकट्ठा और बांटने का काम करते हैं। यह आंकड़ा हर 30 लाख जनसंख्या पर लगभग 1 इबी/इडीसी के बराबर है। इनमें से अधिकांश आइ बैंक और नेत्रदान केंद्र शहरी क्षेत्रों में स्थित हैं। इसके अलावा देश के कुछ प्रदेश नेत्रदान के मामले में भी पीछे हैं। महाराष्ट्र 74 नेत्र बैंकों के साथ पहले नम्बर है। महाराष्ट्र ने मार्च 2015 से जुलाई 2018 तक 23,311 नेत्रदान को अंजाम दिया है। इस दौरान तेलंगाना (दो नेत्र बैंक, 27,725 दान हुए), तमिलनाडु (38 नेत्र बैंक, 37,898 दान हुए), और गुजरात (29 नेत्र बैंक, 26,759 दान हुए) हैं। पश्चिम बंगाल में 1865 और उड़ीसा में 1263 नेत्रदान की तुलना में असम में 2017-2018 के दौरान केवल 158 नेत्रदान ही हुए। ऐंटोड फार्मास्युटिकल्स के सीइओ निखिल के मासुरकर ने कहा, ₹भारत में अंधापन होने का प्रमुख कारण कार्नियल ब्लाइंडनेस है। लेकिन अगर कार्नियल ट्रान्सप्लान्टेशन किया जाए तो इस तरह के अंधेपन को रोका जा सकता है लेकिन अफसोस की बात यह है कि भारत में दान की हुई कार्निया की बहुत ज्यादा कमी है। इसलिए नेत्रदान के बारे में जागरूकता और नेत्रदान को परम कर्तव्य समझने की इच्छा होना समय की जरुरत बन गया है। राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़े के अवसर पर हम देश भर में नेत्रदान जागरूकता अभियान चलायेंगे।

डी गैंग पर 90 लाख इनाम: एनआइए ने पहली बार सभी की ताजा फोटो जारी की

पर दाऊद की वही पुरानी तस्वीर मिली

आजाद सिपाही संवाददाता

मुंबई। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने दाऊद इब्राहिम और डी कंपनी से जुड़े लोगों के बारे में जानकारी देने वालों को इनाम देने का ऐलान किया है। एनआइए ने गुरुवार को इनामी राशि की लिस्ट जारी की। इसमें दाऊद पर 25 लाख का इनाम रखा गया है। इसके अलावा छोटा शकील की जानकारी देने पर 20 लाख इनाम की घोषणा की गई है। लिस्ट में दाऊद, छोटा शकील, अनीस इब्राहिम, जावेद चिकना और टाइगर मेमन का नाम है। ऐसा पहली बार है कि ठक्अ ने सार्वजनिक तौर पर इतने बड़े इनाम का ऐलान किया है। खास बात ये भी है कि पहली बार इन लोगों की पुरानी और नयी तस्वीरें एक साथ जारी की गई हैं। हालांकि दाऊद की नयी फोटो नहीं है। उसकी वही फोटो जारी की गई है, जो 1993 मुंबई धमाकों के बाद कई सरकारी एजेंसियों ने जारी की थी।



पहले गृह मंत्रालय ने नहीं बतायी थी इनाम की राशि

शॉर्ट फिल्में बनाने वाले प्रोड्यूसर उल्हास पी. रेवंकर ने साल 2016 में गृह मंत्रालय में एक आरटीआइ दायर कर दाऊद और उसके गैंग के सदस्यों पर जारी इनाम की राशि बताने की मांग की थी। तब गृह मंत्रालय ने जवाब दिया था-'ऐसी कोई सूचना उपलब्ध नहीं है।' इस जवाब से रेवंकर संतुष्ट नहीं हुए और उन्होंने चीफ पब्लिक इंफॉर्मेशन ऑफिसर को अपील कर दी। हालांकि उनका भी कोई जवाब नहीं मिला था।

मुंबई में गैंग फिर एक्टिव

एनआइए को मुंबई में ड्रग्स और अवैध प्रॉपर्टी के जरिये टेरर फंडिंग के सबूत मिले हैं। इसके पीछे अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम का सिंडिकेट काम कर रहा है। क्रककी मदद से आतंक का नया मॉड्यूल तैयार किया जा रहा है। एनआइए की खुफिया रिपोर्ट के मुताबिक दाऊद गैंग के लोग पाकिस्तान के सपोर्ट वाले आतंकी संगठनों तक फंड पहुंचा रहे हैं। इस वजह से मुंबई, ठाणे और आसपास के इलाकों में फिरौती, सट्टेबाजी, बिल्डरों को धमकी और ड्रग्स का कारोबार बढ़ा है।

रिशक्ति कोर के जवान बने देवदूत, भूस्खलन में फंसी महिलाओं और बच्चों सहित 74 पर्यटकों को बचाया

एजेंसी

गंगटोक। सिक्किम में भारतीय सेना भूस्खलन में फंसे पर्यटकों के लिए देवदूत बनकर आये। सेना ने उत्तरी सिक्किम में युमथांग घाटी में एक ग्लेशियर के फटने के बाद हुए भीषण भूस्खलन में फंसी महिलाओं और बच्चों सहित 74 पर्यटकों को बचाया है। रक्षा सूत्रों के बयान के अनुसार किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। जानकारी के मुताबिक युमथांग घाटी से लगभग 19 किलोमीटर दूर बड़े भूस्खलन की घटना के बारे में जानकारी मिली। जानकारी मिलते ही त्रिशक्ति कोर के सैनिकों ने बुधवार को तुरंत मौके पर पहुंचकर फंसे हुए पर्यटकों को बचाया। सेना ने घटना की ट्वीट करके फोटो भी शेयर की है। सेना के जवानों ने लकड़ी के तख्तों और रस्सियों से एक फुटपाथ बनाया। पर्यटकों को बचाने के लिये एक मानव श्रृंखला बनाई गई। इसके साथ ही फंसे हुए पर्यटकों को सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया और भोजन और आवश्यक चिकित्सा प्रदान की गई।

study MBBS in ABROAD
RUSSIA GEORGIA POLAND EGYPT
KAZHAKASTAN UZBEKISTAN
Get Direct Admission in
Top Government Medical Universities
of ABROAD.
UNIVERSITY FLY
Call Now !
✆ +91-7903149721
www.universityfly.com

Go global with
RANCHI
INIFD
The Cradle of Designers
26 Yrs. Legacy
100% JOB PLACEMENT ASSISTANCE
Fashion Design
Interior Design
Inter National Institute of Fashion Design
Kataruka House, Beside Hotel Sartaj, Main Road, Ranchi-1 (Jharkhand)
P : 0651-2999991 M : 9934611000 E : inifd.ranchi01@gmail.com W: www.inifd.in

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि०
राँची

Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–
Based on JCERT

Class - VIII		Classes VI & VII	
* Class VIII Today (Combined)	₹ 250	* Class VII Today (Combined)	₹ 240
* Class VIII Today (English Medium)	₹ 280	* Class VI Today (Combined)	₹ 240
* Mathematics Practical	₹ 60		
* Science Practical	₹ 60		
* S. Science Practical	₹ 60		
* Hindi Vyakaran– I	₹ 60	• Hindi Vyakaran– I	₹ 60
* English Grammar– I	₹ 60	• English Grammar– I	₹ 60
* Sanskrit Vyakaran– I	₹ 50	• Sanskrit Vyakaran– I	₹ 50

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

जय माता दी
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त रेखा शास्त्र • अंक शास्त्र
पं शशि कांत मिश्रा
पता :- लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, ऑपोजिट भुतपुर्व बारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

अविराम ए ग्रुप ऑफ इंस्टीटयुशंस
(मान्यता एवं संबद्धता रांची वि.वि., जैक, एनपीयू, पी.सी.आई., JSPC, JNRC एवं चिह्नित NCTE भुवनेश्वर उड़ीसा)
टिको, कुड़ू, लोहरदगा एवं हुटाप, चंदवा, लातेहार (झारखंड)
इंटर एवं स्नातक पास बालक/बालिकाएं शीघ्र प्रवेश लें एवं B.ed के अतिरिक्त अन्य में सीधे प्रवेश हेतु आवेदन करें
झारखंड स्टेट एवं रांची विश्वविद्यालय में टॉपर देने वाले संस्थान में प्रवेश का सुनहरा अवसर
ए.एन.एम A.N.M | डी.फार्मेसी D.Pharmacy | बी.एड. B.Ed. | बी.एस.सी. नर्सिंग B.Sc Nursing | डी.एल.एड D.El.Ed
FACILITIES : SCHOLARSHIP ◆ BUS & HOSTEL FACILITY ◆ CAMPUS PLACEMENT ◆ WELL EQUIPPED LAB ◆ ONLINE ADMISSION PAYMENT & ONLINE CLASS FACILITY

Coming Soon Paramedical Courses
◆ Diploma in Operation Theater
◆ DMLT ◆ Dresser
URGENT REQUIREMENT
◆ B. Sc Nursing/ M.Sc Nursing Pass
◆ D. Pharma/ B. Pharmacy Pass
◆ B.Ed & M.Ed in (Science/Literature Social Science)
Send resume within 3 days in 7782054270
संपर्क कीजिए : 7782054270, 8987470640 | www.aviramcollege.com, www.aviramcollegeofnursing.com
bedcollege2011@gmail.com/aviram.gv@gmail.com

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**